100 प्रमुखस्वामी महाराज शताब्दी महोत्सव

वर्ष : 4 अंक: 49 मूल्य : 4 रू.

RNI No. -DELHIN/2019/78266

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

# मदरलैण्ड वॉइस

सोमवार, 24 अक्टूबर 2022

राष्ट्र प्रेमियों का दैनिक समाचार पत्र

दिल्ली से प्रकाशित एवं जयपुर, लुधियाना, चंडीगढ़, पटना, रायपुर, देहरादून, शिमला में प्रसारित

## रामलला के दर्शन और उसके बाद राजा राम का अभिषेक, ये सौभाग्य रामजी की कृपा से ही मिलता है: मोदी

पटना, एजेंसी। अयोध्या के दीपोत्सव कार्यक्रम में पीएम मोदी ने हिस्सा रविवार को हिस्सा लिया। इस दौरान लोगों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि रामलला के दर्शन और उसके बाद राजा राम का अभिषेक, ये सौभाग्य रामजी की कृपा से ही मिलता है। जब श्रीराम का अभिषेक होता है तो हमारे भीतर भगवान राम के आदर्श, मूल्य और दृढ़ हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृतकाल में भगवान राम जैसी संकल्प शक्ति, देश को नई ऊंचाई पर ले जाएगी। भगवान राम ने अपने वचन में, अपने विचारों में, अपने शासन में, अपने प्रशासन में जिन मूल्यों को गढ़ा, वो सबका साथ-सबका विकास की प्रेरणा हैं और सबका विश्वास-सबका प्रयास का आधार हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भगवान राम, मयार्दा पुरुषोत्तम कहे जाते हैं। मयार्दा, मान रखना भी सिखाती है और मान देना भी,और मयार्दा, जिस बोध की आग्रह होती है, वो बोध कर्तव्य ही है। राम किसी को पीछे नहीं छोड़ते हैं। राम कर्तव्य-भावना से मुख नहीं मोड़ते। इसलिए, राम, भारत की उस भावना के प्रतीक हैं, जो मानती है कि हमारे अधिकार हमारे कर्तव्यों से स्वयं सिद्ध हो जाते हैं। नरेंद्र मोदी ने कहा कि लाल किले से मैंने सभी



देशवासियों से पंच प्राणों को आत्मसात करने का आह्वान किया है।इन पंच प्रांणों की ऊर्जा जिस एक तत्व से जुड़ी है, वो है भारत के नागरिकों का कर्तव्य। आज अयोध्या नगरी में, दीपोत्सव के इस पावन अवसर पर हमें अपने इस संकल्प को दोहराना है, श्रीराम से सीखना है।

## सैनिक किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं : रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट



नई दिल्ली, एजेंसी। देश की रक्षा के लिए भारतीय सैनिक पूरे तरह से कटिबद्ध हैं यह बात रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने शनिवार को कही। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना का मनोबल बहुत ऊंचा है और सैनिक कभी भी किसी भी स्थिति से निपटने के लिए हर दम तैयार रहते हैं। भट्ट ने कहा कि भारतीय सैनिकों ने संकट की परिस्थितियों में हमेशा मुंहतोड़ जवाब दिया है। रक्षा राज्य मंत्री ने उत्तरी कमान में ध्रुव युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करने और देश के लिए प्राण न्यौछावर करने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के बाद अपने संबोधन में कहा, आज हमारे जवानों का मनोबल बहुत ऊंचा है। हम किसी भी समय किसी भी स्थिति से निपटने के लिए हमेशा तैयार हैं।

उन्होंने कहा कि जब भी देश को किसी संकट या आपदा के समय किसी भी स्थिति का सामना करना पड़ता है तो सैनिकों ने मुंहतोड़ जवाब दिया है। भट्ट ने कहा किआज देश में स्थिति बदल गई है। विकास की दृष्टि से नकारात्मक विचार सकारात्मक विचारों में बदल गए हैं। उन्होंने केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख की सीमाओं की सुरक्षा करने और आंतरिक सुरक्षा की स्थिति को स्थिर रखने के लिए हमेशा युद्ध की स्थिति में रहने के लिए उत्तरी कमान की सराहना की।

एक रक्षा प्रवक्ता के मुताबिक, केंद्रीय मंत्री ने उधमपुर में उत्तरी कमान के मुख्यालय का दौरा किया, जहां उन्हें सुरक्षा और अभियान चलाने की स्थिति के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत की और रक्षा संबंधी विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। भट्ट ने उत्तरी कमान के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी की मौजूदगी में शौर्य दिवस (इन्फेंट्री डे) मोटरसाइकिल रैली को भी झंडी दिखाकर रवाना किया। 1947-48 के युद्ध के दौरान भारतीय सेना के श्रीनगर पहुंचने के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में बाइक रैली का आयोजन किया गया है। रैली का समापन 27 अक्टूबर को यहां राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर होगा। मंत्री ने बाद में राष्ट्रीय कैडिट कोर (एनसीसी) की लड़कियों से भी बातचीत की।


### संक्षिप्त समाचार

## भारत की सामरिक शक्ति से दुनिया प्रभावित, 16 राष्ट्रों ने एलसीए तेजस की जानकारी मांगी

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत ने सैन्य संसाधनों में आत्मनिर्भरता की ओर सफलता के आयाम रचना शुरू कर दिए है। देश में लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट यानी एलसीए तेजस एमके2 बनाने का काम प्रगति पर है। फिलहाल, इस रफ्तार को बढ़ाए जाने की योजना तैयार की जा रही है। खबर यह भी है कि दुनिया के 16 राष्ट्रों ने तेजस के बारे में जानकारी मांगी है। कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी (सीसीएस) की तरफ से एलसीए एमके 2 को सितंबर में मंजूरी मिली थी। फिलहाल, इस लड़ाकू विमान की डिजाइन और विकास पर काम जारी है। जानकारी के अनुसार, एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी में एलसीए एमके2 प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉक्टर वी मधुसूदन राव कहते हैं, ह्यपहले ही 16 देशों की तरफ से विमान को लेकर जारी पूछताछ के बीच केंद्र सरकार की तरफ से उत्पादन दर बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है।ह्व उन्होंने बताया कि इसके लिए हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के अलावा अन्य एजेंसियों की भी पहचान की जा रही है। उन्होंने जानकारी दी कि सरकार ने कीमत में कमी और निर्यात के लिए बेहतर मौकों के लिए अच्छी कीमत सुनिश्चित करने की मांग की है। भारतीय वायुसेना से मिग-29, मिराज 2000 और जगुआर बेड़े के विमानों की विदाई के बाद एलसीए तेजस एमके2 स्क्वाड्रन में उनकी जगह लेगा।

**सभी पाठकों को दीवाली की हार्दिक शुभकामनाएं।**

दिवाली के कारण प्रेस बंद रहेगा इसलिए अगला अंक 26/10/2022 को आएगा।



## जनता महंगाई से परेशान, उन्हें नेताओं की तरह मुफ्त सुविधाएं क्यों नहीं मिलनी चाहिए : केजरीवाल

नई दिल्ली, एजेंसी। रेवड़ी बांटने से टैक्सपेयर्स दुःखी होते हैं। पीएम नरेंद्र मोदी की यह बात एक बार फिर दिल्ली के सीएम और आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल को चुभ गई है। केजरीवाल ने पीएम मोदी के वीडियो को ट्वीट करते हुए कई सवाल दागे हैं। उन्होंने कहा कि जनता महंगाई से परेशान है और उन्हें नेताओं की तरह मुफ्त सुविधाएं क्यों नहीं मिलनी चाहिए। उन्होंने मुफ्त रेवड़ी को जनता का अपमान भी बताया।

अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट किया, 'लोग महंगाई से बहुत ज्यादा परेशान हैं। जनता को मुफ्त शिक्षा, मुफ्त इलाज, मुफ़्त दवाइयां, बिजली क्यों नहीं मिलनी चाहिए? नेताओं को भी तो इतनी फ्री सुविधायें मिलती हैं। कितने अमीरों के बैंकों के कर्जे माफ कर दिए। बार-बार मुफ्त रेवड़ी बोलकर जनता का अपमान मत कीजिए।' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनीति में ह्यरेवड़ी संस्कृतिह्व की आलोचना करते हुए कहा कि देश में एक बड़ा वर्ग इससे मुक्ति दिलाने के लिए कमर कस रहा है। पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़े एक कार्यक्रम में कहा कि जब टैक्सपेयर्स को लगता है कि उसका पैसा सही जगह पर लग रहा है तो वह खुश होता है और ज्यादा टैक्स देता रहता है। आज देश के टैक्सपेयर्स को यह संतोष है कि कोरोना काल में करोड़ों लोगों की मदद करके वह कितनी बड़ी सेवा का काम कर रहा है।



पीएम मोदी ने किसी पार्टी या नेता का नाम लिए बिना आगे कहा कि टैक्सपेयर जब यह देखता है कि उससे वसूले गए रुपयों से मुफ्त की रेवड़ी बांटी जा रही है, तो करदाता सबसे ज्यादा दुखी होता है। उन्होंने कहा कि इसे लेकर अनके करदाता उन्हें खुलकर चिट्ठी लिख रहे हैं। मोदी ने कहा कि उन्हें खुशी है कि देश में एक बड़ा वर्ग रेवड़ी संस्कृति से मुक्ति दिलाने के लिए कमर कस रहा है।

## राजीव गांधी फाउंडेशन को चीन व जाकिर नाइक की संस्था ने चंदे के रूप में दी मोटी रकम : संबित पात्रा

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने रविवार को राजीव गांधी फाउंडेशन का एफसीआरए लाइसेंस रद्द कर दिया है। गृह मंत्रालय ने 2020 में गठित एक अंतर-मंत्रालयी समिति की जांच के बाद यह कार्रवाई की है। केंद्र सरकार के इस फैसले पर अबतक कांग्रेस या गांधी परिवार की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। वहीं दूसरी ओर, भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने इस मसले पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आरोप लगाया कि राजीव गांधी फाउंडेशन ने एक दो नहीं बल्कि 3-3 बार चीन की कम्युनिस्ट पार्टी से डोनेशन लिया था। जाकिर नाइक की संस्था इस्लामिक रिसर्च फाउंडेशन से भी मोटी रकम चंदे के रूप में ली है। संबित पात्रा ने राजीव गांधी फाउंडेशन का एफसीआरए लाइसेंस रद्द करने के केंद्र के फैसले का स्वागत किया और गांधी परिवार पर गंभीर आरोप लगाए। पात्रा ने कहा राजीव गांधी फाउंडेशन ने चीन से एक दो नहीं बल्कि 3-3 बार चीन की कम्युनिस्ट पार्टी और चीन की एंबेसी से चंदा लिया था। उस समय इस फाउंडेशन की अध्यक्ष सोनिया गांधी हैं, जबकि ट्रस्टी राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा हैं। चीन की सरकर की तरफ से राजीव गांधी फाउंडेशन के पास डोनेशन के रूप में करोड़ों रुपए आए थे। पात्रा ने आरोप लगाया कि जब डोकलाम मुद्दे पर भारत-चीन का स्टैंडऑफ हुआ था तब चीनी तंबू के नीचे कैसे गांधी परिवार का कुनबा पकड़ा गया था, यह सबने देखा था। संबित पात्रा ने केंद्र सरकार के इस फैसले के लिए उनका धन्यवाद भी किया। संबिता पात्रा ने गांधी परिवार से सवाल किया कि आखिर चीन के बीजिंग में हुए बीजिंग ओलंपिक में पूरा का पूरा गांधी परिवार क्यों गया था। इसमें सोनिया-राहुल और प्रियंका गांधी के अलावा रॉबर्ट वाड्रा भी शामिल थे। सोनिया गांधी की मौजूदगी में राहुल गांधी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच एक करार हुआ था। इसके बाद से ही राजीव गांधी फाउंडेशन को चीन की सरकार से चंदा मिलना शुरू हो गया था। इस संस्था से 50 लाख से ज्यादा रकम ली गई थी। पात्रा ने कहा कि भला हो यह खुलासा सबके सामने आया और कांग्रेस का राज जनता के सामने आ सका। गांधी परिवार पर हमलावर संबित पात्रा ने कहा गांधी परिवार ने राजीव गांधी फाउंडेशन के नाम पर जाकिर नाइक की संस्था इस्लामिक रिसर्च फाउंडेशन से चंदे के रूप में मोटी रकम ली थी।

## तेलंगाना पंहुची राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा'

हैदराबाद, एजेंसी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' 45 दिन बाद रविवार को तेलंगाना पहुंच गई है। गांधी कर्नाटक के रायचूर से निकलने के बाद रविवार सुबह तेलंगाना में महबूबनगर जिले के गुडेबेलूर पहुंचे। कांग्रेस नेता के आज सुबह कृष्णा नदी पुल पार कर तेलंगाना के गुडबेलूर में पहुंचने पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रेवंत रेड्डी, पार्टी प्रभारी माणिक्यम टैगोर, सीएलपी नेता बत्ती विक्रमार्क, कांग्रेस सांसद उत्तम कुमार रेड्डी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकताओं ने उनका स्वागत किया। राहुल गांधी हालांकि कुछ किलोमीटर पैदल चलने के बाद आज सुबह 11 बजे दीपावली के लिए नई दिल्ली रवाना होंगे और वह नवनिर्वाचित कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। पार्टी सूत्रों ने बताया कि 24, 25 और 26 अक्टूबर को यात्रा में विराम के बाद 27 अक्टूबर की सुबह गुडेबेलूर से यात्रा फिर से शुरू होगी।

पार्टी सूत्रों के अनुसार गांधी तेलंगाना में 12 दिनों तक रहेंगे और 17 विधानसभा और सात संसदीय क्षेत्रों को कवर करते हुए 375 किलोमीटर पैदल यात्रा करेंगे। उन्होंने कहा कि 04 नवंबर को विश्राम का दिन होगा और यह यात्रा 07 नवंबर को महाराष्ट्र में प्रवेश करेगी।

कांग्रेस नेता एक दिन में 20-25 किलोमीटर पैदल यात्रा करेंगे और उनके साथ हजारों संख्या में लोगों के शामिल होने का अनुमान है। रास्ते में वह विभिन्न समुदायों के नेताओं, छात्रों और प्रसिद्ध लोगों से मिलेंगे। पार्टी द्वारा 01 नवंबर को नेकलेस रोड पर एक विशाल जनसभा करने की तैयारियां की जा रही है। इस दौरान कांग्रेस नेता चारमीनार में भाग्यलक्ष्मी मंदिर में पूजा-अर्चना भी करेंगे। उनकी यात्रा सूची में मस्जिदों की यात्रा भी शामिल है।

## 200 करोड़ के ठगी मामले में जैकलीन की कोई भूमिका नहीं, उन्हें इसमें बेवजह घसीटा गया : सुकेश चंद्रशेखर

मुंबई, एजेंसी। महाठग सुकेश चंद्रशेखर 200 करोड़ की ठगी मामले में इन दिनों दिल्ली के मंडोली जेल में बंद है। बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज भी इस पूरे मामले में सवालों के घेरे में हैं। एक्ट्रेस की कई तस्वीरें सुकेश चंद्रशेखर के साथ सामने आई थीं, जिसके बाद से वह लगातार इस केस को लेकर चर्चा में हैं। इस बीच, सुकेश की अपने वकील को लिखी चिट्ठी सुर्खियों में है।

अपने इस लेटर में सुकेश ने बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस को लेकर भी बड़ा खुलासा किया है। महाठग ने अपने लेटर में लिखा है, 200 करोड़ के ठगी मामले में जैकलीन का कोई रोल नहीं है। हालांकि, उसने यह भी बताया है कि उसने जैकलीन को महंगे गिफ्ट जरूर दिए थे। सुकेश ने अपने पत्र में बताया कि उसने अभिनेत्री को कार भी दी थी और ये सब उसने अभिनेत्री को रिलेशनशिप में होने के तौर पर ही दिए थे। सुकेश ने अपने पत्र में यह भी दावा किया कि रैनबैक्सी के पूर्व मालिक की बेल के लिए पैरवी करने के लिए उन्हें 200 करोड़ दिए गए थे।

सुकेश ने अपनी चिट्ठी में लिखा यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जैकलीन को घसीटा जा रहा है, उन्हें आरोपी बनाया जा रहा है। मैंने पहले भी साफतौर पर बताया है कि हम रिलेशनशिप में थे और इसी रिश्ते के चलते मैंने जैकलीन को गिफ्ट्स दिए थे। इसमें उनका या उनके परिवार का कोई दोष नहीं है। जैकलीन ने मुझसे प्यार करने और मेरे साथ खड़े रहने के अलावा कुछ नहीं मांगा। जैकलीन और उनके परिवार पर जो भी पैसे मैंने खर्च किए, वह कानूनी तौर पर कमाया गया था और जल्दी ही ट्रायल कोर्ट में यह साबित भी हो जाएगा।

सुकेश ने अपने पत्र में दावा किया है कि इस पूरे मामले में जैकलीन और उनके परिवार को जबरन घसीटा जा रहा है। सुकेश ने लिखा आने वाले समय में यह साबित हो जाएगा कि ठगी मामले में जैकलीन या उनके परिवार का कोई हाथ नहीं है। उनकी कोई गलती नहीं है। सुकेश ने यह भी कहा कि वह जल्दी ही जैकलीन और उनके परिवार को वह सब लौटा देंगे, जो उन्होंने खोया है। उल्लेखनीय है कि जैकलीन फर्नांडीज को दीपावली के मौके पर कोर्ट से राहत मिल गई है। क्योंकि, उनकी अंतरिम जमानत 10 नवंबर तक के लिए बढ़ा दी गई है।

## सेना भवन में कार्यरत कर्मचारी हनीट्रैप का शिकार, प्रेमिका निकली पाकिस्तानी जासूस

नई दिल्ली, एजेंसी। सेना के महत्वपूर्ण पदों पर विराजमान लोगों के हनीट्रैप के शिकार होने की खबरें अक्सर सुनने में आती रहती हैं पर अब ताजा मामले ने चौंका दिया राजधानी दिल्ली के सेना भवन में कार्यरत एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी रवि प्रकाश मीणा को विश्वास नहीं हो पा रहा है कि उसने जिस महिला से प्यार किया, वह पाकिस्तानी एजेंट थी। हनीट्रैप (मोहपाश) में फंसे 31 वर्षीय मीणा पर सेना से जुड़ी संवेदनशील एवं रणनीतिक जानकारी साझा करने का आरोप है और वह इस समय जेल में है। मीणा के मामले की जांच से जुड़े एक खुफिया अधिकारी ने यहां बताया कि मीणा फेसबुक के जरिए एक युवती का दोस्त बना और वह उसके 'प्यार में पागल' था।

राजस्थान में करौली जिले के सपोटारा के रहने वाले मीणा को अक्टूबर के पहले सप्ताह में पकड़ा गया था। वह 2017 के बाद से राज्य पुलिस द्वारा इस तरह के मामलों में गिरफ्तार ऐसा 35वां व्यक्ति है, जिसे इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) समेत पाकिस्तानी एजेंट के हनीट्रैप में फंसकर संवेदनशील जानकारी साझा करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। मीणा के मामले से जुड़े अधिकारी ने कहा, पाकिस्तानी एजेंट ने खुद को पश्चिम बंगाल में तैनात भारतीय सेना अधिकारी अंजलि तिवारी के रूप में पेश किया। मीणा को गिरफ्तारी के बाद भी और सबूतों को देखकर भी विश्वास नहीं हो रहा था कि वह महिला एक पाकिस्तानी एजेंट थी। राजस्थान के पुलिस महानिदेशक (खुफिया) उमेश मिश्रा ने आठ अक्टूबर को मीणा की गिरफ्तारी के बाद बताया था कि मीणा महिला के साथ सेना संबंधी गोपनीय और रणनीतिक जानकारी साझा कर रहा था।

मिश्रा ने बताया था कि महिला एजेंट ने मीणा को अपने मोहपाश में फंसाकर और धनराशि का प्रलोभन देकर सामरिक महत्व के तहत वगीर्कृत दस्तावेज मांगे थे और आरोपी ने ये दस्तावेज सोशल मीडिया के माध्यम से पाकिस्तानी एजेंट को मुहैया कराए और बदले में उसके बैंक खाते में धन राशि डाली गई। राजस्थान पुलिस के आंकड़ों के अनुसार, इस तरह के मामलों में 2017 के बाद से अब तक आम नागरिकों और सुरक्षा कर्मियों सहित 35 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इनमें से 2017 में छह, 2019 में पांच, 2020 में पांच, 2021 में आठ और इस साल अब तक 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया। मिश्रा ने पीटीआई-को बताया, पहले मामलों में लोग पैसे के बदले गोपनीय और रणनीतिक जानकारी प्रदान करते थे, लेकिन अब यह देखा जा रहा है कि लोगों को फंसाया जा रहा है, भावनात्मक रूप से ब्लैकमेल किया जा रहा है और फिर पैसे के बदले में जानकारी मांगी जा रही है।

पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक, गिरफ्तार किए गए 35 लोगों के खिलाफ 2017 से अब तक कुल 26 मामले दर्ज किए गए हैं। इन गिरफ्तार लोगों में 10 सुरक्षाकर्मी और 25 नागरिक हैं। एक खुफिया अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर कहा कि पहले हनीट्रैप करके और फिर पैसे देकर संवेदनशील जानकारी हासिल करने का चलन 2019 से पाकिस्तानी एजेंट का पसंदीदा तरीका बन गया है। इस साल की शुरूआत में, जोधपुर में सेना की एक इकाई में तैनात उत्तराखंड के मूल निवासी 24 वर्षीय प्रदीप कुमार को रिया नाम की एक महिला पाकिस्तानी एजेंट ने हनीट्रैप में फंसाया था। इस मामले से जुड़े एक अन्य खुफिया अधिकारी ने बताया कि कुमार को मई में गिरफ्तार किया गया था और महिला एजेंट ने उसे बताया था कि वह बेंगलुरु के सैन्य अस्पताल में तैनात एक लेफ्टिनेंट कर्नल है। अधिकारी ने कहा, वह रिया से शादी करना चाहता था। उसने वीडियो कॉल के जरिए कुमार को अपने परिवार से मिलवाया था और उसने उसकी बहन से बात की थी।

उन्होंने कहा, 'महिला एजेंट ने कुमार को काम पर उसकी दिनचर्या के बारे में बताया था और सहकर्मियों के साथ लड़ाई और बहस आदि की भी चर्चा की थी। कुमार ने उसके साथ सहानुभूति रखते हुए उसे ड्राफ्ट और दस्तावेज तैयार करने में मदद करनी शुरू की। बाद में कुमार ने उसे दस्तावेजों और सैन्य इकाइयों की तस्वीरें भेजना शुरू कर दिया।' अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, अपनी गिरफ्तारी के चार दिन के बाद भी और अपराध के बारे में जानकारी दिए जाने के बाद भी कुमार को विश्वास नहीं हो रहा था कि वह जिस महिला से प्यार करता है, वह उसके साथ ऐसा कर सकती है।

## कर्नाटक की विविधतापूर्ण संस्कृति को भाजपा ने विकृत किया : राहुल

रायचूर, एजेंसी। कर्नाटक में 'भारत जोड़ो यात्रा' के 22 दिवसीय चरण को पूरा करने के बाद राहुल गांधी ने राज्य सरकार पर हमला बोला और आरोप लगाया कि राज्य में 40 फीसदी कमीशन सरकार चल रही है और इसकी विविध संस्कृति को विकृत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत की विकास गाथा का नेतृत्व करने वाला राज्य अब '40 प्रतिशत कमीशन' सरकार के लिए जाना जाता है। हर विभाग में करप्शन है।

सूट, बूट, लूट सरकार के भाजपा के मॉडल का यह उदाहरण है। अभूतपूर्व पैमाने पर भ्रष्टाचार है वेतन नौकरियों के लिए, अनुबंधों के लिए भुगतान, सार्वजनिक सेवाओं के लिए भुगतान करें। कर्नाटक में भाजपा के लिए ऐसा कुछ भी नहीं है जो बिक्री के लिए नहीं है। सामाजिक सद्भाव और सार्वजनिक क्षेत्र का क्षरण आर्थिक प्रगति को पंगु बना रहा है और गरीबों और कमजोरों को मार रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि इसके लोगों की असीम क्षमता को पंगु बनाया जा रहा है। बढ़ती लागत अनिश्चित पैदावार और कीमतों में उतार-चढ़ाव के कारण हर क्षेत्र से फसल उगाने वाले किसान अपना परिवार चलाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा बार-बार प्रयासों के बावजूद अपनी आकांक्षाओं को पूरा करने वाले अवसरों को खोजने में युवा आज असमर्थ हैं। छोटे उद्यमी अपर्याप्त या बिना समर्थन के दुकान बंद कर रहे हैं और एक बाजार जो कुछ बड़े खिलाड़ियों के पक्ष में झुका हुआ है। मनरेगा श्रमिक, महिला श्रमिक, बुनकर और कई अन्य लोग घटती आय की ओर देख रहे हैं।

समाज के वंचित वर्ग और अल्पसंख्यकों को नफरत और हिंसा के बढ़ते ज्वार का सामना करना पड़ता है। भाषाओं, विविध संस्कृतियों और राज्य के इतिहास को विकृत और नष्ट किया जा रहा है।

# लोगों की जिंदगी बचाना हमारी प्राथमिकता: गोपाल राय

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण पर जहां खुलकर अपनी राय रखी है, वहीं युवाओं से अपील की है कि वह पटाखे ना जलाएं। उन्होंने कहा कि जब हमारे पूर्वजों ने दिवाली की परिकल्पना की थी, उस समय पटाखे नहीं थे। कहा कि धर्म चाहे जो हो, सबकी प्राथमिकता लोगों की जिंदगी बचाना है। अब हमें तय करना हे कि हम प्रदूषण बढ़ाने वालों में हैं या फिर कम करने वालों में। उन्होंने पटाखों को लेकर हो रही राजनीति पर टिप्पणी से इंकार किया। कहा कि राजनीति उनको मुबारक, हमारी प्राथमिकता तो लोगों की जिंदगी बचाना है। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली में हर साल सर्दियों में प्रदूषण का स्तर बढ़ता है। हम दिवाली भी हर साल मनाते हैं। लेकिन अब दिवाली के अवसर पर दिल्ली के अंदर के प्रदूषण को




रोकना होगा। उन्होंने युवा वर्ग से अपील की कि वह पटाखे न जलाएं। बुजुर्गों और बच्चों के स्वास्थ्य का हवाला देते हुए कहा कि हर साल दिवाली के बाद लोगों को सांस लेने में दिक्कत होने लग रही है। खासतौर पर बुजुर्गों और बच्चों पर ज्यादा असर हो रहा है। इसलिए अब यह निर्णय लेने का समय है कि हम पटाखे जलाकर हम प्रदूषण बढ़ाने वालों में शामिल होना चाहते हैं या पटाखों का बहिस्कार कर प्रदूषण कम करने वालों में। मंत्री गोपाल राय ने कहा कि वह पटाखों को लेकर हो रही राजनीति पर कुछ नहीं कहना चाहते। राजनीति करने वालों को उनकी राजनीति मुबारक। उनकी प्राथमिकता लोगों की जिंदगी बचाना है और वह पूरा प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर कुछ लोग कोर्ट भी गए थे। कोर्ट ने अपने फैसले में सबकुछ साफ कर दिया है। इसलिए अब इस मुद्दे पर डिबेट की कोई जगह नहीं बचती। उन्होंने कहा कि प्रदूषण की वजह से जब आंखें जलती हैं, तो वो नहीं पूछतीं कि हिंदू हो या मुसलमान या ईसाई।

## मिस्त्री ने निष्पक्षता से संपन्न कराया कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव, जयराम रमेश ने की टीएन शेषन से तुलना

नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव में कई बातें बेहद खास रहीं। पार्टी के अध्यक्ष पद के लिए 22 साल बाद चुनाव कराया गया। पार्टी के 136 साल के इतिहास में यह अध्यक्ष पद का छठा चुनाव था और चुनाव में भाग लेने वाले दोनों प्रतिद्वंद्वियों के अलावा एआईसीसी के केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण के अध्यक्ष के रूप में मधुसूदन मिस्त्री भी चर्चा में रहे। कांग्रेस का विश्वासपात्र चेहरा माने जाने वाले मधुसूदन मिस्त्री ने अपनी निष्पक्ष और असंदिग्ध छवि को बरकरार रखते हुए कांग्रेस अध्यक्ष पद का चुनाव संपन्न कराने की अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाई। उनकी निष्पक्षता और कार्य प्रणाली के प्रति सख्ती का यह आलम था कि उन्हें सहयोगी नेताओं ने ह्यपार्टी के टी एन शेषनह्ल का खिताब दे दिया था।

अध्यक्ष पद के उम्मीदवार शशि थरूर भी उन्हें निष्पक्ष सोच वाला व्यक्ति बताते हैं। उनके चुनावी तेवर इस कदर सख्त थे कि कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने मिस्त्री की तुलना पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त टीएन शेषन से की थी। उन्होंने कहा था मिस्त्री सख्त और ईमानदार हैं तथा निष्पक्ष, स्वतंत्र और पारदर्शी चुनाव कराने में सक्षम हैं। उन्होंने कहा मुझे उनके निर्देश के बाद 3 प्रवक्ताओं के इस्तीफे दिलाने पड़े, ताकि वे एक उम्मीदवार के लिए प्रचार कर सकें।

मधुसूदन मिस्त्री का जन्म 3 जनवरी 1945 को अहमदाबाद के असरवा में देवाराम गोपालराम और तुलसी बेन के यहां हुआ था। उन्होंने स्थानीय स्कूल में शिक्षा ग्रहण करने के बाद भूगोल में एमए किया और अहमदाबाद में ही कॉलेज व्याख्याता के रूप में कार्य शुरू किया। शिक्षण कार्य करते हुए उन्होंने 1969 में प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार किया। उस समय उनकी छवि एक मजदूर नेता की थी। अगले वर्ष वह शिक्षण छोड़कर पूरी तरह मजदूर नेता के तौर पर सक्रिय हो गए और अहमदाबाद के कपड़ा मजदूर संघ से जुड़ गए। वर्ष 1977 में मिस्त्री एक स्कॉलरशिप पर ऑक्सफोर्ड गए और वहां डेवलेपमेंट स्टडीज का एक कोर्स किया। 1979 में वापस आने के बाद उन्होंने ऑक्सफेम के साथ फील्ड ऑफिसर के तौर पर 5 साल तक काम किया और 1985 में उन्होंने दलितों, वनकर्मियों, आदिवासी महिलाओं और मजदूरों के कल्याण के लिए एक गैर सरकारी संगठन ह्यदिशाह्ल की स्थापना की। उनके संगठन ने गुजरात में अपने लक्षित समूहों के लिए बेहतरीन कार्य किया।

साल 1996 में भाजपा नेता शंकर सिंह वाघेला ने पार्टी से बगावत करके राष्ट्रीय जनता पार्टी (आरजेपी) का गठन किया तो मिस्त्री उनसे जुड़ गए और दो वर्ष बाद जब आरजेपी का कांग्रेस में विलय हुआ तो वह कांग्रेस के सदस्य बन गए। मिस्त्री 2001 में साबरकांठा लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में कांग्रेस के टिकट पर 13वीं लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### आप ने संबित पात्रा को इंडियन टूरिज्म डेवलपमेंट कमीशन के चैयरमेन के पद से हटाने की मांग की

नई दिल्ली, एजेंसी। आम आदमी पार्टी की विधायक आतिशी सिंह ने केंद्र सरकार के पर्यावरण मंत्री जी कृष्ण रेड्डी जी को पत्र लिख संबित पात्रा को इंडियन टूरिज्म डेवलपमेंट कमीशन चैयरमेन के पद से हटाने की मांग की है। पात्रा को 30 नवंबर 2021 को इंडियन टूरिज्म डेवलोपमेंट कमीशन का चैयरमेन बनाया गया था। आतिशी ने कहा कि पब्लिक सर्वेंट की सबसे महत्वपूर्ण शर्त ये है कि वो किसी राजनीतिक दल से जुड़ा हुआ नहीं हो सकता है, ना किसी पार्टी के लिए प्रचार या किसी पार्टी को प्रोमोट कर सकता है। पब्लिक सर्वेंट होने के बावजूद पात्रा बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता बने हुए हैं। सर्विस रूल के मुताबिक पब्लिक सर्वेंट किसी दल से नहीं जुड़ा हो सकता है। संबित पात्रा जी बहुत सारे ट्वीट अपने दफ़्तर से ट्वीट करते पाए जाते हैं। संबित पात्रा को हटाने के लिए जी किशन रेड्डी और सीवीसी को पत्र लिखा है।

### रेवड़ी की बात कर केजरीवाल यमुना प्रदूषण से लोगों का ध्यान भटकाने का काम कर रहे हैं-आदेश गुप्ता



नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि केजरीवाल हमेशा से ही अपने किए वायदों से मुकरते रहे हैं और हर साल दीपावली और छठ पूजा से पहले यमुना मां की सफाई कराने की जगह कोई नया राग अलापना शुरू कर देते हैं। छठ पूजा जो कि पूर्वांचलवासियों के लिए ही नहीं बल्कि पूरे देश में मनाया जाने वाला एक पावन पर्व है और इस पर रोक लगाने की पूरी कोशिश केजरीवाल सकरार द्वारा की जा रही है। इसलिए यमुना मां की सफाई कराने के लिए उन्होंने कोई खास काम नहीं किया होगा। आदेश गुप्ता ने कहा कि जिस तरह से केजरीवाल ने मुफ्त की रेवड़ी की बात कर एक बार फिर से प्रदूषित होती मां यमुना की सफाई ना करने की अपनी नाकामियों से लोगों का ध्यान भटकाने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि जनता को आपकी मुफ्त की रेवड़ी नहीं बल्कि सांस लेने के लिए साफ हवा चाहिए, अपने धार्मिक उत्सव जैसे छठ पूजा हेतु यमुना साफ चाहिए। अगर टैक्सपेयर्स का पैसा रेवड़ी बांटने के बजाए सही जगह प्रदूषण को नियंत्रण करने के लिए किया गया होता तो आज दिल्ली का चैंबर नहीं बनता। आदेश गुप्ता ने कहा कि केजरीवाल सरकार ने हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को हमेशा से ही ठेस पहुंचाने का काम किया है। एक तरफ तो वे पटाखों पर रोक लगाकर दिवाली जैसे पावन पर्व को मनाने से रोकने का काम करते हैं जबकि उनके ही मंत्री अपने घर के सामने पटाखे जलाते हुए वीडियो बना रहे हैं। आखिर इस तरह की हिंदू विरोधी और धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली मानसिकता को लेकर केजरीवाल कब तक दिल्लीवालों को धोखा देते रहेंगे।

## दिवाली, छठ में घर लौटने की जल्दी टूटे कोरोना प्रोटोकॉल



नई दिल्ली, एजेंसी। त्योहारों के सीजन में प्रवासियों के घर लौटने का सिलसिला जारी है। कई जगहो पर घर लौटने की जल्दी में बस या ट्रेन पकड़ने वालों की काफी भीड़ नजर आ रही है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली स्थित आनंद विहार मेट्रो स्टेशन के फुटओवर ब्रिज पर लोगों की भारी भीड़ नजर आई। दिवाली और छठ पूजा के दौरान अपने घर आने के लिए बस या ट्रेन पकड़ने वाले लोगों की यहां भारी भीड़ नजर आई। इस भारी भीड़ के बीच बड़ी लापरवाही भी नजर आ रही है। कई लोग यहां अहम सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करते हुए भी नजर आए। लोग बस अड्डों और रेलवे स्टेशनों पर अपने सिर पर भारी सामान लेकर घंटो कतार में खड़े नजर आए। घर लौट रहे एक शख्स सत्यपाल ने कहा, ह्यमुझे बुलंदशहर जाना है। मैं करीब आधे घंटे से कतार में थे। यह त्योहारों के सीजन में अक्सर होता है। मैंने अपना मोबाइल और पैसा अपने बैग के घर अदंर लिया है क्योंकि अक्सर इस तरह की भीड़ में पैसे और मोबाइल के गायब हो जाने का खतरा रहता है। देखते हैं मुझे बस मिलती भी है या नहीं।ह्ल इस दौरान कुछ लोगों ने किराये में बढ़ोतरी की शिकायत की तो कुछ लोगों का यह भी कहना था कि कम दूरी के लिए ट्रांसपोर्ट की सुविधा नहीं है। आनंद विहार बस स्टैंड पर मौजूद एक अन्य यात्री विजेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा, ह्यत्योहारों के मौसम में बस का किराया दोगुना हो जाता है लेकिन मैं ट्रेन से भी नहीं जा सका। फेस्टिव ट्रेन सिर्फ लंबी दूरी के लिए ही चलते हैं। देश में स्वास्थ्य की स्थिति को देखते हुए अपने घर लौट रहे कई लोगों ने मास्क तक नहीं पहना था और अन्य जरूरी सुरक्षा उपायों की भी इस भीड़ में अनदेखी हो रही है। बस स्टैंड में बस पकड़ने वाले लोगों की लाइन मेट्रो स्टेशन के पास से ही शुरू हो जा रही है। लोगों के सिर पर बैंग हैं लेकिन ज्यादातर लोगों ने मास्क तक नहीं पहना था। बता दें कि विश्व स्वास्थ्य संगठन की प्रमुख वैज्ञानिक सौम्या स्वामीनाथन ने शुक्रवार को ही चेताया था कि एक्सबीबी के 300 से ज्यादा सब- वेरिएंट हो सकते हैं जो बेहद ही चिंता का विषय है। पिछले ही सप्ताह स्वास्थ्य विभाग ने भी एक उच्च स्तरीय बैठक की थी। इस बैठक में स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने उच्च अधिकारियों के साथ बैठक कर ओमिक्रटन के नए सब-वेरिएंट पर चर्चा की थी। यह फैसला लिया गया था कि कोरोना महामारी से बचने के लिए मास्क को जारी रखने और कोविड-अनुरूप व्यवहार को आगे भी जारी रखने का फैसला किया गया था। देश में कोरोनावायरस के अलावा दिल्ली में त्योहारों के सीजन में बढ़ रहा प्रदूषण भी चिंता का सबब बना हुआ है।

## अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शिक्षाविद डॉ0 नीरज खत्री ने के आर मंगलम यूनिवर्सिटी में संभाला प्रोफेसर एवं डीन का कार्यभार

» विजय गौड़ ब्यूरो चीफ



अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वरिष्ठ शिक्षाविद और शोधकर्ता प्रोफेसर डॉ. नीरज खत्री पत्रकारिता और जनसंचार के क्षेत्र में किसी परिचय के मोहताज नहीं है। उन्हें मीडिया अकादमिक और उद्योग में पंद्रह वर्षों से अधिक का अनुभव रखने वाले डॉ. खत्री ने पत्रकारिता और जनसंचार विभाग, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला से दिल्ली की मलिन बस्तियों में एचआईवी/एड्स जागरूकता पर मास मीडिया के प्रभाव पर पीएचडी पूरी की। उनके कई शोध पत्र प्रतिष्ठित शोध पत्रिकाओं और पुस्तकों में प्रकाशित हुए हैं। मास मीडिया पर उनकी पांच पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। उन्होंने भारत और विदेशों में बावन से अधिक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठियों और सम्मेलनों में भाग लिया है। डॉ. खत्री गूगल न्यूज इनिशिएटिव इंडिया ट्रेनिंग नेटवर्क 2018 द्वारा एक गूगल प्रमाणित ट्रेनर हैं। डॉ नीरज खत्री को 01 फरवरी, 2019 को मुंबई, अकादमिक में संयुक्त सोसाइटी फॉर एजुकेशन, रिसर्च एंड डेवलपमेंट द्वारा सर्वश्रेष्ठ अकादमिक प्रशासक पुरस्कार 2019 से सम्मानित किया गया है। शिक्षा के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्ट सेवाओं का प्रमाण है अनेकों राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कार जिनमें प्रमुख है इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ऑर्गनाइज्ड रिसर्च, क2डफ, चंडीगढ़ द्वारा लीडर अवार्ड 2018 और पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया जयपुर चैप्टर द्वारा 2016 में मास कम्युनिकेशन टीचिंग एक्सीलेंस अवार्ड ` डॉ खत्री इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर मीडिया जैसे छह अंतर्राष्ट्रीय मीडिया संगठनों के सक्रिय सदस्य रहे हैं।, शिक्षण में उनकी रुचि के क्षेत्र मीडिया अनुसंधान, विकास संचार, मीडिया सांस्कृतिक अध्ययन, मीडिया साक्षरता और रिपोर्टिंग हैं। उनकी सक्षम प्रशासनिक योग्यता एवं प्रखर प्रतिभा पर उन्हें स्कूल ऑफ मास्स कम्युनिकेशन एवं जर्नलिज्म के.आर. मंगलम विश्वविद्यालय, गुरुग्राम, प्रोफेसर और डीन के रूप में कार्यभार सौंपा हैं

## सभी अपने धर्मों का हो सम्मान ना करें आलोचना: इंद्रेश

नई दिल्ली, एजेंसी। राजधानी दिल्ली में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य इंद्रेश कुमार शनिवार को हजरत निजामुद्दीन दरगाह पहुंचे। जहां दरगाह पर पहुंचकर उन्होंने पहले चादर चढाई और दिवाली से पहले मिट्टी के दीये जलाए। इस दौरान उन्होंने कहा कि निजामुद्दीन दरगाह परिसर के अंदर ह्यमिट्टी के दीयेह्ल जलाना शांति, समृद्धि और सांप्रदायिक सद्भाव का संदेश देता है। बता दें कि, इंद्रेश कुमार आरएसएस के राष्ट्रीय मुस्लिम मंच के संरक्षक हैं। इसके साथ ही मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने देश में शांति और समृद्धि का आह्वान किया। आरएसएस नेता इंद्रेश कुमार कल दिल्ली के हजरत निजामुद्दीन दरगाह पहुंचे थे। जहां पर उन्होंने सूफी संतों की दरगाह पर फूल और चादर भी चढ़ायी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि दिवाली का त्यौहार भारत सहित दुनियाभर में मनाया जाता है। यह हर घर में सुख और समृद्धि लाता है। ये त्यौहार सभी धार्मिक मतभेदों और प्रांतों के बीच के मतभेदों को मिटा देता है। साथ ही भारत तीर्थों, त्योहारों और मेलों की भूमि है। उन्होंने कहा कि हर त्योहार हमें सिखाता है कि हमें कट्टरता, द्वेष, नफरत, दंगे या युद्ध नहीं चाहिए। हम शांति, सद्भाव और भाईचारा चाहते हैं वहीं, मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के संरक्षक इंद्रेश कुमार ने कहा कि किसी को भी धर्म परिवर्तन और हिंसा करने के लिए मजबूर नहीं किया जाना चाहिए। सभी को अपने धर्म और जाति का पालन करना चाहिए। इसके अलावा दूसरे के धर्मों की आलोचना और अपमान न करें। जब देश में सभी धर्मों का सम्मान किया जाएगा, तो देश पत्थर बनाने वाले कट्टरपंथियों से मुक्त होगा। तो देश शुक्रवार को पत्थरवार बनाने वाले कट्टरपंथियों से आजाद हो जाएगा। भारत एकमात्र ऐसा देश है जो सभी धर्मों का सम्मान करता है और स्वीकार करता है।

## आप सरकार ने लोकायुक्त की रिपोर्ट देने में की तीन साल की देरी





नई दिल्ली, एजेंसी। उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने कहा है कि उन्हें दिल्ली सरकार की ओर से लोकायुक्त की रिपोर्ट तीन साल की अत्यधिक देरी से मिली। उन्होंने कहा कि जन विश्वास का सरंक्षक होने के नाते दिल्ली सरकार को उचित सतर्कता दिखानी चाहिये। सक्सेना ने इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखा। उप राज्यपाल ने पत्र में लिखा है कि मैं सलाह देना चाहूंगा कि संबंधित मंत्री का जनहित के ऐसे महत्वपूर्ण मामलों का तर्कसंगत समय में उचित तरीके से निस्तारण करने के लिए मार्गदर्शन किया जाए। ताकि विधानसभा के सामने इसे रखने का कानूनी उद्देश्य बेमानी नहीं हो। उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने कहा है कि उन्हें दिल्ली सरकार की ओर से लोकायुक्त की रिपोर्ट तीन साल की अत्यधिक देरी से मिली। उन्होंने कहा कि जन विश्वास का सरंक्षक होने के नाते दिल्ली सरकार को उचित सतर्कता दिखानी चाहिये। सक्सेना ने इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखा। उप राज्यपाल ने पत्र में लिखा है कि मैं सलाह देना चाहूंगा कि संबंधित मंत्री का जनहित के ऐसे महत्वपूर्ण मामलों का तर्कसंगत समय में उचित तरीके से निस्तारण करने के लिए मार्गदर्शन किया जाए। ताकि विधानसभा के सामने इसे रखने का कानूनी उद्देश्य बेमानी नहीं हो।

## 2932 सिगरेट जितना प्रदूषण फैलाती है सांप की एक गोली, चकरी-फुलझड़ी-अनार सभी खतरनाक



नई दिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में प्रदूषण का स्तर बढ़ता ही जा रहा है। दीपावली के दौरान प्रदूषण तेजी बढ़ने से हालात गंभीर हो जाते हैं। इसी वजह से दिल्ली में पटाखों पर प्रतिबंध लगाया गया है, फिर भी बहुत से लोग पटाखे जलाते हैं। दिल्ली-एनसीआर में दिवाली के मौके पर घरों में पटाखे जलाने का प्रतिशत 5 साल में सबसे ज्यादा हो सकता है, क्योंकि हर 5 में से 2 परिवारों के इस गतिविधि में शामिल होने की संभावना है। एक सर्वेक्षण में यह जानकारी सामने आई है।

लोकल सर्किल की ओर से किए गए सर्वेक्षण के अनुसार, लगभग 10 प्रतिशत लोगों ने कहा कि वह पहले ही पटाखे खरीद चुके हैं। 20 प्रतिशत ने कहा कि उन्होंने एनसीआर के अन्य शहरों से पटाखे खरीदे हैं, यह दशार्ता है कि ऐसी वस्तुओं की बिक्री पर प्रतिबंध नहीं है। यह स्थिति चिंताजनक है। अगर आप पटाखों से होने वाले प्रदूषण को हल्के में ले रहे हैं तो गलत हैं। पटाखे और अन्य उत्पाद प्रदूषण का प्रमुख कारण होते हैं। सांप की एक गोली जलाने से 64,500 माइक्रोग्राम/क्यूबिक मीटर पार्टिकल्स बाहर निकलते हैं, जो कि 2932 सिगरेट जलाने के बराबर है। जब आप एक सिगरेट जलाते हैं तो पीएम2।5 के 22 माइक्रोग्राम/क्यूबिक मीटर पार्टिकल्स निकलते हैं। ऐसे में सांप की गोली को भी खतरनाक प्रदूषक उत्पाद माना जाना चाहिए।

इसी तरह 1000 बम की लड़ी जलाई जाए तो 38,540 माइक्रोग्राम/क्यूबिक मीटर पार्टिकल्स बाहर निकलते हैं, जो कि 1752 सिगरेट जलाने के बराबर है। इसका मतलब है कि इतनी सारी सिगरेट से निकले पीएम2।5 के प्रदूषणकारी तत्व के बराबर एक 1000 बम की लड़ी है। एक हंटर बम जलाने पर 28,950 माइक्रोग्राम/क्यूबिक मीटर पार्टिकल्स निकलते हैं, जो 1316 सिगरेट जलाने के बराबर हैं।


फुलझड़ी हममें से अधिकांश लोग हल्के में लेते हैं। माना जाता है कि इससे प्रदूषण नहीं होता, लेकिन यह गलत है। एक फुलझड़ी जलाने पर 10,390 माइक्रोग्राम/क्यूबिक मीटर पार्टिकल्स निकलते हैं, जो 472 सिगरेट जलाने के बराबर है। दिवाली पर कई लोग चकरी जलाना पसंद करते हैं। एक चकरी जलाने पर 9,490 माइक्रोग्राम/क्यूबिक मीटर पार्टिकल्स निकलते हैं, जो कि 431 सिगरेट जलाने के बराबर है।

अनार बच्चों-बड़ों सबका पसंदीदा उत्पाद है। एक अनार जलाने पर 4,860 माइक्रोग्राम/क्यूबिक मीटर पार्टिकल्स निकलते हैं, जो 221 सिगरेट जलाने के बराबर है। इसलिए हवा को और अधिक प्रदूषित होने से बचाना है तो हमें दीपावली पर पटाखों से दूर ही रहना होगा।



## कार्यालय नगर परिषद्
झुन्झुनूं (राजस्थान)





क्रमांक :- न.प.झु./भूमि/2022-23/ दिनांक :-

### समस्त शहरवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

प्रशासन शहरों के संग अभियान-2021 के अंतर्गत नई कॉलोनीयों के ले-आउट अनुमोदन कर 90 'क' की कार्यवाही कर पट्टे जारी करने के संबंध में)

न.प.झु./भूमि/2022, नगर परिषद् झुन्झुनूं द्वारा नई कॉलोनियों का सर्वे कर तैयार किये गये ले-आउट प्लानों का अनुमोदन प्रशासन शहरों के संग अभियान-2021 के प्रकरणों के निस्तारण हेतु गठित एम्पावर्ड कमेटी की बैठक दिनाक 15.10.2022 में किया गया है, जिनकी 90 क की कार्यवाही कर आम जनता को पट्टे दिये जाऐंगे। अनुमोदित ले-आउट प्लान एवं शामिल खसरे निम्न प्रकार हैं-

1. **'श्याम नगर गुढा रोड भाग 09'** राजस्व ग्राम झुंझुनूं के ख. सं. 3570, 3577, 3579, 3580,, 3581, 3582, 3588, 3638, 4131, 3582
2. **'श्याम नगर गुढा रोड भाग 11'** राजस्व ग्राम झुंझुनूं के ख. सं. 3576, 3636,3637, 3638, 3639, 3641, 3652, 4646/3653
3. **'श्याम नगर गुढा रोड भाग 12'** राजस्व ग्राम झुंझुनूं के ख. सं. 3642, 3642, 3684, 3649, 3650, 3634, 3640, 3641, 3643, 3647, 3651
4. ''शिव कॉलोनी पार्ट -II'' राजस्व ग्राम झुंझुनूं के ख. सं. 2490, 2846, 2847, 2849, 2857, 2846/3937, 2487, 2489, 2555, 2556, 2845, 2847, 2854, 2855, 2856, 2859, 2861, 2867, 2868, 2869, 2870, 2448/3936, 3594/3933
5. ''अग्रसेन सर्किल भाग-II''समसपुर रोड के क्षेत्र' राजस्व ग्राम झुंझुनूं के ख. सं. 2412, 2413, 2416, 2418, 2421
6. ''अग्रसेन सर्किल भाग-III' बगड़ रोड के दक्षिण का भाग व छैलाराम नगर के आस पास का क्षेत्र'' राजस्व ग्राम झुंझुनूं के ख. सं. 2163, 2170-2173, 2178, 2181, 4118/2157, 4467/2181, 2122, 2136, 2157, 2164, 2166, 2167, 2175, 2176, 2178, 2179, 2182, 2183, 2184, 2186, 4252/2178, 4255/2176, 4256/2176, 4468/
7. '' शास्त्री नगर वारिसपुरा रोड, भाग-04'' राजस्व ग्राम झुंझुनूं के ख. सं. 850, 851, 852/972, 838, 839, 852, 853
8. '' शास्त्री नगर वारिसपुरा रोड, भाग-03'' राजस्व ग्राम खीदरसर के ख. सं. 839, 842, 843, 844 एवं ग्राम वासिरापुरा के ख.सं. 82, 83, 84, 80, 81
9. '' शास्त्री नगर वारिसपुरा रोड, भाग-05'' राजस्व ग्राम खीदरसर के ख. सं. 854, 855, 837, 852, 853
10. '' शास्त्री नगर वारिसपुरा रोड, भाग-01'' राजस्व ग्राम खीदरसर के ख. सं. 808, 812, 818, 1007/808, 1132/818, 1133/818, 782/952, 781, 810, 811, 810/967, 812/966, 1079/808
11. '' शास्त्री नगर वारिसपुरा रोड, भाग-06'' राजस्व ग्राम खीदरसर के ख. सं. 833836, 1071/832, 1072/833, 836/1001, 837-839

(नगमा बानो)
सभापति नगर परिषद्, झुंझुनूं

उपसभापति एवं समस्त पार्षदगण
नगर परिषद्, झुंझुनूं

(दलीप पूनियां)
आयुक्त, नगर परिषद्, झुंझुनूं

## संक्षिप्त समाचार

### शहीद रोहिताश्व का अंतिम संस्कार आज

मदरलैंड संवाददाता, झुंझुनूं। जिले के उदयपुरवाटी तहसील के पोसाणा गांव के निवासी नायक रोहिताश्व कुमार नं0 15792735 दिनांक 21 अक्टूबर को अरूणाचल प्रदेश में ड्यूटी के दौरान शहीद हो गये हैं। शहीद का पार्थिव देह 23 अक्टूबर को देर रात पैतृक गांव पोसाणा पहुंचेगा। जिला कलेक्टर लक्ष्मण सिंह कुड़ी ने बताया कि शहीद का दाह संस्कार पैतृक गांव पोसाणा तहसील उदयपुरवाटी, जिला झुन्झुनू में 24 अक्टूबर को पूर्ण राजकीय सम्मान के साथ दोपहर 12:15 बजे किया जाएगा।

### कुरैश समाज का सातवां जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह 01 नवम्बर को

मदरलैंड संवाददाता, झुंझुनूं। अल कुरैश वेलफेयर सोसायटी की और से आयोजित कुरैशी समाज का सांतवा जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह 01नवम्बर को सामुदायिक विकास भवन में आयोजित किया जायेगा। सोसायटी के सदस्य मोहम्मद मोहसिन कुरैशी ने बताया की सम्मान समारोह में शामिल होने के लिए आवेदन पत्र निर्धारित स्थान के प्रभारी को जमा करवाने की अंतिम तिथि 23 अक्टूबर है। महमूद अली सैय्यद ने बताया कि सोसायटी के पदाधिकारियों द्वारा जिले के लगभग 58 गांवों, कस्बों और क्षेत्रों का लगातार जनसंपर्क कर पात्र अभ्यार्थियों के आवेदन पत्र भरवा रहे हैं और समाज के लोगों को समारोह में शिरकत की दावत भी दे रहे है। वसिम ने बताया कि प्रतिभा सम्मान समारोह में जिन्होंने वर्ष 2020 और 2022 में 10 वीं -12 वीं में 75 प्रतिशत परन्तु वर्ष 2021 में 80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हों। स्नातक में 55, स्नातकोत्तर में 50, डिप्लोमा कोर्स में 50, व्यवसायिक शिक्षा में 60 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हों। सभी चिकित्सा पद्धति उत्तीर्ण, नीट-आइआइटी और एनआइटी चयनित। कुर्आन हाफि ज, आलिम और मुफ्ती तथा जिन्होंने राज्य- राष्ट्रीय खेल, एनसीसी प्रमाण पत्र और स्काउट गाइड में राज्यपाल से सम्मानित हुए आदि आवेदन कर सकते हैं।

### शराब के नशे में युवक ने लगाई फांसी

मदरलैंड संवाददाता, मैनपुरी। थाना क्षेत्र के गांव जगतपुर में बीती रात्रि बंद कमरे के अंदर एक युवक ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली मामले की जानकारी होने पर परिवारी जनों ने पुलिस को सूचना दी ।पुलिस ने जंगला को तोड़कर कमरे के अंदर घुस कर शव को रस्सी से नीचे उतारा उसके पास से एक देसी शराब का क्वार्टर बरामद हुआ है पुलिस ने शब का पंचनामा भर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है। गांव जगतपुर निवासी रवि उम्र 40 वर्ष पुत्र कृपाल सिंह शराब पीने का आदी था रात्रि में शराब पीने के बाद कमरे को बंद कर लिया साथ ही उसी में रखी एक रस्सी से फांसी का फंदा लगाकर झूल गया परिवार के लोगों ने देर रात्रि में जब देखा कि वह बाहर निकल कर नहीं आया। अंदर से कुंडी लगी थी जंगले से जाकर देखा तो शव लटक रहा था आनन-फानन में पुलिस को सूचना दी गई रात्रि में ही थाना अध्यक्ष बिछवा अमित सिंह गांव जगतपुर पहुंचे जंगला तोड़कर पुलिस कर्मचारी अंदर घुसे हुए रस्सी से टगे हुए शव को नीचे उतारा उसके पास एक देसी शराब का क्वार्टर बना है पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### अवैध देसी राइफल सहित अधेड़ गिरफ्तार

मदरलैंड संवाददाता, मैनपुरी। थाना क्षेत्र के गांव लहरा के समीप से पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक देशी रायफल सहित एक अधेड़ को गिरफ्तार किया है जिसे लिखा पढ़ी कर जेल भेज दिया। गांव लहरा में मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने हर प्रसाद पुत्र रामलाल कश्यप को एक देशी रायफल व दो कारतूस सहित गिरफ्तार किया है जिसे लिखा पढ़ी कर जेल भेज दिया

गैंगस्टर के आरोपी को तमंचे सहित किया गिरफ्तार

मदरलैंड संवाददाता, मैनपुरी। बिछवा थाना पुलिस ने गैंगस्टर के एक आरोपी को मुखबिर की सूचना पर भनऊ पुल के समीप से गिरफ्तार किया है जिसके पास एक 315 बोर का तमंचा व कारतूस बरामद हुआ है पुलिस ने लिखा पढ़ी कर उसे जेल भेज दिया है थाना अध्यक्ष अमित सिंह ने बताया कि मुखबिर ने सूचना दी कि गैंगस्टर मामले का एक वांछित आरोपी भनऊ पुल के समीप खड़ा है मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने विशाल पुत्र महेश चंद्र निवासी देव रामपुर थाना मऊ दरवाजा जिला फरुर्खाबाद को गिरफ्तार कर लिया है जिसके पास से 315 बोर हुआ है ।पुलिस ने लिखा पढ़ी कर जेल भेज दिया है ।

### विश्वंभर पूनिया के जन्मदिवस पर प्रधानमंत्री व प्रदेशाध्यक्ष ने दी संदेश पत्र द्वारा बधाई

मदरलैंड संवाददाता , झुंझुनूं। भाजपा राष्ट्रीय परिषद प्रतिनिधि विश्वंभर पूनिया को उनके जन्मदिवस पर रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने शुभकामनाओं के संदेश पत्र भेज कर बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भेजे संदेश में विश्वंभर पूनिया के उज्ज्वल भविष्य की कामना की तो प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने अपने भेजें संदेश पत्र में शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए ईश्वर से उनके दीघार्यु व उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। विश्वंभर पूनिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया का आभार जताया है।

### जिला में दीपावली पर्व की पूर्व संध्या पर लोगों की भीड़ देखने को मिली

मदरलैंड संवाददाता, नूंह/मेवात। जिला में रविवार को दीपावली पर्व की पूर्व संध्या पर लोगों ने छोटी दिवाली पर्व मनाते हुए जमकर खरीददारी की। इस मौके पर लोगों ने अपने घरों को देशी दीपो के साथ-साथ रंग भी रंगी लाईटों की लडियां जलाकर सजावट कर रखी थी। लोग मिठाई, उपहार, राशन, साज- सज्जा, प्रसाद, खील-बतासे, फूल आदि की दुकानों पर खरीददारी के लिए टूट रहे थे। दीपावली के मौके पर सरकार के आतिशबाजी पर पाबंदी व लोगों द्वारा पटाखा रहित त्यौहार मनाने के लिए की गई अपील का कोई भी असर देखने को नही मिल रहा था। पर्व पर इस बार भी महंगाई की मार पड़ रही थी। जिला में पर्व के मौके पर किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए पुलिस प्रशासन ने चौकसी बनाई हुई थी। कई सामाजिक लोगों की माने तो कोई भी त्यौहार हो फिजूल खर्ची करने के बजाये किसी गरीब की कुटिया में जाकर खुशियां बांटने से त्यौहार का और महत्व बढ़ जाता है।

# श्री चित्रगुप्त महाराज की शोभायात्रा में आगरा, कन्नौज, अलीगढ़ की झांकियां बढ़ाएं की शोभायात्रा की शोभा

## जयंती समारोह पर आज हुआ कैरम तथा कला प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

» अजय सक्सेना, मदरलैंड संवाददाता







मैनपुरी। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा दीपावली पर होने वाली शोभायात्रा के कार्यक्रम के उपलक्ष्य में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता की अध्यक्षता, अध्यक्ष एड० राजीव कुमार कुलश्रेष्ठ ने की। महासभा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डा० चंद्र मोहन सक्सेना ने कहा कि भगवान श्री चित्रगुप्त जी महाराज की शोभायात्रा 26-10-2022 को दिन बुधवार, शाम 5 बजे से किला बजरिया मैनपुरी से प्रारम्भ होगी। नगर अध्यक्ष निखिल कुदेशिया ने कहा कि इस बार की शोभा यात्रा बहुत ही भव्य होगी क्योंकि प्रदेश के प्रमुख स्थानों जैसे आगरा,कन्नौज,अलीगढ़ आदि स्थानों से झाकियां आ कर शोभायात्रा की शोभा भड़ाएंगी, नगर कोषाध्यक्ष अमित जौहरी ने पत्रकारों का धन्यवाद करते हुए कहा पत्रकार समाज का चौथा स्तम्भ हैं, महासभा पत्रकारों का अभिनंदन करती है। युवा अध्यक्ष अनुज सक्सेना ने कहा महासभा सदैव कायस्थ कल्याण हेतु कार्य करती आई है और भविष्य में भी करती रहेगी। महासभा के मंत्री प्रमोद सक्सेना ने कहा शोभायात्रा 5 बजे किला बजरिया से प्रारंभ होकर, घंटाघर होते हुए, डाक खाने पहुंच कर, भीमसेन मंदिर से गुजरते हुए अपने गंतव्य स्थान श्री चित्रगुप्त मंदिर पर समापन होगा। नगर महामंत्री विकास नंदन कुलश्रेष्ठ ने मैनपुरी के समस्त कायस्थ बंधुओ से निवेदन किया की कृपया सभी कायस्थ बन्धु दिनांक 26-10-2022 को भगवान श्री चित्रगुप्त महाराज की भव्य शोभा यात्रा में आकर ऐतेहासिक शोभायात्रा के भगीदान बन, शोभा यात्रा को सफल बनाएं। वही आज अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के तत्वाधान में श्री चित्रगुप्त जयंती समारोह के अवसर पर कायस्थ सभा भवन घंटाघर मैनपुरी पर कैरम प्रतियोगिता तथा कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कैरम प्रतियोगिता का शुभारंभ 10:00 बजे से तथा 4 बजे कला प्रतियोगिता ₹स्व० श्री आदर्श किशोर बिहारवाल₹ की स्मृति में ₹ऋतु बिहारवाल₹ द्वारा व₹श्री त्रिवेणी सहाय कमठान₹ की स्मृति में ₹डा० पीयूष कमठान₹ द्वारा, संयोजक ₹नेहा हजेला₹ द्वारा प्रायोजित की गयी। कैरम प्रतियोगिता ₹स्व० श्री रघुनाथ प्रसाद हजेला₹ की स्मृति में ₹श्रीमती शोभा हजेला₹ द्वारा व ₹श्री विमल किशोर सक्सेना₹ की स्मृति में ₹राजेश्वरी देवी₹ द्वारा, संयोजक ₹निखिल कुदेशिया एड० (निक्कू)₹ द्वारा प्रायोजित की गयी।

इस अवसर पर शोभा हजेला ने कहा कि कैरम प्रतियोगिता बच्चों के मानसिक विकास के लिए बहुत उपयोगी है इससे बच्चों में एकाग्रता तथा लक्ष्य साधने की क्षमता का विकास होता है।

संतोष चंद्र हजेला ने कहा कि कैरम खेलने में जितना आसान लगता है उतना ही कठिन खेल है। कैरम एक बौद्धिक खेल है जिसमें अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित कर उसे हासिल करने की कला सीखते हैं।

अमित जौहरी ने कहा कि कैरम हमें संयम और किसी एक तरफ पूरी निष्ठा से शांतचित्त होकर ध्यान लगाने की शिक्षा देता है।

इस मौके पर राजू रंगशाला,संतोष चंद्र हजेला, सम्यक सक्सेना, शोभा हजेला, अजीत सक्सेना, निखिल कुदेशिया, सत्यम सक्सेना आदि ने माल्यार्पण कर कार्यक्रम का सुभारंभ किया तथा नितिन सक्सेना, अजय सक्सेना, रजत सक्सेना, राजीव जौहरी, राजू रंगशाला, ऋषिकांत सक्सेना, विकास कुलश्रेष्ठ, अमित जौहरी, मयंक प्रधान, अनमोल सक्सेना, शिवांश, कुशाग्र, दिव्यांश, विशाल, विदुशी, राधिका, शुभ सक्सेना, आयुष सक्सेना, ऋषभ सक्सेना,रजत सक्सेना, रोहित सक्सेना, अनिल सक्सेना आदि लोग उपस्थित रहे।

## अधीक्षण अभियंता ने रात्रि में परखी विद्युत व्यवस्था

» मदरलैंड संवाददाता



मैनपुरी। दीवाली के अवसर पर उपभोक्ताओ को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु विद्युत निगम अलर्ट मोड पर है इसी कृम में अधीक्षण अभियंता अतुल अग्रवाल जी ने देर रात्रि विभिन्न उपकेन्द्रो का निरीक्षण कर विद्युत व्यवस्थाओ को परखा अधीक्षण अभियंता महोदय ने सर्वप्रथम रात्रि 9:30 पर सिविल लाइन ग्रामीण, 10 बजे सिविल लाइन शहरी, 10:15 बजे देवी रोड़, 10:50 पर तालदरबाजा, 11:20 पर ज्योती रोड़ एवं 11:40 पर करहल रोड़ उपकेन्द्र का निरीक्षण किया उन्होने इस दौरान समीक्षा कर कड़े निर्देश दिये कि विद्युत आपूर्ति संबंधित शिकायतो में बिल्कुल भी लापरवाही ना बरती जाये जेई एवं लाइन स्टाफ उपकेन्द्रो पर अलर्ट मोड़ में तैनात रहे इमरजेन्सी स्थिति मे वैकल्पिक व्यवस्था का भी प्लान तैयार रखे, आपूर्ती संबंधित शिकायत मिलने पर शीघ्र ही निस्तारण सुनिश्चित करे उन्होने कहा कि लाइन स्टाफ अपने क्षेत्र में पेट्रोलिंग करते रहे, विद्युत आपूर्ती का अपडेट मण्डल कार्यालय में मॉनीटरिंग हेतु तैनात कन्ट्रोल रूम टीम को देते रहे। उन्होने इस दौरान एक्सईएन एवं एसडीओ से फोन पर वार्ता कर निर्देश दिये वे प्रति घंटे की विद्युत आपूर्ति का अपडेट नोट करते रहे। उन्होने स्पष्ट शब्दों में अवर अभियंताओ से कहा कि अगर विद्युत आपूर्ति में कोई लापरवाही प्राप्त हुई तो कडी कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी।

## चूणा चौक स्थित आशीर्वाद पैलेस पर महिलाओं द्वारा कार्तिक पूजा का प्रारंभ हुआ

» मदरलैंड संवाददाता



झुंझुनूं। शहर के चूणा चौक स्थित आशीर्वाद पैलेस पर रहने वाले परिवारों की महिलाओं द्वारा कार्तिक माह में सुबह- सुबह पूजा अर्चना की जा रही है। यह महिना दीपावली पूजन के अलावा अनेकों धार्मिक कार्यों के लिए भी उत्तम मास कहलाता है इस माह में सुबह उठकर पूजा पाठ के साथ तुलसी पूजन आदि करना बहुत श्रेष्ठ माना गया है है पूरे कार्तिक मास में लगभग 10 से 15 तरह की कहानियां प्रत्येक दिवस के अनुसार महिलाओं द्वारा पूजा पाठ के साथ सुनाई जाती है भजन कीर्तन किए जाते हैं आशीर्वाद पैलेस पर रहने वाले परिवार ना केवल धार्मिक अपितु सामाजिक सरोकारों में भी अग्रणी रहते हैं दीपावली, होली, स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस, गणेश पूजा, दुर्गा पूजा इत्यादि सभी कार्यक्रमों का आयोजन मिलजुल कर किया जाता है। तुलसी पौधों का वितरण, कंबल वितरण एवं अन्य सामाजिक सरोकारों में भी सभी परिवार अग्रणी भूमिका निभाते हैं

## आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के साथ जीवन शैली विज्ञान है - महामंडलेश्वर स्वामी अर्जुन दास



» सुनील कुमार शर्मा, मदरलैंड संवाददाता

झुंझुनूं। रविवार को सूचना केंद्र सभागार में जिला स्तरीय सप्तम राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस एवं धनवंतरी जयंती समारोह 2022 का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए महामंडलेश्वर स्वामी अर्जुन दास महाराज ने आयुर्वेद चिकित्सा की विशिष्ट विधाओं का उल्लेख करते हुए आयुर्वेद की चिकित्सा शैली विद्या को प्रकाशित किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजकुमार दांगी ने भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त छः चिकित्सा विधाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला एवं वर्तमान परिपेक्ष्य में विधाओं के समन्वय पर बल दिया। इस मौके पर जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु सिंह, महावीर इंटरनेशनल अपेक्स के उपाध्यक्ष श्री नितिन अग्रवाल एवं मरुधर हर्बल के प्रबंध निदेशक राजेन्द्र कुमार सारड़ा ने भी विस्तार से आयुर्वेद की उपादेयता पर प्रकाश डाला। आयुर्वेद विभाग झुंझुनू के उपनिदेशक डॉ सुभाष चन्द्र भारद्वाज ने समागम अतिथियों का स्वागत करते हुए धन्वंतरी जयंती व राष्ट्रीय आरोग्य दिवस के आयोजन की महत्ता को प्रकट किया। महामंडलेश्वर स्वामी अर्जुन दास महाराज के सानिध्य में भगवान धन्वंतरि की पूजा अर्चना के पश्चात भामाशाह व विभागीय कार्मिकों को सम्मानित किया गया। भामाशाह वर्ग में सेठ ताराचंद खेतान रामपुरा सहित कई लोग सम्मानित हुए। कार्यक्रम का संचालन डॉ जितेन्द्र स्वामी ने किया।

## जल भराव से निजात के लिए विधायक ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा

» मयंद मोहन, मदरलैंड संवाददाता



नूंह/मेवात। जिला में बेमौसमी बारिश से नूंह(मेवात) जिला के अधिकांश भूमि में जलभराव होने से रबी फसलों की बिजाई बुरी तरह से प्रभावित हो रही हैं, खासकर जिला में सर्वाधिक मात्रा में बोई जा रही सरसो की बिजाई एक माह से भी अधिक समय देरी हो गई है और बिजाई की अभी कोई उम्मीद नही हैं। बारिश का पानी नूंह शहर के घरों,प्लाटों में भी भरा हुआ है लेकिन प्रशासन को बार- बार समस्या समाधान के लिए जनप्रतिनिधियों व किसानों द्वारा देने के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई हैं। उधर, नूंह से कांग्रेस विधायक व विधायक दल के उप नेता आफताब अहमद ने रविवार दोपहर बाद डीसी केम्प हाउस में पहुंचकर जिला उपायुक्त अजय कुमार को जलभराव समस्या समाधान के लिए पत्र सौंपा। इस दौरान पुन्हाना से कांग्रेस विधायक व पूर्व मंत्री मोहम्मद इलियास, किसान मुमताज खान आदि के अलावा अन्य किसान भी मौजूद रहें। विधायक व उप नेता आफताब अहमद ने जिला उपायुक्त को पत्र सौंपने के दौरान कहा कि पहले भी जिला उपायुक्त व अन्य अधिकारियों से बैठक हुई थी, कुछ कदम उठाए भी गये थे। स्वयं विधायक दर्जन भर गांवों में गये थे और नुकसान का आंकलन किया था, सिंचाई विभाग के अधिकारी भी उनके साथ मौजूद थे। कब्रिस्तानों से पानी भी निकाला गया था लेकिन आज भी दो दर्जन गांव बेमौसम बारिश से जलभराव के कारण आगामी फसल की बुआई के लिए आशंकित हैं और संभावना बेहद कम है, इसका समाधान तुरंत किया जाए अन्यथा किसान अगली फसल से महरूम हो जाएंगे। विधायक आफताब अहमद ने जिला उपायुक्त को कहा कि आज भी कई स्कूलों, कब्रिस्तान, नूंह शहर व घरों में पानी भरा हुआ है इसे तुरंत संज्ञान में लेकर कारवाई की जाए, अगर समाधान समय पर नहीं किया गया तो डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियां फैल सकती है। विधायक आफताब अहमद ने खराब हुई फसल के मुआवजे की भी मांग की है और कहा कि पहले भी 30000 एकड भूमी पर खडी फसल खराब हो गई थी जिसका मुआवजा आज भी लंबित पडा है। मेवात के किसानों को उनका मुआवजा तुरंत दिया जाए।

इस बारे में जिला उपायुक्त ने माना कि नूंह से विधायक आफताब अहमद ने विगत दिनों हुई बेमौसमी बारिश हुए जलभराव समस्या से निदान के लिए पत्र सौंपा है और साथ ही दावा कर कहा कि समस्या समाधान के लिए संबंधित विभाग को निर्देश जारी किये गये हैं।

## देवसेना के जिलाध्यक्ष रोहिताश गुर्जर डोई ने देशवासियों को दी दिपावली की शुभकामनाएं

» मदरलैंड संवाददाता



झुंझुनूं। जिले के देवसेना संगठन के जिलाध्यक्ष रोहिताश गुर्जर डोई ने सभी देशवासियों को दिपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दीपावली का पर्व हिन्दू धर्म का सबसे बड़ा त्योहार है जो भारत में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। डोई ने देवसेना संगठन झुंझुनूं की तरफ से दिपावली की ढेरों शुभकामनाएं देते हुए परिवार जनों से अनुरोध किया है कि अपने बच्चों को पटाखें, आतिशबाजी आदि से सावधान रखे और सावधानीपूर्वक ही पटाखे, फव्वारे, फुलझडियां व अन्य आतिशबाजी का प्रयोग करें तथा छोटे बच्चों का विशेष ख्याल रखने की अपील भी की है।

## जानवरों में फैली रहस्यमय बीमारी 2 दिनों में 3 जानवरों की मौत


» मदरलैंड संवाददाता

मैनपुरी। विकास खंड सुल्तानगंज के गांव नगला शिवार में जानवरों में रहस्यमय बीमारी फैल गई है बीते 2 दिनों में एक ही युवक के तीन जानवरों की मौत होने से परिवार के लोग दहशत में आ गए हैं साथ ही पशुपालक भी इस रहस्यमय बीमारी से परेशान है लाखों रुपए कीमत के जानवरों की मौत होने के कारण परिवार के लोग परेशान हैं क्षेत्र के लोगों ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी से गांव में टीम भेजकर टीकाकरण के साथ जांच कराए जाने की मांग की है।

क्षेत्र के गांव जगतपुर के मजरा नगला सि वार में गांव के बाहर पेड़ों के नीचे गांव के सैकड़ों जानवर बांधे जाते हैं यहां गांव निवासी श्री कृष्ण पुत्र राम अवतार के भी जानवर बांधे जाते हैं बीते दिन पूर्व एक जानवर की मौत हो गई ।रविवार को सुबह 2 भैंस की फिर अचानक मौत हो गई मुंह से पीले रंग का झाग निकला और देखते-देखते दोनों मृत हो गई परिवार के लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी इन भैंसों के लिए गड्ढा खोदने में होती है गांव में जेसीबी ना होने के कारण लोगों को दफनाने के लिए गड्ढा खोदना पड़ता है ताकि और कोई बीमारी न फैले घंटों मशक्कत के बाद गहरा गड्ढा खोदकर भैसों को दबाने का कार्य किया जाता है गांव निवासी अंकित कुमार कुमर सेन जयपाल अवधेश लाला कुशवाह कौशलेंद्र सिंह प्रभात सिंह विजय विक्रम आदि लोगों ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी से मांग की है कि गांव में टीम भेजकर रहस्यमय बीमारी से मर रहे पशुओं की सुरक्षा व टीकाकरण कार्य कराए जाने की मांग की है।

## अग्रवाल समाज का दीपावली स्नेह मिलन 26 अक्टूबर को

» मदरलैंड संवाददाता




झुंझुनूं। शहर के महाराजा अग्रसेन मार्ग स्थित अग्रसेन भवन में अग्रवाल समाज समिति द्वारा दीपावली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन 26 अक्टूबर बुधवार को किया जाएगा जिसमें मनोरंजन कार्यक्रम के तहत अग्रसेन एक मिनट के प्रायोजक श्री गणेश हलवाई चिडावा वाला तथा अग्रप्रसाद का आयोजन जयपुर प्रवासी भामाशाह बजरंग लाल अग्रवाल सोलाना वाले की ओर से किया जाएगा। जानकारी देते हुए समिति अध्यक्ष संपत चुडैलालावाला ने बताया कि अग्रसेन एक मिनट कार्यक्रम के संयोजक रघुनाथ पोद्दार एवं अनिल खंडेलिया होंगे तथा हरीश तुलस्यान एवं उनकी टीम द्वारा संचालन किया जायेगा। जिसमें महिलाओं, बालिकाओं, बच्चों, बड़े बुजुर्गों एवं युवाओं को दिए गए टास्क को 1 मिनट में पूरा करने वाले विजेता को अतिथियों के हाथों पुरस्कृत करवाया जाएगा। कार्यक्रम में बतौर अतिथि बजरंग लाल अग्रवाल सोलाना वाले, सीए अर्जुन लाल केडिया, श्री गणेश हलवाई चिड़ावा वाला, प्रमोद खंडेलिया एवं नेमी अग्रवाल कार्यक्रम को गरिमा प्रदान करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु अध्यक्ष संपत चुडैलावाला, कोषाध्यक्ष राजेश केजडीवाल, उप मंत्री शिवचरण हलवाई एवं अनिल केजडीवाल, उपाध्यक्ष रघुनाथ पोद्दार, पीआरओ डॉ डीएन तुलस्यान, एवं भवन इंचार्ज अजीत राणासरिया सहित अन्य समिति सदस्य प्रयासरत है।

## संक्षिप्त समाचार

### डोईवाला डकैती में एक और धरा, लाखों का सामान बरामद

देहरादून, एजेंसी। डोईवाला में कैबिनेट मंत्री के चचेरे भाई के घर में हुई डकैती में एक और आरोपी डोईवाला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वहीं पूर्व में गिरफ्तार एक आरोपी को रिमांड पर लेकर नगदी और गहने बरामद किए। दोनों से कुल साढ़े तीन लाख रुपये नगदी और 11.50 लाख रुपये के गहने बरामद किए हैं। दोनों आरोपियों को रविवार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट की कोर्ट में पेश किया गया। वहां से आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। एसएसपी दलीप सिंह कुंवर ने रविवार को प्रेस वार्ता कर डकैती में हुई कार्रवाई की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शीशपाल अग्रवाल के घराट रोड, डोईवाला स्थित घर में हुई डकैती में चार आरोपी 19 अक्तूबर को जेल भेज गए थे। उन्होंने बताया कि इसमें आरोपी तहसीम को कोर्ट से तीस घंटे की रिमांड पर लिया गया था। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने उसके घर खैल, कांधला, शामली से 15 लाख रुपये कीमत के गहने बरामद किए हैं। वहीं पुलिस डकैती में फरार मोहम्मद रियाज (58) निवासी शाहबुद्दीनपुर, मुजफ्फरनगर को नेपाली फार्म से गिरफ्तार किया गया। उससे पुलिस ने 3.50 लाख रुपये नगदी बरामद की। प्रेस वार्ता में एसपी देहात कमलेश उपाध्याय, सीओ डोईवाला अनिल कुमार शर्मा, इंस्पेक्टर डोईवाला राजेश साह, दरोगा सुमित चौधरी शामिल रहे। डकैती में भारी मात्रा में गहने और लाखों रुपये नगदी जाने की बात सामने आ रही है। अब तक कई लाख के गहने और पांच लाख रुपये से ज्यादा नगदी बरामद हो चुकी है। रविवार को प्रेस वार्ता में एसएसपी से लूट में सामने जाने के बाबत पूछा गया। उन्होंने इस बारे में जानकारी होने से इंकार कर दिया।

### विधायक ने गरीब बच्चों को मिठाई बाटी

देहरादून, एजेंसी। सिद्धपीठ श्री सनातन धर्म सभा मंदिर में स्वामी विवेकानंद सेवा संस्थान द्वारा संचालित महर्षि वाल्मीकि शिक्षा संस्कार केंद्र में दीपावली पर्व का उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें अभावग्रस्त परिवारों के बच्चों ने रंगोली, क्राफ्ट एवं दीयों का सौंदर्यकरण प्रदर्शित किया। कैंट विधानसभा क्षेत्र की विधायक सविता कपूर ने बच्चों को पुरस्कार एवम् मिष्ठान वितरित किया। अपने उद्बोधान में उन्होंने इस केंद्र द्वारा गरीब परिवारों के उत्थान और बच्चों के समग्र विकास के लिए केंद्र संचालिका पारुल विश्नोई की प्रशंसा की। इस अवसर पर कैंट बोर्ड उपाध्यक्ष विनोद पंवार, मंदिर प्रधान सुभाष माकिन, संस्था अध्यक्ष केके अरोड़ा, हरीश कटारिया, गुलशन माकिन, यशपाल बहल, रिया, काजल, प्रीत सहित बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे।

### अग्रवाल समाज जलाएगा 1100 दीये

देहरादून, एजेंसी। अग्रवाल समाज 24 अक्टूबर को दीपावली के पावन पर्व पर महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा के सम्मुख 1100 दीपकों की दीपांजलि आर्पित करेगी। यह दीपांजलि शहीदों के नाम से होगी। अग्रवाल समाज के महामंत्री फतेह चंद गर्ग व संजय कुमार गर्ग ने बताया कि 24 अक्टूबर को बड़ी दीपावली पर अग्रवाल धर्मशाला गांधी रोड में विराजमान महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा के सम्मुख सायं 5:30 बजे सभी अग्र बंधु एकत्र होंगे। जहां महाराजा की प्रतिमा को माल्यार्पण कर नमन किया जाएगा। साथ ही देश के अमर शहीदों व उत्तराखंड राज्य के शहीदों की याद में लगभग दीपकों की दीपांजलि होगी। मौके पर संजय कुमार गर्ग, अनुराग अग्रवाल, सतीश कंसल, अमित गोयल, कपिल गुप्ता, आरसी गर्ग, दीपक शरण अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

### आयुर्वेद दिवस : आयुर्वेद विवि में धनवंतरी मंदिर में पूजा अर्चना



देहरादून, एजेंसी। हरावाला स्थित आयुर्वेद विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर में आयुर्वेद संकाय द्वारा परिसर में स्थित धन्वंतरि मंदिर में पूजा अर्चना की गई। धनवंतरी जयंती के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में सभी फैकल्टी, छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। परिसर निदेशक प्रोफेसर डीपी पैन्यूली ने भगवान धन्वंतरि के चित्र पर माल्यार्पण किया। आयुर्वेद दिवस के अवसर पर इस बार की थीम हर दिन हर घर आयुर्वेद कार्यक्रम के तहत उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय के आयुर्वेद संकाय द्वारा नियमित तौर पर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन की श्रृंखला में आयोजित धनवंतरी पूजन समारोह को भव्य रुप से आयोजित किया गया। पंडित सेमवाल ने भगवान धन्वंतरी के बीज मंत्र का उच्चारण के साथ पूजा अर्चना एवं हवन कार्यक्रम को सम्पन्न किया। इस दौरान डॉ. नंदकिशोर दाधीच, डॉ. नवीन चंद्र जोशी, डॉ. दीप चंद्र पांडे, डॉक्टर प्रबोध येरावर, डॉक्टर अर्चना सिंह, डॉक्टर अखिल जैन, डॉक्टर नेहा ममगाई, डॉक्टर शिखा पांडे, अस्पताल के कर्मचारी, नर्सिंग स्टाफ, विवि के कर्मचारी आदि रहे।

चारधाम की तर्ज पर अन्य पौराणिक मंदिरों व तीर्थ क्षेत्रों के विकास के लिये काम करेगी सरकार: सीएम

# राज्य में तीर्थाटन व धार्मिक पर्यटन के सुनियोजित विकास के लिये पीएम मोदी के साथ हुआ व्यापक विचार विमर्श: मुख्यमंत्री

देहरादून, एजेंसी। राज्य सरकार केदारनाथ व बदरीनाथ धाम की तर्ज पर ही राज्य के अन्य पौराणिक मंदिरों व तीर्थ क्षेत्रों के विकास के लिये काम करेगी। सीएम आवास मे दीपावली की बधाई देने आए अधिकारियों के साथ राज्य के विकास पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बताया कि राज्य में तीर्थाटन व धार्मिक पर्यटन के सुनियोजित विकास के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ उनका व्यापक विचार विमर्श हुआ। प्रधानमंत्री से इस संबंध में बहुत ही महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। प्रधानमंत्री ने कहा कि देवभूमि उत्तराखण्ड दुनिया भर के करोड़ों लोगों के लिए आस्था और श्रद्धा का केंद्र है। उत्तराखण्ड में केदारनाथ धाम व बदरीनाथ धाम की तरह ही प्रदेश के अन्य पौराणिक मंदिरों व तीर्थ क्षेत्रों का सुनियोजित विकास करने के लिए राज्य सरकार मास्टर प्लान बनाए, केंद्र सरकार हर सम्भव सहायता के लिए तत्पर है। प्रधानमंत्री ने यह भी सुझाव दिया कि चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं को अन्य पौराणिक मंदिरों के महत्व की भी जानकारी दी जाए और साथ ही अन्य पर्यटन स्थलों के बारे में भी बताया जाए। इससे प्रदेश में निश्चित तौर पर पर्यटन का विकास होगा। जिससे स्थानीय लोगों की



आजीविका मिलेगी व आय में वृद्धि होगी। आज की बैठक में इस बात पर भी विचार विमर्श हुआ कि चार धाम यात्रा पर आए बहुत से श्रद्धालुओं को कई बार हेली सेवा के लिये दो तीन दिन प्रतीक्षा करनी होती है। ऐसी व्यवस्था बनाई जाए कि इस दौरान यात्री आस पास के पर्यटन स्थलों का भ्रमण कर सकें। इससे एक ओर इन यात्रियों के समय का सदुपयोग होगा, वहीं दूसरी ओर उनके द्वारा घूमने के दौरान खर्च किये जाने से स्थानीय निवासियों को रोजगार मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री को कुमाऊँ के मंदिरों के लिए मानसखण्ड मंदिर माला मिशन के बारे में भी जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी का उत्तराखण्ड से विशेष लगाव है। हमें उनके मार्गदर्शन और विजन के अनुरूप देव भूमि उत्तराखण्ड को आगे ले जाना है। उनके द्वारा दिए गए निदेर्शों के अनुरूप कार्ययोजना तैयार की जाए। कुमाऊँ क्षेत्र में धार्मिक स्थलों के विकास के लिए प्रारम्भ की गई मानसखण्ड मंदिर माला मिशन के सम्बंध में भी प्रधानमंत्री से कई महत्वपूर्ण सुझाव मिले। इस परियोजना में सम्मिलित मंदिरों के मास्टर प्लान बनाने का कार्य भी शीघ्र प्रारम्भ करने का निर्णय भी लिया गया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को ये भी कहा कि राज्य के टॉपर छात्र-छात्राओं को एलबीएसएनएए, आईआईटी सहित अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों का शैक्षणिक भ्रमण कराया जाए। इससे हमारे बच्चों को प्रेरणा मिलेगी। इस अवसर पर मुख्य सचिव डॉ. एसएस संधू, अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, आनंद वर्धन, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, सचिव दिलीप जावलकर, डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा, सौजन्या, शैलेश बगोली, डॉ. पंकज कुमार पांडे, सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## बड़ी संख्या में लोगों ने सीएम से भेंट कर उन्हें दीपावली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी



देहरादून, एजेंसी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निजी आवास पर बड़ी संख्या में लोगों ने मुख्यमंत्री से भेंट कर उन्हें दीपावली की हार्दिक बधाई तथा शुभकामनाएं दी। राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से नगला तराई पहुंचे सभी व्यक्तियों से मुख्यमंत्री ने मुलाकात की और उन सभी का हाल जाना। दीपावली की शुभकामनाएं देने वालों में कक्षा 2 में पढ़ने वाली लगभग 7 वर्षीय बालिका मानवी कुंवर भी मुख्यमंत्री को दीपावली की बधाई देने उनके निजी आवास पहुंची। मुख्यमंत्री से मिलकर बालिका बहुत ही ज्यादा खुश हुई। बालिका की खुशी उस समय दो गुनी हो गई जब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वयं अपने हाथों से बालिका को उपहार दिए। बालिका ने खुद की (अपनी) बनाई हुई वीडियो मुख्यमंत्री को दिखाई। मुख्यमंत्री ने बालिका द्वारा बनाई गई वीडियो का अवलोकन करते हुए बालिका की प्रशंसा करने के साथ ही बालिका को प्यार दुलार दिया और उज्ज्वल भविष्य की कामना। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बनबसा के पत्रकार कुंदन सिंह बिष्ट से दूरभाष पर वार्ता की तथा कुंदन सिंह बिष्ट से उनके पुत्र के लापता होने के संबंध में जानकारी ली, जिसके पश्चात मुख्यमंत्री ने एसपी चंपावत को निर्देश दिए कि वह लापता पुत्र की सकुशल बरामदगी हेतु खोजबीन कार्य में तेजी लाएं। खटीमा निवासी मुजीबुल हसन ने इलाज हेतु आर्थिक सहायता की मांग की, जिस पर मुख्यमंत्री ने मुजीबुल हसन को एम्स में इलाज कराने का सुझाव देते हुए कहा कि इलाज हेतु हर संभव आर्थिक मदद मुहैया कराई जाएगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खटीमा क्षेत्र के 21 विद्यालयों में बच्चों के बैठने के लिए फर्नीचर अपग्रेडेशन का तोहफा दिया। मुख्यमंत्री ने शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों को खटीमा क्षेत्र के 21 विद्यालयों राजकीय प्राथमिक विद्यालय उलानी, नौसर पटिया, बंडिया, हल्दी पचपेड़ा, मझोला, बिसोटा, सड़ा सडिया नवीन, श्रीपुर बिचुवा, पचोरिया प्रथम, नगला जोगीठेर, सुजिया महोलिया, खटीमा प्रथम, लोहिया हैड, पकरिया, राजकीय इंटर कॉलेज देवरी खटीमा, प्रतापपुर, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहम्मदपुर भुडिया, सिसेया, स्वर्गीय खीम सिंह धामी स्कूल नगला तराई, नारायण दत्त तिवारी राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बग्घा, गोविंद बल्लभ पंत विद्यालय चकरपुर में फर्नीचर अपग्रेड करने के निर्देश दिए।

सीएम ने सैनिकों एवं पूर्व सैनिकों संग मनाया दीपावली पर्व

## सैनिकों तथा उनके परिजनों से व्यक्तिगत रूप से मिलकर उनकी कुशलक्षेम पूछी



देहरादून, एजेंसी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों तथा उनके परिजनों के साथ दीपावली पर्व मनाया। गढ़ी कैंट में 08 गढ़वाल रेजीमेंट द्वारा आयोजित दीपावली मिलन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उपस्थित सैनिकों तथा उनके परिजनों से व्यक्तिगत रूप से मिलकर उनकी कुशलक्षेम पूछी तथा उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं एवं बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में सैनिकों द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टॉलस का निरीक्षण किया तथा सैनिकों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर 08 गढ़वाल रेजीमेंट द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 08 गढ़वाल रेजीमेंट के सैनिक, भूतपूर्व सैनिक तथा उनके परिजन उपस्थित थे।

## डोईवाला डकैती में एक और धरा, लाखों का सामान बरामद

देहरादून, एजेंसी। डोईवाला में कैबिनेट मंत्री के चचेरे भाई के घर में हुई डकैती में एक और आरोपी डोईवाला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वहीं पूर्व में गिरफ्तार एक आरोपी को रिमांड पर लेकर नगदी और गहने बरामद किए। दोनों से कुल साढ़े तीन लाख रुपये नगदी और 11.50 लाख रुपये के गहने बरामद किए हैं। दोनों आरोपियों को रविवार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट की कोर्ट में पेश किया गया। वहां से आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

एसएसपी दलीप सिंह कुंवर ने रविवार को प्रेस वार्ता कर डकैती में हुई कार्रवाई की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शीशपाल अग्रवाल के घराट रोड, डोईवाला स्थित घर में हुई डकैती में चार आरोपी 19 अक्तूबर को जेल भेज गए थे। उन्होंने बताया कि इसमें आरोपी तहसीम को कोर्ट से तीस घंटे की रिमांड पर लिया गया था। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने उसके घर खैल, कांधला, शामली से 15 लाख रुपये कीमत के गहने बरामद किए हैं। वहीं पुलिस डकैती में फरार मोहम्मद रियाज (58) निवासी शाहबुद्दीनपुर, मुजफ्फरनगर को नेपाली फार्म से गिरफ्तार किया गया। उससे पुलिस ने 3.50 लाख रुपये नगदी बरामद की। प्रेस वार्ता में एसपी देहात कमलेश उपाध्याय, सीओ डोईवाला अनिल कुमार शर्मा, इंस्पेक्टर डोईवाला राजेश साह, दरोगा सुमित चौधरी शामिल रहे। डकैती में भारी मात्रा में गहने और लाखों रुपये नगदी जाने की बात सामने आ रही है। अब तक कई लाख के गहने और पांच लाख रुपये से ज्यादा नगदी बरामद हो चुकी है। रविवार को प्रेस वार्ता में एसएसपी से लूट में सामने जाने के बाबत पूछा गया। उन्होंने इस बारे में जानकारी होने से इंकार कर दिया।

## ऋतु खंडूड़ी भूषण करेंगी नंदा सम्मान की घोषणा, विधान सभा भवन में होगा भव्य समारोह

- केंद्रीय मंत्री प्रतिमा भौमिक मुख्य अतिथि, यूकेएसएससी अध्यक्ष मार्तोलिया करेंगे शिरकत
- पर्वतीय क्षेत्र के दुर्गम इलाकों में कार्यरत महिला समाज वीरांगनाओं को सम्मान

देहरादून, एजेंसी। उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण को दीपावली की शुभकामनाएं मां नंदा सुनंदा के चित्रों सहित देते हुए पूर्व सांसद तरुण विजय ने नंदा सम्मान समारोह पर चर्चा की। समारोह 01 नवम्बर को प्रदेश विधान सभा के प्रकाश पंत भवन में सभागार में होगा एवं 30 नवम्बर को सम्मान चयन समिति की बैठक के उपरान्त ऋतु खंडूड़ी भूषण नामों की घोषणा कर देंगी। इस बार पर्वतीय क्षेत्र के दुर्गम इलाकों में कार्यरत महिला समाज वीरांगनाओं को सम्मान दिया जा रहा है। पूर्व पुलिस महानिदेशक एवं सम्प्रति यूकेएसएससी अध्यक्ष गणेश



मार्तोलिया ने इस सन्दर्भ में विशेष अन्वेषण कार्य को प्रोत्साहित किया है। चयन समिति में दून विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. सुरेखा डंगवाल, केंद्रीय विद्यालय आयुक्त मीनाक्षी जैन, सीबीएसई संगठन प्रमुख गोपाल दत्त और रणवीर सिंह भी हैं। समारोह में अति विशिष्ट अतिथि के नाते प्रदेश भाजपा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट भी उपस्थित रहेंगे।

## 11300 फीट ऊंचाई पर बीआरओ के अस्थाई ठिकाने में पीएम मोदी ने बिताई रात, मजदूर की बनाई खिचड़ी खाई

देहरादून, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उत्तराखंड दौरा बेहद खास रहा। केदारनाथ में पूजा-पाठ और बद्री विशाल के दर्शन करने के बाद पीएम मोदी ने उत्तराखंड राज्य को कई विकास कार्यों की सौगात दी। पीएम मोदी ने चीन सीमा पर मौजूद देश के आखिरी गांव माणा में जनसभा को संबोधित किया और 11300 फीट की ऊंचाई पर शून्य से नीचे तापमान पर साधारण तरीके से एक रात गुजारी। पीएम मोदी ने बीआरओ द्वारा बनाए गए एक छोटे से अस्थाई ठिकाने (डीईटी) में रात मजदूर के साथ रात बिताई।

पीएम मोदी ने जिस कमरे में रात बिताई उसकी छत टीन की थी। पीएम मोदी ने खिचड़ी खाई। खिचड़ी के अलावा उन्होंने मंडवे की रोटी, स्थानीय चटननी और झागोरे की खीर खाई। यह खाना बीआरओ के लिए काम करने वाले एक मजदूर ने पकाया। बीआरओ के एक अधिकारी ने कहा हम हैरान रह गए जब हमें बताया गया कि पीएम मोदी यहां आ रहे हैं और यहां रात बिताएंगे।

इस डीईटी का संचालन यंग असिस्टेंट एग्जीक्युटिव ऑफिसर (एईई) करते हैं, जहां इन्फ्रास्ट्रक्चर बहुत साधारण है और लगभग न के बराबर सुविधाएं हैं। प्रधानमंत्री के यहां आने से महज 72 घंटे पहले हमें सूचना दी गई थी। इस



लिए बीआरओ के अधिकारियों के पास तैयारी के लिए बेहद कम समय था। पीएम मोदी ने बेहद कठिन परिस्थितियों में सड़क निर्माण करने वाले मजदूरों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने एक मजदूर से अपने लिए भी खाना पकाने को कहा। एक अधिकारी ने कहा पीएम मोदी के लिए कोई विशेष सामान नहीं लाया गया था।

उन्होंने वही राशन खाया जो यहां डीईटी रसोई में मौजूद था। प्रशासन ने बद्रीनाथ में इंतजाम किए थे, लेकिन पीएम मोदी और उनके निजी स्टाफ डीईटी में रहे और मजूदरों की ओर से पकाया गया खाना खाया। डीईटी कमांडर एईई भावना जोशी ने पीएम मोदी के स्टाफ से पूछा कि वह खाने में क्या लेना पसंद करेंगे। इस पर पीएम मोदी ने कुछ भी साधारण और स्थानीय भोजन पकाने को कहा। 11300 फीट की ऊंचाई पर पीएम मोदी का कमरा बेहद साधारण था, उसमें एक छोटा सा इलेक्ट्रिक हीटर भी था।

## पत्नी की फरमाइश ने छुड़ाए पति के पसीने, 56 हजार के सिक्के जमा करने के बाद अब मुराद होगी पूरी

रुद्रपुर, एजेंसी। दीपावली पर हर घर में कुछ न कुछ नया सामान लाने की परंपरा रही है। कई बार चाहते हुए भी लोग अपनी पसंद का सामान नहीं खरीद पाते हैं और इसका कारण होता है बड़ा सामान खरीदने लिए बड़ा बजट। वहीं गदरपुर के ग्राम कौशलपुर निवासी आकाश गुंबर ने अपनी हर दिन अल्प बचत की आदत से 56 हजार के सिक्के जमा कर लिए।

दीपावली पर अपनी पत्नी की स्कूटी (टू व्हीलर) की इच्छा उन्होंने बेहद आसानी से इन सिक्कों के जरिए पूरी की है। जब शुक्रवार को वह 40 हजार के सिक्के लेकर उनके प्रतिष्ठान में काम करने वाला कर्मी शोरूम में पहुंचा तो हर कोई दंग रह गया। इन सिक्कों को गिनने में करीब ढाई घंटे का समय लगा, लेकिन शोरूम के स्वामी समेत पूरे स्टाफ ने आकाश की इस बचत की आदत से अपने सपने को हकीकत में बदलने के हुनर की खुले दिल से तारीफ की।

कौशलपुर गदरपुर निवासी आकाश गुंबर पुत्र प्रीतम दास गुंबर ने बताया कि उन्होंने सात साल पहले पेप्सी की एजेंसी ली थी। जब वह घर जाते थे तो जेब में रोज कुछ न कुछ सिक्के होते थे। ऐसे में उन्होंने इन्हें जमा करना शुरू किया। इस बार दीपावली में पत्नी ने स्कूटी की फरमाइश की तो उन्होंने तय किया कि इन सिक्कों को देकर वह स्कूटी खरीदेंगे।



उन्होंने अपनी एजेंसी के कर्मी को संजय टीवीएस शोरूम 40 हजार के सिक्के के साथ भेजा। शोरूम के कर्मचारियों के सामने इन सिक्कों की गिनती हुई। 40 हजार के सिक्के उन्होंने शनिवार को शोरूम में जमा कर दिए और 16 हजार के सिक्के वह रविवार को जमा करेंगे। शेष रकम के लिए वह फाइनेंस कराकर यहां से स्कूटी कल घर लाएंगे।

उन्होंने कहा कि सिक्के जमा करने में उनकी मां और पत्नी सभी का सहयोग रहा है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को छोटी-छोटी बचत की ओर ध्यान देना चाहिए, जिससे कि समय आने पर यही छोटी बचत बड़ी रकम बनकर हमारे काम आ सके। उनकी इस अल्प बचत की आदत की संजय टीवीएस के स्वामी विनोद कुमार ने भी प्रशंसा की।

करीब 30 से 35 किलो सिक्कों का वजनः आकाश ने 10 और पांच के सिक्के जमा किए थे। 56 हजार के कुल सिक्कों का वजन करीब 30 से 35 किलो होगा। उन्होंने बताया कि वह किसान परिवार से हैं। उन्होंने खेती में ही प्रयोग किए जाने वाले एक बड़े ड्रम में सिक्के जमा किए थे। ऊपर से इस ड्रम को बंद कर दिया था। आज इसे खोलकर निकाला।

## संक्षिप्त समाचार

### बाबा बुढा जी के जन्म दिवस पर संगतों ने की दीप माला



मदरलैंड संवाददाता, लुधियाना। मॉडल टाउन एक्सटेंशन बाबा बुढा जी गुरुद्वारे में कीर्तन समागम करवाया गया और बड़ी श्रद्धा के साथ बाबा बुढा जी का जन्म दिवस मनाया गया सुबह से शाम तक रागी जत्थों ने कीर्तन कर संगतों को निहाल किया शाम को संगतों ने दीप माला भी की गई गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान इंदजीत सिंह मक्कड़ ने बताया कि दो दिन से जन्म दिवस के अवसर पर समागम करवाया जा रहा है पहले नगर कीर्तन भी निकाला गया था इस अवसर पर भाई दिलबाग सिंह, भाई परमिंदर सिंह, भाई मोहर सिंह ने कीर्तन की हाजिरी लगाई और बरम ज्ञानी बाबा बुढा जी के बारे मे संगतों को जागरूक किया और कथा सुनाई

### बंदी छोड़ दिवस पर विशेष समागम गुरुदुवारों लाइटों से सजाया



मदरलैंड संवाददाता, लुधियाना। बंदी छोड़ दिवस पर सभी गुरुदुवारो को रंग बिरंगे फूलों और लाइटों से सजाया गया इस अवसर पर शहीद बाबा दीप सिंह गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने बताया कि सुबह सुखमणि साहिब, जप जी साहिब के पाठ के बाद 12 बजे से 1बजे तक भाई अंग्रेज सिंह कीर्तन कर संगतों को निहाल करेगे उस के बाद गुरु का अटूट लंगर लगाया जायेगा आज बाबा बुढा जी का प्रकाश पर्व मनाया गया इस अवसर पर जप तप समागम भी कराया गया और वाहेगुरु का सिमरन किया गया

### दीपावली से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित



मदरलैंड संवाददाता,कनीना। जीआर इंटरनेशनल स्कूल कनीना में दीपावली से पूर्व विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन कक्षा एलकेजी से बारहवीं तक के छात्रों के लिए किया गया। सभी प्रतियोगिताओं का आयोजन कक्षा स्तर पर करवाया गया। रंगोली प्रतियोगिता में कक्षा चौथी से रिशब और आरवी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दीया सजाओ और कैंडल सजाओ कार्ड बनाओ प्रतियोगिता में एल के जी से नैतिक और सानवी, यूकेजी से अन्वी और युग, पहली कक्षा से पूर्वी ,दूसरी कक्षा से वीर और नन्नू, कक्षा तीसरी से रोशन और युग ने ,कक्षा चौथी से नव्या ने, और कक्षा पांचवीं से अदम्य और दिव्यांश ने, प्रथम स्थान प्राप्त किया कक्षा छठी से दीपिका यशिका और दिव्या,कक्षा छठी से दीपिका यशिका और दिव्या, कक्षा सातवीं से काजल ,इशिता और काव्या और कक्षा आठवीं से रिधिमा ,हिमांशी और दीपिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के संचालक विजय पाल यादव और प्रधानाचार्य त्रिभुवन राठौर सभी विजेता बच्चों को बधाई दी एवं दिवाली की शुभकामनाएं दी।

### राम रहीम के पंजाब में डेरा खोलने का ऐलान पर भड़की एसजीपीसी , कहा सरकार रोके नहीं तो हम रोकेंगे

चंडीगढ़, एजेंसी। डेरा सच्चा सौदा प्रमुख राम रहीम के पंजाब के सुनाम में डेरा खोलने की घोषणा की है। इसके बाद से उनका विरोध शुरू हो गया है। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) राम रहीम को असामाजिक चरित्र का बताते हुए सरकार से उनकी गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। वारिस पंजाब दे संस्था के जत्थेदार अमृपाल सिंह ने भी डेरामुखी के ऐलान पर कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा सरकार राम रहीम को डेरा खोलने से रोके। उन्होंने सरकार को चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने उन्हें नहीं रोका तो वे अपने समर्थकों के साथ डेरामुखी को रोकेंगे।

# एमसीएम ने दिवाली उत्सव और एंटी-क्रैकर जागरूकता रैली के साथ दीपावली मनाई





» **मदरलैंड संवाददाता**

चंडीगढ़। उत्सव की भावना को ध्यान में रखते हुए, मेहर चंद महाजन डीएवी कॉलेज फॉर विमेन, चंडीगढ़ की चरित्र निर्माण समिति ने दो दिवसीय दिवाली उत्सव का आयोजन किया। जिसमें पहले दिन प्रेरणा, ग्रीन एम्बेलिशमेंट, रंगोली और गिल्ट फ्री स्वीट्स प्रतियोगिताओं का आयोजन किया।

प्रतियोगिता प्रेरणा में , विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता का प्रयोग करते हुए एपिक इंडियन लिटरेचर से अपनी पसंदीदा महिला पात्रों का अभिनय किया। ललित कला विभाग के सहयोग से आयोजित ग्रीन एम्बेलिशमेंट प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने रिड्यूस, रीयूज और रीसायकल की अवधारणा का पालन करते हुए घर की सजावट के सामान बनाए। रंगोली मेकिंग में प्रतिभागियों ने 'स्वच्छ भारत' विषय पर सुंदर और प्रभावशाली रंगोलियाँ बनाई गयीं । गृह विज्ञान विभाग के सहयोग से गिल्ट फ्री स्वीट्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने स्वस्थ को ध्यान में रख कर मिठाइयाँ बनाईं। उत्सव के दूसरे दिन, विद्यार्थियों ने अपने उद्यमशील कौशल का प्रदर्शन करते हुए भोजन, हथकरघा, टैरो रीडिंग, नाखून कला, खेल, आभूषण, इत्यादि जैसे विभिन्न वस्तुओं के लगभग 40 स्टाल लगाए। इस कार्यक्रम में ओपन माइक भी आयोजित किया गया जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी अद्भुत प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। एक अन्य सार्थक आयोजन में कॉलेज की एनएसएस इकाइयों ने इको-क्लब 'परिवेश' के सहयोग से अंगीकृत गाँव बधेरी, सेक्टर 41-डी, चंडीगढ़ में एंटी-क्रैकर जागरूकता रैली का आयोजन किया। रैली का मुख्य उद्देश्य पटाखों के दुष्प्रभावों के बारे में लोगों को जागरूक करना था जिसमें ध्वनि और वायु प्रदूषण, मानव और जानवरों के स्वास्थ्य के लिए खतरा और पर्यावरण पर समग्र प्रभाव शामिल हैं। रैली में पदाधिकारियों के साथ लगभग 42 एनएसएस स्वयंसेवकों ने रंग-बिरंगे पोस्टर लेकर रैली में भाग लिया और प्रदूषण मुक्त दिवाली, हर जगह खुशहाली; इस दिवाली पेड़ लगाये, पटाखे न चलाएँ, जैसे विचारोत्तेजक नारे लगाए। युवा इको-योद्धा वहाँ के निवासियों विशेषकर बच्चों से भी मिले और उन्हें खुशियों से भरी, उज्ज्वल और प्रदूषण मुक्त दिवाली मनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

प्रिंसिपल डॉ. निशा भार्गव ने सतत पर्यावरण सुनिश्चित करने वाली रीतियों को अपनाकर पृथ्वी को बचाने के लिए एक सक्रिय रुख अपनाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला और यह भी बताया कि पर्यावरण के अनुकूल दिवाली मनाना एक ऐसी प्रथा है। उन्होंने यह भी आशा व्यक्त की कि युवा पृथ्वी के प्रति अपनी जिम्मेदारी को पहचानेंगे और विभिन्न अवसरों को पर्यावरण के अनुकूल तरीके से मनाएँगे।

**दिवाली उत्सव प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार हैं:**

प्रेरणा
प्रथम स्थान -सुनैना ( बीएससी 1 )
द्वितीय स्थान -सरगम ( इअ3 )
तृतीय स्थान - मुदिता ( बीएससी

ग्रीन एम्बेलिशमेंट
प्रथम स्थान - अंकिता सैनी ( बीएससी 3 )
द्वितीय स्थान - पावनी ( बीए 3 )
तृतीय स्थान-भारती यादव ( बीबीए1 )

**रंगोली मेकिंग**
प्रथम स्थान-जैस्मीन और अदिति ( बीकॉम 1 )
द्वितीय स्थान-अपर्णा और नंदिनी ( इअ2 )
तृतीय स्थान - सुब्रीत और दिलप्रीत ( बीकॉम 1 )

**गिल्ट फ्री स्वीट्स**
प्रथम स्थान - खुशी
द्वितीय स्थान - कृति जैन और इशिका जैन
द्वितीय स्थान-गरिमा
तृतीय स्थान - महक अब्रोल
प्रोत्साहन पुरस्कार -परनीत कौर

# वंशिका ने जीता नैशनल मे गोल्ड मेडल

» **हरप्रीत सिंह, मदरलैंड संवाददाता**




लुधियाना। पंजाब के जिला लुधियाना के सैक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल सैक्टर 39 की छात्रा वंशिका ने सी.आई.एस.सी.ई. नैशनल बैंडमिंटन चैंपियनशिप जीतकर अपना लोहा मनवा दिया और अपना और अपने मां बाप का और अपने स्कूल का नाम रोशन किया।12वीं नान मैडीकल की छात्रा वंशिका ने अंडर-19 गर्ल्स केटेगरी में गोल्ड मैडल हासिल किया। इस प्रतियोगिता में 16 जोन के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था। इस अवसर पर स्कूल के प्रिंसीपल रिवेरियन सिस्टर क्रिसपिन मारिया ने स्कूल की छात्रा वंशिका और उसके मां बाप को बधाई दी।

मीडिया से बात करते हुए वंशिका ने कहा कि पहले में बैडमिंटन कोच गुरदित सिंह से कोचिंग ले रही थी। कोविड के कारण अभ्यास रोक दिया गया। में लता मैडम की आभारी हूँ जिसके कारण कोच जसविंदर सिंह जस्सी स्कूल आए और उनके कुशल नेतृत्व के कारण जोनल टूनार्मेंट के दौरान स्वर्ण पदक जीता फिर करनाल में आयोजित क्षेत्रीय प्रतियोगिता में रजत पदक जीता और राष्ट्रीय टूनार्मेंट के लिए चुना गया। कर्नाटक बैंगलोर में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में फिर से स्वर्ण पदक जीता।

वंशिका ने कहा कि में अपनी टीम की साथी अलीना, श्रेया, माणिक, समर को भी धन्यवाद कहना चाहती हूं जो समय-समय पर मेरा हौसला बढ़ाते रहते हैं। वंशिका ने कहा कि मुझे अपने माता-पिता का काफी सहयोग मिल रहा है। आखिर में उन्होंने कहा कि एक बार फिर में अपने स्कूल के लता मैडम और कोच जसविंदर सिंह जस्सी की बहुत शुक्रगुजार हूं, जिसकी वजह से मैं यहां तक पहुंची।

# एनआरआई सुदर्शन गर्ग महर्षि दयानंद पब्लिक स्कूल का करेंगे कायाकल्प

» **मदरलैंड संवाददाता**



चंडीगढ़। यूएसए से पधारे एनआरआई सुदर्शन गर्ग को महर्षि दयानंद पब्लिक स्कूल, एमडीएवी भवन- दरिया, चंडीगढ़ के स्टूडेंट्स यूएसए वाले सर के नाम से जानते हैं। सारा स्टाफ उनकी बहुत इज्जत करता है। वे इस स्कूल को अपना समझते हैं। वे आजकल स्कूल आकर प्रिंसिपल और स्टाफ का मार्गदर्शन करते रहते हैं। कक्षाओं में जाकर बच्चों को नैतिक शिक्षा द रहे हैं। जरूरतमंद बच्चों की सदा सहायता करते रहते हैं। उन्होंने विद्यालय के उत्थान के लिए अपना कदम सदा आगे बढ़ाएं हैं। स्कूल के प्रति स्नेह की भावना को देखते हुए मैनेजमेंट ने पैटर्न के तौर पर उनकी चेयर भी स्थापित की है। दिवाली हो चाहे लोहड़ी का पर्व वे स्कूल के सभी विद्यार्थियों और स्टाफ के सभी लोगों को उपहार भेंट कर आनंद महसूस करते हैं। इसके साथ ही वे टीचर्स को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा विद्यार्थियों को देने के लिए प्रेरित करते हैं। पिछले वर्ष उन्होंने स्कूल में अपने दादा और माता-पिता की याद में कंप्यूटर लैब, साइंस लैब और लाइब्रेरी स्थापित की। एनआरआई गर्ग ने प्रिंसिपल डॉ विनोद शर्मा से मुलाकात के दौरान स्कूल के लिए नया फर्नीचर बनाने की बात कही। इस मौके पर डॉ विनोद शर्मा ने बताया कि एनआरआई गर्ग का वरदहस्त हमेशा स्कूल पर बना रहता है। इसके लिए महर्षि दयानंद पब्लिक स्कूल की मैनेजमेंट ने उनका तहे दिल से आभार व्यक्त करता है। प्रिंसिपल और स्टाफ ने उनके लिए ईश्वर से प्रार्थना की कि वे इसी तरह ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के प्रचार-प्रसार के लिए दूनी ऊर्जा के साथ विद्या का प्रकाश चहुँ दिशा फैलाते रहें।

# प्रदूषणरहित दीवाली मनाएंगे,शहीदों को याद करेंगे

» **मदरलैंड संवाददाता**

कनीना। लोगों में धीरे धीरे आई जागरूकता के चलते इस बार प्रदूषण रहित दीवाली मनाने के लिए युवा एवं बुजुर्ग आगे आने लगे हैं। दीवाली के दिन दीये जलाकर, घर की मिठाई खाकर मनाएंगे। दीवाली को हंसी खुशी, भाईचारा एवं एकता के साथ एक दूसरे को मिठाई बांटकर मनाना चाहते हैं। इस बार दीवाली पर युवा एवं बुजुर्ग जागृत हैं और वे प्रदूषण के विषय में जानते हैं। मैत्रीभाव से मिलकर दीवाली मनाने का निर्णय लेने वालों की होड़ लगी हुई है। दीये जलाने व शहीदों की याद में एक एक दीया जलाने का निर्णय लिया है।

कनीना के समाजसेवी विजयपाल का कहना है कि पटाखों से भारी प्रदूषण होता है जहां कोर्ट के आदेशों के चलते राहत मिली है वहीं लोग जागरूक हुए हैं। यहां तक कि सांस लेना भी मुश्किल हो जाता है। ऐसे में वे पेड़ पौधे लगाकर तथा लोगों को सादगीपूर्ण दीवाली मनाने को प्रेरित करेंगे। उनको प्रदूषण खल रहा है।

युवा राजेश शास्त्री का कहना है कि प्रसिद्ध पर्व पर प्रदूषण क्यों करें? हवन आदि करके वातावरण को शुद्ध रखने का प्रयास किया जाएगा। लोगों को प्रेरणा देकर पटाखे न चलाने या बहुत कम चलाने पर बल दिया जाएगा। उनका कहना है कि गले मिलकर मिठाई का आदान प्रदान करके ही दीवाली का आनंद आएगा। उन्होंने कहा कि खुशियों का त्योहार है इसमें नाखुशी कैसे बर्दाश्त की जाए?

निर्मल कुमार नांगल हरनाथ का कहना है कि प्रेम, भाईचारा, एकता का पर्व दीवाली है। इस पर्व पर प्रदूषण करके बुजुर्ग एवं रोगियों के लिए सांस लेने की तकलीफ पैदा हो जाती हैं। ऐसे में अगर प्रदूषणरहित दीवाली सबके मन को लुभाएगी। उन्होंने मिठाइयां बांटकर दीवाली मनाने पर बल दिया।

समाजसेवी जसवंत सिंह का कहना है कि देसी घी को दीये में डालकर दीपावली के दिन बुजुर्ग पुराने समय से जलाते आ रहे हैं। बुजुर्ग बहुत बुद्धिमान थे। पर्व पर तेल या मोमबत्ती जलाना अशुभ मानते थे। अब उन्हीं के कदमों पर चलकर वे इस बार दीवाली को देसी घी के दीयों से मनाएंगे और दूसरों को भी प्रेरित करेंगे।

डा मुंशीराम का कहना है कि देसी घी के दीये जलाकर हिंदुओं के महान पर्व को मनाना अति लाभदायक एवं फलदायक होता है। देसी घी के दीये जलाने प्रदूषण नामक बीमारी से बचा जा सकता है। वैसे भी घरों में पशुधन मिलता है और देसी घी भी आसानी से मिल जाता हे। ऐसे में इस पर्व पर देसी घी के दीये ही जलाएंगे।

महेश कुमार समाजसेवी का कहना है कि वे न केवल स्वयं देसी घी के दीये जलाएंगे अपितु दूसरों को भी इस बार देसी घी के ही दीये जलाने के लिए प्रेरित करेंगे। उनके अनुसार देसी घी के दीये जलाना एक हवन या यज्ञ के बराबर होता है। पर्यावरण का प्रदूषण दूर होता है तथा सुगंधित वातावरण बन जाता है। दीये का प्रकाश जहां तक जाता है वहां तक हानिकारक कीट नष्ट हो जाते हैं।

# एसडी विद्यालय में इन्टरपोल विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन


» **मदरलैंड संवाददाता**



कनीना। एसडी विद्यालय ककराला में अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक पुलिस संगठन (इन्टरपोल) विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में कुल चार टीमें थी जिसमें विद्यार्थियों का चयन लिखित परीक्षा के आधार पर किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन कुल चार चरणों में पूरा किया गया। प्रथम चरण में प्रत्यक्ष प्रश्न एवं द्वितीय चरण में बहुविकल्पीय आधारित प्रश्न पूछे गये। इस के बाद बजय, रैपिड फायर चक्र का आयोजन हुआ जिसमें बड़े कांटे की टक्कर बनी रही। अन्त में स्वेता की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मनीषा की टीम द्वितीय स्थान पर रही। प्राची की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय निदेशक जगदेव यादव ने सभी प्रतिभागियों एवं विजेता रहे विद्यार्थियों को बधाई दी व बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों में विषय की बारीकियों की समझ के साथ-साथ एकाग्रता एवं हाजिर जवाबी का कौशल पैदा होता है। अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक पुलिस संगठन (इन्टरपोल) का मुख्य उद्देश्य आपराधिक पुलिस बलों के बीच व्यापक संभव पारस्परिक सहायता को बढ़ावा देना है ताकि आपराधिक गतिविधियों पर काबू पाया जा सके। आज भारत के साथ-साथ पूरा विश्व साइबर अपराध आतंकवाद, मादक पदार्थों की तस्करी, वित्तिय अपराध, पर्यावरण अपराध आदि से जूझ रहा है। इसलिए सीबीएसई द्वारा यह जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अवसर पर प्राचार्य ओमप्रकाश यादव, उप-प्राचार्य पूर्ण सिंह, सीएओ. नरेन्द्र यादव, सीईओ आरएस यादव एवं सुरेन्द्र सिंह, अन्तु यादव, गीता कुमारी, विनोद कुमारी, विनय यादव आदि समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# नायका फैशन द्वारा गजरा गेंग के साथ पटाका लुक

» **मदरलैंड संवाददाता**



चंडीगढ़। बहुत धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया जाने वाला दीवाली, प्यार और प्रकाश का त्योहार है और हमारे आसपास की दुनिया को रोशन करने के साथ घर की सफाई, गिफ्ट देना । क्या आप इस साल पटाका बनने के लिए तैयार हैं? इन तैयारियों के लिए इस समय में गजरा गैंग के द्वारा नायका फैशन की सबसे हॉट ड्रॉप्स 'गिल्डेड गॉडेस, रंगीन जिप्सी एंड टैसलेड अफेयर' ब्यूटिफूल डिजाइन और ट्रेंड-फॉरवर्ड स्टाइल के साथ बेल्सड सेलिब्रेश को बढ़ाने/एनहांस करने के लिए यहां हैं।

फाइयरि गिल्डेड गॉडेस कलेक्शन बोल्ड और भव्य/विशाल आप के लिए सास और प्यार के बारे में है! उमस भरे/शटरी सिल्हूट में आत्मविश्वास और विचित्रता का परिचय दें, टेडिशनली गोटा के फूलों को हैदराबादी कफ वाली सलवार पर अनकंवेशनल डोलमैन स्लीव कुर्ते और रेगिंग लाल दुपट्टों के साथ सोने का पानी चढ़ा हुआ है! मोनोटोन गोल्ड के पहनावे को मेटैलिक टिश्यू लहंगे और किरण लेस के मनमोहक सोने के लहजे के साथ जोड़ा गया है। इंडो-वेस्टर्न पोशाक के लिए, छोटे टॉप और सिगरेट पैंट के साथ पारभासी/ट्रासलूसेंट कुर्ते चुनें! अवसर चाहे जो भी हो, इन मेन रेड आउटफिट्स में स्टेटमेंट और आपको सच दिखाती है - अनएपोलोगेटिक, उबेर ग्लैमरस और मल्टीफेस ।

टैसल अफेयर नवरात्रि के शानदार रंगों से इंसपायरड जीवंत स्टाइल की एक रेंज है जो आप बोहो गर्ल के लिए है । गहरे कलर-प्ले मार्डन बोहो-चिक सिल्हूटों केयफूली तैयारी की गई है ताकि आपके फेस्टिव मूड के लिए एक रेंज तैयार की जा सके। खाटीवाड़ा आबला (मिरर वर्क) जैसे मल्टी-कलर 3डी एसेंट के साथ, किट्सची-थ्रेडेड टैसल बैकलेस ब्लाउज, बस्टियर पर पोम-पोम लेस, टाई-बैक टॉप पर फ्रिंजिंग के रूप में शेल ट्रिम्स और एक स्प्रिटेट और रिदमिक इंटरप्रिटेशन में कॉइन लेस हैं। एक वाइब्रेंट साटन के माध्यम से ट्रेडिशनल गाजी सिल्क की, विशाल पहनावा बनाते हुए, आप में डांस दिवा को सेंटर स्टेज पर ले जाने दें!

नाचते हुए खानाबदोश, एक संपन्न शिल्प/क्राफ्ट विरासत, कलर स्पलैश ओवरलोड, ट्रेडिशनल सिल्हूट मार्डनराइजड, ग्रामीण/रूलर आर्ट के रूपों के डेकोरेटिव एडापशन, महाकाव्य अलंकरण/इपिक एमबिलीशनमेंट सभी एक बड़े पिघलने वाले बर्तन में वास्तव में रंगीन जिप्सी के साथ एक सेंसरी एक्पोजन/विस्फोट हैं! ओह-सो-टोस्टेड डेसर्ट से लेहरिया और शिबोरी तकनीकों की यह फ्लेमिंग हॉट रेंज सिक्कों और शंखों के साथ आती है जो फैशन कोटीयंट को कई डिग्री तक बढ़ाते हैं। फैशन हीट को मात देने के लिए काफ्तान, ब्लौसन और फ्लोर-स्वीपिंग स्कर्ट कारडीनेटस, सारोंग और ओवरले के लिक्विड मॉडल और सी-थ्रू जॉर्जेट के समकालीन/कांटेम्पोरी और सहज/इर्फटलेस पहनावा हैं। देसी-ज्वेलेड नेकलाइन्स के साथ कलर-स्प्लैश्ड टियर शॉर्ट ड्रेसेस, एम्ब्रॉएडर्ड शेवरॉन मोटिफ्स वाली पॉप लेहरिया साड़ी, ब्रीजी काफ्तान, शर्ट - सारंग स्कर्ट सेट और डायमंड की साड़ी सभी रंगों के असंख्य और शीन के साथ ड्रेपी फैब्रिक हैं ।

वन्स अपॉन ए टी-टाइम में फ्लोरल्स, भारतीय टाई-डाई टेक्नीकस, सनडाउनर सिल्हूट के साथ, जो नीमराना के सुकून भरे परिदृश्य में भिगोए गए हैं, विंटेज रानी के साथ विक्टोरियन वाइब्स इस फेस्टिवल इडिट की कुछ अन्य रेंजस हैं।

# यूरो स्कूल कनीना में रंगोली बनाओ व दीप सजाओ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

» **मदरलैंड संवाददाता**



कनीना। यूरो स्कूल में कक्षा पहली से आठवीं तक रंगोली बनाओ और दीप सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता अंतरसदनीय स्तर पर हुई। चारों सदनों के विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ इस प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने अपने-अपने कला कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इन प्रतियोगियों में प्रथम आइंसटाइन सदन, द्वितीय न्यूटन सदन, तृतीय डार्विन सदन व चौथे स्थान पर एडिसन रहा। इस शुभ अवसर पर यूरो ग्रुप ऑफ स्कूल के चेयरमैन सत्यवीर यादव, शैक्षणिक निदेशक डा राजेंद्र यादव व प्राचार्य सुनील यादव ने सभी विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को इस दीपावली के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी। साथ ही उन्होंने बताया कि हमारा भारत वर्ष देश सदा से ही अपनी परंपराओ व संस्कृति को यथा विधि संभाले हुए है। साथ ही उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए बताया कि भगवान श्रीराम की तरह आदर्शवादी व संस्कारी होना चाहिए। हमें भी उनके पद चिन्हों पर चलकर अपने माता-पिता का आदर व सम्मान करना चाहिए।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# वसुंधरा समर्थकों के घर वापसी पर लगी रोक



रमेश सर्राफ धमोरा

राजस्थान में अगले विधानसभा चुनाव होने में करीबन एक साल का समय बाकी रह गया है। चुनाव लड़ने के इच्छुक नेता अब चुनावी मैदान में आकर लोगों से जन संपर्क करना शुरू कर दिया है। मगर राजस्थान में सत्तारूढ़ दल कांग्रेस व मुख्य विपक्षी दल भाजपा में बड़े नेताओं की लड़ाई मिटने का नाम नहीं ले रही है। जिससे दोनों ही बड़े दलों का चुनावी अभियान भी प्रभावित हो रहा है। राजस्थान कांग्रेस में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जहां अपनी कुर्सी बचाने के लिए अपने पूरे दाव पेच आजमा रहे हैं। वही उनके विरोधी पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट कांग्रेस आलाकमान के भरोसे मुख्यमंत्री बनने का सपना देख रहे हैं।

भाजपा की स्थिति तो कांग्रेस से भी अधिक खराब है। जहां कांग्रेस में गहलोत व पायलट के दो ही खेमे है। वहीं भाजपा में तो हर बड़े नेता का अपना खेमा है। आपसी गुटबाजी को मिटाने के लिए भाजपा के बड़े नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, संगठन महासचिव बीएल संतोष लगातार राजस्थान का दौरा कर पार्टी के सभी नेताओं को एकजुट करने का प्रयास करते हैं। मगर जैसे ही दिल्ली से आए बड़े नेता राजस्थान से बाहर निकलते हैं। उसके तुरंत बाद ही प्रदेश भाजपा के नेता फिर से एक दूसरे की टांग खिंचाई में लग जाते हैं।

भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया आज भी खुद के मुख्यमंत्री होने का भ्रम पाले हुए हैं। उनका व्यवहार पूर्व मुख्यमंत्री का न होकर आज भी मुख्यमंत्री की तरह का ही रहता है। वसुंधरा राजे मानती है कि राजस्थान में भाजपा की सबसे बड़ी नेता वही है। उनके बिना कभी भी प्रदेश में भाजपा की सरकार नहीं बन सकती है। एक समय था जब राजस्थान में वसुंधरा का मतलब ही भाजपा होता था। मगर अब समय पूरी तरह से बदल चुका है। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद भाजपा में क्षेत्रीय नेता कमजोर पड़े हैं। वहीं केंद्रीय नेतृत्व मजबूत हुआ है।

आज भाजपा में सारे फैसले मोदी, शाह, नड्डा करते है। दिल्ली आलाकमान का फरमान ही भाजपा में कानून माना जाता है जिसे सभी मानने को बाध्य होते हैं। राजस्थान को लेकर भी भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व की सोच कुछ ऐसी ही मानी जाती है। मोदी, शाह की जोड़ी ने 2018 के विधानसभा चुनाव में वसुंधरा राजे को पूरा फ्री हैंड दिया था तथा उनको ही नेता प्रोजेक्ट कर राजस्थान विधानसभा का चुनाव लड़ा गया था। मगर उस चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के धुआंधार प्रचार के बावजूद भाजपा चुनाव हार गई थी।

उस समय वसुंधरा राजे का सबसे अधिक विरोध उनके ही राजपूत समाज द्वारा किया गया था। चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभाओं में वसुंधरा राजे की उपस्थिति के दौरान ही जनता द्वारा वसुंधरा के खिलाफ नारेबाजी की जाती थी कि मोदी तुझसे बैर नहीं वसुंधरा तेरी खैर नहीं। और उस समय प्रदेश की जनता द्वारा वसुंधरा राजे के खिलाफ की गई नारेबाजी शत प्रतिशत सही भी साबित हुई थी। 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा जहां 163 से 73 सीटों पर सिमट गई थी। वहीं 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा लगातार दूसरी बार सभी 25 लोकसभा जीतने में सफल रही थी। उस समय के चुनाव परिणामों से भी वसुंधरा का विरोध जाहिर हो जाता है।

विधानसभा चुनाव हारने के बाद भाजपा आलाकमान ने वसुंधरा राजे को राजस्थान की राजनीति से दूर कर उन्हें पार्टी का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बना दिया था। राजस्थान में वसुंधरा विरोधी धड़े के डा. सतीश पूनिया को प्रदेश अध्यक्ष व गुलाबचंद कटारिया को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बना दिया गया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनने के बावजूद वसुंधरा राजे का मन दिल्ली में नहीं लगा और वह लगातार राजस्थान में ही सक्रिय रहने का प्रयास करने लगी। समय-समय पर वसुंधरा राजे गुट के नेताओं ने उनके पक्ष में अभियान चलाकर उन्हें राजस्थान में नेता प्रोजेक्ट करने की मांग भी करते रहे। मगर भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने प्रदेश अध्यक्ष पूनिया व उनकी टीम को काम करने के लिए फ्री हैंड दे दिया। संगठन में भी वसुंधरा समर्थकों को ज्यादा तवज्जो नहीं मिली। वसुंधरा ने कई बार प्रदेश में यात्राएं निकालने का प्रयास किया मगर भाजपा आलाकमान ने उनको इजाजत नहीं दी। जिससे उनको अपने कई कार्यक्रम रद्द भी करने पड़े थे।

अब विधानसभा चुनाव नजदीक देखकर वसुंधरा राजे फिर से सक्रिय हो रही है। देव दर्शन यात्रा के बहाने वह प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर अपने समर्थकों के माध्यम से अपनी ताकत का एहसास करा रही है। हाल ही में उन्होंने बीकानेर के देशनोक में करणी माता मंदिर में दर्शन करने के बाद वहां एक बड़ी जनसभा का को संबोधित किया था। उन्होने उसी दिन बीकानेर में भी एक बड़ी जनसभा को संबोधित किया था।

बीकानेर जनसभा में वसुंधरा राजे पूर्व मंत्री देवी सिंह भाटी को पार्टी में फिर से शामिल करवाना चाहती थी। मगर पार्टी संगठन ने इजाजत नहीं दी फलस्वरूप देवी सिंह भाटी की भाजपा में घर वापसी नहीं हो सकी। यह वसुंधरा राजे के लिए एक बड़ा झटका था। देवी सिंह भाटी बीकानेर क्षेत्र के बड़े नेता माने जाते हैं और पिछले लोकसभा चुनाव में अर्जुन राम मेघवाल को प्रत्याशी बनाने से नाराज होकर भाजपा छोड़ दी थी। मगर अब वह पार्टी में फिर से घर वापसी चाहते हैं और इसकी उन्होंने घोषणा भी कर दी थी। भाटी को पार्टी में शामिल नहीं होने से उनकी बहुत किरकिरी हुई। जिससे नाराज होकर उन्होंने वसुंधरा राजे व उनके समर्थकों को जमकर खरी-खोटी भी सुनाई।

देवी सिंह भाटी की घर वापसी रोकने के साथ ही पार्टी आलाकमान ने अर्जुन राम मेघवाल व वासुदेव देवनानी सहित कुछ अन्य नेताओं की एक स्क्रीनिंग कमेटी बना दी है। जो पार्टी में शामिल होने वाले नेताओं के बारे में एक रिपोर्ट बनाकर प्रदेश अध्यक्ष को सौपेगी। उसके बाद प्रदेश अध्यक्ष निर्णय करेंगे कि शामिल होने वाले नेताओं को शामिल किया जाए या नहीं।

स्क्रीनिंग कमेटी बनने से वसुंधरा समर्थक पूर्व मंत्री देवी सिंह भाटी, सुरेंद्र गोयल, राजकुमार रिणवा, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया, पूर्व विधायक विजय बंसल सहित कई नेताओं की घर वापसी लटक गई है। वहीं पूर्व में वसुंधरा वसुंधरा राजे के कट्टर विरोधी रहे घनश्याम तिवाड़ी कि ना केवल भाजपा में घर वापसी ही हुई बल्कि उन्हें राज्यसभा में भी भेजा जा चुका है तिवारी 2018 में वसुंधरा से नाराज होकर अपनी अलग पार्टी बनाकर चुनाव लड़े थे। उसके बाद वह कांग्रेस में शामिल हो गए थे। पूर्व केंद्रीय मंत्री नटवर सिंह के बेटे जगत सिंह को भी फिर से भाजपा में शामिल कर भरतपुर का जिला प्रमुख बनवाया जा चुका है।

इसके अलावा पूर्व मंत्री लक्ष्मीनारायण दवे, राधेश्याम गंगानगर, हेमसिंह भड़ाना, धनसिंह रावत, सुखराम कोली, अनिल शर्मा, जीवाराम चौधरी, विमल अग्रवाल, प्रभुदयाल सारस्वत, राजेश दीवान, कुलदीप धनकड़, देवीसिंह शेखावत, महेंद्र सिंह भाटी, अजय सोनी, प्रहलाद टांक, अतरसिंह पगरिया, रत्ना कुमारी, देवेंद्र रावत, विक्रम सिंह जाखल सहित कई लोगों की घर वापसी हो चुकी है। इन्होंने पिछले विधानसभा चुनाव में पार्टी से बगावत कर चुनाव लड़ा था। वसुंधरा समर्थकों की घर वापसी रोककर पार्टी आलाकमान ने उन्हें सीधा संदेश दे दिया है कि राजस्थान में अब उनके मुताबिक राजनीति नहीं होगी। पार्टी नेतृत्व ही फैसले करेगा। अब आगे देखना है कि वसुंधरा राजे भाजपा आलाकमान के समक्ष हथियार डालकर समर्पण कर देती है या बगावत कर अपनी ताकत दिखाती हैं। इस बात का पता तो आने वाले समय में ही चल पाएगा।

(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार है। इनके लेख देश के कई समाचार पत्रों में प्रकाशित होते रहते हैं।)

## संपादकीय

# भय को पहचानो



बहुत तरह के मानसिक भय हमें चारों तरफ से दबाए हुए हैं।उन्हें हमें पहचान लेना पड़ेगा।उन्हें हम बिना पहचाने छोड़ भी न सकेंगे।जिस भय को हम पहचान लेंगे, वह छूट जाएगा।लेकिन हम उन्हें पहचान नहीं पाते, नये-नये नाम दे देते हैं।और नाम धोखे के हैं।हम इतनी ज्यादा चालाकी में जिए हैं हजारों वर्षों में कि चीजों पर ठीक-ठीक नाम नहीं रहने दिये। हर डिब्बे पर नाम बदल दिया है। अंदर कुछ और है, ऊपर नाम कुछ और है।इसलिए खोज भी बहुत मुश्किल हो गई है कि कौन सी चीज कहां है। एक आदमी को हम कहते हैं- यह बहुत अच्छा आदमी है। और सौ अच्छे आदमियों में से अठानवे अच्छे आदमी अच्छे नहीं होते।सिर्फ डरे हुए लोग होते हैं और डर की वजह से अच्छे मालूम होते हैं। मैं कहता हूं, मैं कभी चोरी नहीं करता।लेकिन अगर थोड़ी जांच-पड़ताल करूं तो पता चलेगा कि चोरी तो मैं भी करना चाहता हूं, लेकिन भय मुझे रोक लेता है।तब मैं अच्छा आदमी नहीं हूं, भयभीत आदमी हूं।लेकिन हम लेबल बदल देंगे। हमें पता ही नहीं चलता।एक आदमी कहता है, मैं बिल्कुल ईमानदार आदमी हूं। उसे थोड़ी जांच-पड़ताल करनी चाहिए कि कहीं ऐसा तो नहीं है कि वह बेईमान है और भयभीत है। यानी बेईमान भय, ईमानदार आदमी हो गया।लेकिन क्या यह ईमानदार की परिभाषा हुई? अगर कल उसे पता चल जाए कि एक दिन के लिए सब कानून उठा लिए गये और सब पुलिसवालों को छुट्टी दे दी गई और एक दिन के लिए कोई अदालत नहीं है, तब उसकी सारी ईमानदारी चली गई।यानी वह अब ईमानदार नहीं है। अच्छा आदमी इसीलिए कमजोर है।अक्सर ऐसा होता है कि अच्छा आदमी कमजोरी की वजह से अच्छा आदमी होता है।

और इससे उल्टा भी होता है कि बुरा आदमी अक्सर ताकत की वजह से बुरा हो जाता है।घर में एक बच्चा बिल्कुल गोबर गणेश हो तो मां-बाप कहेंगे-बहुत आज्ञाकारी है और दूसरा थोड़ा शक्तिशाली हो, तो कहेंगे- आज्ञा का उल्लंघन करता है, कहना मानता ही नहीं।लेकिन समझना जरूरी है कि गोबर-गणेश होना अच्छा होना नहीं है।हमने लेबल बदल कर लगाए हुए हैं। इसलिए जहां भय हैं वहां भी हम पकड़ नहीं पाते कि यह भय है।जहां हिंसा है, हिंसा पकड़ में नहीं आती।जहां घृणा है, घृणा पकड़ में नहीं आती।जहां प्रेम नहीं है, वहां पकड़ में नहीं आता।सब तरफ धोखा हो गया है।आदमी ने अपने भीतर की जो व्यवस्था की है, उसमें सब जगह गलत नाम लगा दिये हैं।

## इतिहास दीपावली का

# मन के अंदर की ज्योति प्रज्ज्वलित करने का पर्व है दीपावली

» डॉ श्रीगोपाल नारसन

बहुत से शुभ कार्यों का प्रारम्भ भी इसी दिन से माना गया है। इसी दिन उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य का राजतिलक हुआ था। विक्रम संवत का आरंभ भी इसी दिन से माना जाता है। यानी यह नए वर्ष का प्रथम दिन भी है। इसी दिन व्यापारी अपने बही-खाते बदलते हैं तथा लाभ-हानि का ब्यौरा तैयार करते हैं। हर प्रांत या क्षेत्र में दीवाली मनाने के कारण एवं तरीके अलग हैं पर सभी जगह कई पीढ़ियों से यह त्योहार चला आ रहा है। लोगों में दीवाली की बहुत उमंग होती है। लोग अपने घरों का कोना-कोना साफ करते हैं, नये कपड़े पहनते हैं। मिठाइयों के उपहार एक दूसरे को बांटते हैं,एक दूसरे से मिलते हैं। घर-घर में सुन्दर रंगोली बनाई जाती है, दिये जलाए जाते हैं और आतिशबाजी की जाती है। बड़े छोटे सभी इस त्योहार में भाग लेते हैं। यह पर्व सामूहिक व व्यक्तिगत दोनों तरह से मनाए जाने वाला ऐसा विशिष्ट पर्व है जो धार्मिक,सांस्कृतिक व सामाजिक विशिष्टता रखता है।



भगवान राम चौदह वर्ष का वनवास काटकर तथा असुरी वृत्तियों के प्रतीक रावणादि का संहार करके जब अयोध्या लौटे थे, तब अयोध्यावासियों ने राम के राज्यारोहण पर दीपमालाएं जलाकर महोत्सव मनाया था।इसीलिए दीपावली हिंदुओं के प्रमुख त्योहारों में से एक है। कृष्ण भक्तिधारा के लोगों का मत है कि इस दिन भगवान श्री कृष्ण ने अत्याचारी राजा नरकासुर का वध किया था।इस नृशंस राक्षस के वध से जनता में अपार हर्ष फैल गया और प्रसन्नता से भरे लोगों ने घी के दीप जलाए। वही इसी दिन भगवान विष्णु ने नरसिंह रुप धारणकर हिरण्यकश्यप का वध किया था तथा इसी दिन समुद्रमंथन के पश्चात लक्ष्मी व धन्वंतरि प्रकट हुए।

जैन मत के अनुसार चौबीसवें तीर्थंकर महावीर स्वामी का निर्वाण दिवस भी दीपावली को ही पड़ता है। सिक्खों के लिए भी दीवाली महत्त्वपूर्ण है क्योंकि इसी दिन ही अमृतसर में सन 1577 में स्वर्ण मन्दिर का शिलान्यास हुआ था। इसके अलावा सन1619 में दीवाली के दिन सिक्खों के छठे गुरु हरगोबिन्द सिंह जी को जेल से रिहा किया गया था।

नेपाल में यह त्योहार इसलिए महान है क्योंकि इस दिन से नेपाल संवत में नया वर्ष शुरू होता है। स्वामी रामतीर्थ का जन्म व महाप्रयाण दोनों दीपावली के दिन ही हुआ था। स्वामी रामतीर्थ ने दीपावली के दिन गंगातट पर स्नान करते समय ह्यओमह्न कहते हुए समाधि ले ली थी। आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती ने भारतीय संस्कृति के महान जननायक बनकर दीपावली के दिन अजमेर के निकट अपने प्राण त्याग दिये थे।

हिंदुओं में इस दिन लक्ष्मी के पूजन का विशेष विधान है। रात्रि के समय प्रत्येक घर में धनधान्य की अधिष्ठात्री देवी महालक्ष्मीजी,विघ्न-विनाशक गणेश जी और विद्या एवं कला की देवी मातेश्वरी सरस्वती देवी की पूजा-आराधना की जाती है।

ब्रह्मपुराण के अनुसार कार्तिक अमावस्या की इस अंधेरी रात्रि अर्थात अर्धरात्रि में महालक्ष्मी स्वयं भूलोक में आती हैं और प्रत्येक सद्गृहस्थ के घर में विचरण करती हैं। जो घर हर प्रकार से स्वच्छ, शुद्ध और सुंदर तरीके से सुसज्जित और प्रकाशयुक्त होता है वहां अंश रूप में ठहर जाती हैं और गंदे स्थानों की तरफ देखती भी नहीं। इसलिए इस दिन घर-बाहर को खूब साफ-सुथरा करके सजाया-संवारा जाता है। कहा जाता है कि दीपावली मनाने से लक्ष्मीजी प्रसन्न होकर स्थायी रूप से सदगृहस्थों के घर निवास करती हैं।

त्योहारों का जो वातावरण धनतेरस से प्रारम्भ होता है,वह इस दिन पूरे चरम पर आता है। यह पर्व अलग-अलग नाम और विधानों से पूरी दुनिया में मनाया जाता है। इसका एक कारण यह भी कि इसी दिन अनेक विजयश्री युक्त कार्य हुए हैं।

बहुत से शुभ कार्यों का प्रारम्भ भी इसी दिन से माना गया है। इसी दिन उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य का राजतिलक हुआ था। विक्रम संवत का आरंभ भी इसी दिन से माना जाता है। यानी यह नए वर्ष का प्रथम दिन भी है। इसी दिन व्यापारी अपने बही-खाते बदलते हैं तथा लाभ-हानि का ब्यौरा तैयार करते हैं।

हर प्रांत या क्षेत्र में दीवाली मनाने के कारण एवं तरीके अलग हैं पर सभी जगह कई पीढ़ियों से यह त्योहार चला आ रहा है। लोगों में दीवाली की बहुत उमंग होती है। लोग अपने घरों का कोना-कोना साफ करते हैं, नये कपड़े पहनते हैं। मिठाइयों के उपहार एक दूसरे को बांटते हैं,एक दूसरे से मिलते हैं।

घर-घर में सुन्दर रंगोली बनाई जाती है, दिये जलाए जाते हैं और आतिशबाजी की जाती है। बड़े छोटे सभी इस त्योहार में भाग लेते हैं। यह पर्व सामूहिक व व्यक्तिगत दोनों तरह से मनाए जाने वाला ऐसा विशिष्ट पर्व है जो धार्मिक,सांस्कृतिक व सामाजिक विशिष्टता रखता है। दीपों के पर्व की हमारे जीवन में बहुत महत्ता है। मनुष्य के जीवन में आज अज्ञानता का अंधकार तेजी से फैलता जा रहा है। यदि हमें इससे दूर करने का प्रयास नहीं करेंगे तो जीवन में कभी भी रोशनी का प्रकाश नहीं फैल पाएगा। हम केवल रस्मों के रूप में ही दिवाली मना लेते है, लेकिन उसके आध्यात्मिक रहस्यों से विमुख हो रहे हैं। यदि हमें हर घर को रोशन करना है तो जीवन में ज्ञान का दीपक जलाना होगा। हमारा पर्व भारतीय संस्कृति और सभ्यता को किसी ना किसी रूप में आध्यात्मिक सत्ता से जोड़ता है। व्यर्थ के चिंतन से जब तनाव पैदा होता है तो हमारे सोचने का तरीका का तरीका बदल जाता है। हमें महसूस होता है कि जैसे किसी ने हमारे मन में जहर घोल दिया हो। इसलिए हमेशा अपने मन को अच्छे विचारों के साथ भरना चाहिए ताकि मन मे खुशियो का प्रकाश जगमगाता रहे। जितनी भी समस्याएं पैदा होती है वह कमजोर मन की उपज है। मन का भोजन अच्छा होगा तो अच्छे विचार जन्म लेंगे जो हमें गलत फहमियों से हमेशा दूर रखने में मदद करते है। इंसान जैसा सोचता है वैसा ही बनता है। हमेशा सकारात्मक सोचो, नकारात्मक विचारों की मन में कभी भी जगह न बनने दो। आत्मा की बैटरी को हमेशा चार्ज रखने के लिए सुबह शाम 20 मिनट तक मेडीटेशन जरूर करनी चाहिए। हर इंसान में कुछ न कुछ अच्छे गुण होते है, इसलिए अच्छे गुणों को धारण करने में कभी भी पीछे नही रहना चाहिए।तभी मन की सच्ची दिवाली सुख और सम्रद्धि को जन्म दे सकती है और हम दीपावली का सच्चा रसानन्द प्राप्त कर सकते है।

(लेखक एडवोकेट हैं)

# तानाशाहों को अपनों का भी विरोध स्वीकार नहीं



सनत जैन

चीन की कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना की बैठक में जिस तरह से पूर्व राष्ट्रपति हू जिंताओ को बैठक से हाथ पकड़ कर बाहर निकाला गया। इसी तरह चीन के प्रधानमंत्री ली केकियांग को सेंट्रल कमेटी से हटा दिया गया। बंद कमरे में हुई, इस बैठक में राष्ट्रपति शी जिनपिंग को तीसरी बार राष्ट्रपति बनाए जाने पर चर्चा होनी थी। बैठक में उपस्थित सदस्यों में शी-जिनपिंग को तीसरा कार्यकाल देने की सहमति बनी हुई थी। उसके बाद भी विरोध का 1 स्वर भी शी-जिनपिंग बर्दाश्त नहीं कर सके। कम्युनिस्ट पार्टी की सेंट्रल कमेटी में केवल दो-तीन लोग ही विरोध कर रहे थे। बहुमत शी जिनपिंग के साथ था। इसके बाद भी जिस तरह से पूर्व राष्ट्रपति हू जिंताओ को हटाने के लिए बैठक के अंदर सियासी ड्रामा हुआ।उससे सारी दुनिया हतप्रभ है। हटाए गए दोनों व्यक्ति चीन के मुख्य नेतृत्व वाली सेंट्रल कमेटी के वरिष्ठतम सदस्य थे।

राष्ट्रपति जिनपिंग के बाद दूसरे नंबर पर आने वाले चीनी प्रधानमंत्री, पार्टी की भूमिका से अब पूरी तरह से रिटायर कर दिए गए हैं। शी जिनपिंग का उन्हें मुख्य प्रतिद्वंदी माना जा रहा था। पार्टी की नवनिर्वाचित एवं सबसे शक्तिशाली 7 सदस्य वाली पोलित ब्यूरो की स्थाई समिति में भी उन्हें जगह नहीं दी गई है। सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना (सीपीसी) द्वारा शनिवार को केंद्रीय समिति के 205 नए सदस्यों की सूची जारी की है। उसमें भी उनका नाम नहीं रखा गया है।

शी-जिनपिंग इस बैठक के बाद चीन के सबसे शक्तिशाली राष्ट्रपति और तानाशाह के रूप में स्थापित हो गए हैं। पूरी पार्टी पर उनका कब्जा हो गया है। विरोध के कोई स्वर अब पार्टी और सरकार के स्तर पर नहीं होंगे। यहां यह उल्लेख करना जरूरी है, कि कुछ दिनों पहले राष्ट्रपति शी-जिनपिंग की गिरफ्तारी की खबरें अंतरराष्ट्रीय मीडिया में देखने को मिली थी। उसके बाद से ही यह सियासी ड्रामा बढ़ता चला गया।

सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि पार्टी के अंदर शक्तिशाली होने के बाद भी विरोध के स्वर को जिस तरीके से दबाया गया है। उससे पार्टी के अंदर की तानाशाही बढी है। उसमें कभी भी बड़ा विस्फोट हो सकता है। निश्चित रूप से शी जिनपिंग अब मनमाने तौर पर अपने निर्णय करेंगे। बैठक से जो संदेश गया है, विरोध करने वालों को पार्टी एवं सत्ता से अलग कर दिया जाएगा। ऐसी स्थिति में अब शी जिनपिंग चीन के ऐसे राष्ट्रपति बन गए हैं। जिनके सामने कोई भी चुनौती देने की स्थिति में नहीं होगा।चीन के लिए यह स्थिति ठीक भी मानी जा सकती है। लेकिन वैश्विक स्तर पर इसके सबसे बड़े खतरे अब सामने देखने को मिल सकते हैं।

अमेरिका और चीन के बीच में पहले से ही परमाणु हथियारों के विस्तार को लेकर तलखी बनी हुई है।चीन ने एशियाई देशों में बड़े पैमाने पर कर्ज बांटा हुआ है। हांगकांग के साथ विवाद चल ही रहा है। चीन अपनी जमीन पर आधारित इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइलों की पनडुब्बी एवं हवा से लांचिंग की गई है। जिस तरह की स्थितियां सारी दुनिया के देशों में देखने को मिल रही है। उसमें अब शी जिनपिंग की भूमिका बड़ी महत्वपूर्ण हो गई है। चीन में अब उनके ऊपर कोई अंकुश नहीं रहा। आगे चलकर वह किस तरीके से चीन को आगे बढ़ाएंगे। वैश्विक स्तर पर इसका क्या असर होगा।इसको लेकर सारी दुनिया के देशों की चिंता बढ़ गई है। देखा जाए तो लोकतांत्रिक एवं मिश्रित लोकतांत्रिक व्यवस्था के बाद, एक बार फिर तानाशाही एवं राजतंत्र जैसी व्यवस्थाएं बड़ी तेजी के साथ दुनिया के देशों में देखने को मिल रही हैं। विशेष रूप से दुनिया की जो महाशक्तियां हैं।उनमें तानाशाही की प्रवृत्ति बड़ी तेजी के साथ बढ़ रही है। सारी दुनिया के देश महंगाई बेरोजगारी और आर्थिक मंदी के बीच वैश्विक व्यापार संधि को लेकर सारी दुनिया के देश चिंतित हैं। वर्तमान परिस्थितियों में बार-बार तृतीय विश्व युद्ध की आशंका व्यक्त की जा रही है। संयुक्त राष्ट्र संघ और सुरक्षा परिषद जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठन हाथी के दांत की तरह दिखावटी साबित हो रहे हैं। ऐसे समय पर चीन की यह घटना सारे विश्व को आशंकित करने वाली है।

भारत भी इसके प्रभाव से अछूता नहीं रहेगा। समय रहते, भारत सरकार को चीन के साथ अपने संबंधों, तथा व्यापार इत्यादि में विशेष सावधानी रखने की जरूरत है। हाल ही में चीन ने केन्या द्वारा कर्जे का भुगतान नहीं किए जाने के कारण, चीन ने उसकी संपत्ति जप्त कर कब्जे के प्रयास शुरू कर दिए हैं। चीन ने पिछले कुछ वर्षों में भारत के पड़ोसी देशों में बड़े पैमाने पर कर्ज बांटा है। इसके अलावा कई तरह के व्यापार समझौते भी किए हैं।चीन जिस तरह की आर्थिक एवं सामरिक स्थिति निर्मित कर रहा है। उसका असर भारत पर भी पड़ना तय माना जा रहा है। इसको लेकर सरकार को अपनी आर्थिक नीतियों और विदेश नीतियों में विशेष सजगता की जरूरत है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक संजय कुमार उपाध्याय द्वारा विवेक पब्लिशर्स, ए 16, सेक्टर 7, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, से मुद्रित एवं 203 एफ 32, विजय ब्लॉक लक्ष्मी नगर, दिल्ली -11 00 92 से प्रकाशित। सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही किया जाएगा। संपादकः संजय कुमार उपाध्याय। मो.: 8700635881, आर.एन.आई नं. DELHIN/2019/78266

## संक्षिप्त समाचार

### पारिवारिक विवाद में महिला ने लगाई फाँसी



मदरलैण्ड संवाददाता, बेगूसराय। पारिवारिक विवाद को लेकर एक विवाहित महिला ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। घटना थाना क्षेत्र के पिडोली पँचायत की है। घटना की सूचना पर पुलिस लाश बरामद कर पोस्टमार्टम हेतु बेगूसराय भेज दिया। मृतक की माँ मटिहानी निवासी मिलन देवी पति स्व0 रामानुज महतो ने तेघरा थाना में लिखित बयान में कहा कि मेरी बेटी मुन्नी देवी की शादी 10 वर्ष पूर्व हुई पिडोली नयाटोला निवासी अमित महतो से हुई थी,जिससे एक लड़का एवम तीन लड़की है। शादी के उपरांत दहेज हेतु हमेशा बेटी के साथ मारपीट करता रहता था। 23 अक्टूबर को ग्रामीण ने फोन पर बताया कि आपकी बेटी की मृत्यु हो गई है। तुरन्त तेघरा आकर पुलिस को खबर किया तो पुलिस बांध के बगल में रामाधार कुँवर के बासबिट्टी से बरामद किया गया। संदेह की मेरी बेटी के सास,ससुर,पति एवम देवर मिलकर हत्या कर लाश को गायब करने का प्रयास कर रहे थे मगर ग्रामीण के आ जाने से लाश को छोड़ कर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन कर रही है। मृतक के ससुराल वाले सभी घर छोड़ कर फरार है।

### फीजा हसन बनी टेक्निकल टेक्सटाइल इंजीनियर, परिजनों में खुशी



मदरलैण्ड संवाददाता, बेगूसराय। खोदावंदपुर गांव की फीजा हसन का चयन सरदार बल्लव भाई पटेल इंटरनेशनल स्कूल ऑफ टेक्सटाइल में इंजीनियर के पद पर चयन हुआ है. फीजा हसन की इस सफलता पर उसके परिजनों में काफी खुशी देखी जा रही है. शिक्षक दम्पत्ति मोहम्मद फूल हसन एवं रूबी खान की पुत्री फीजा हसन ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा सेंट पॉल पब्लिक स्कूल बेगूसराय से प्राप्त की है. उसने मैट्रिक की परीक्षा प्रथम श्रेणी से उतीर्ण किया. उसने एम आर डी इण्टरमीडिएट कॉलेज मेघौल से प्रथम श्रेणी में इण्टर की परीक्षा उतीर्ण किया. फीजा हसन का चयन पूर्व में लेडी इरविन कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय में फिल्म एवं वीडियो प्रोडक्शन विभाग में हुआ था. फीजा हसन दो भाईयों व एक बहन में सबसे बड़ी है. बताते चलें कि खोदावंदपुर के पूर्व अंचल अधिकारी व बेगूसराय के अपर समाहर्ता रह चुके अब्दुल हाफिज खान की फीजा हसन नतिनी है.

### विशेष चेकिंग अभियान द्रारा आरा रेलवे स्टेशन पर पकड़ा गया शराब !



मदरलैण्ड संवाददाता, आरा। आर पी एफ की विशेष चेकिंग के क्रम में आरा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 के पश्चिमि यात्री शेड के पास गाडी संख्या 20802 डाउन मगध एक्सप्रेस के पिछे समान्य बोगी के शौचालय के पास से एक ब्लू रंग का बैग उतार कर जिसमें ( )8स्त्रे टेट्रा पैक प्रत्येक 180ह्न का 80 पीस सभी [illegible] कुल मात्रा 14.400 लीटर अंग्रजी शराब लावारिस हालत में बरामद इसके संबंध में रेल थाना आरा कांड संख्या 158/22 दिनांक 23/10/22 धारा 30( ) बिहार उत्पाद मधनिषेध संशोत अधिनियम 2018 अज्ञात के विरूद्ध दर्ज किया गया वादी– सत्अन्नित गोपाल पासवान अनुसंधानकर्ता –सत्अन्नित जयनारायण सिंह।

### दीपावली, लक्ष्मी पूजा, कालीपूजा एवं छठ पर्व को लेकर निकाला गया फ्लैग मार्च



मदरलैण्ड संवाददाता, बेगूसराय। दीपावली, लक्ष्मी पूजा, कालीपूजा एवं लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा के दौरान शांति एवं विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए अधिकारियों की टीम ने रविवार की शाम फ्लैग मार्च निकाला गया. पुलिस निरीक्षक दीपक कुमार, सीओ अमरनाथ चौधरी, थानाध्यक्ष सुदीन राम, एएसआई मुंजीत सिंह के अलावे व्यापार मंडल अध्यक्ष अवनीश कुमार वर्मा पुलिस बलों के साथ खोदावन्दपुर थाना परिसर से बेगूसराय– रोसड़ा मुख्य पथ एस एच 55 होते हुए सीमान चौक तक फ्लैग मार्च किया गया. इस मौके पर पुलिस निरीक्षक ने बताया कि लोगों को सामाजिक सौहार्द के साथ दीपावली, लक्ष्मीपूजा, कालीपूजा एवं छठ पर्व मनाने के लिए प्रेरित करने एवं असामाजिक तत्वों पर निगाह रखने के उद्देश्य से फ्लैग मार्च निकाला गया है.

### दीपावली काली पूजा व छठ पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। कटिहार के थाना परिसर मनसाही में दीपावली,काली पूजा एवं छठ पर्व को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी मंजू कुमारी के अध्यक्षता में बैठक हुई। इस मौके पर जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से काली पूजा के दौरान थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर जूआ खेलने वाले पर नकेल कसने की बाते कही साथ ही छठ को लेकर नदी में बढ़ते जलस्तर को लेकर छठ घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था की मांग की। इस मौके पर बीडीओ मंजू कुमारी,थानाध्यक्ष मुकेश कुमार, प्रमुख सीता देवी, मुखिया संघ के अध्यक्ष शंकर कुमार यादव, राजद के जिला सचिव संतोष कुमार यादव, जिला परिषद प्रतिनिधि खुर्शीद आजाद, जदयू के प्रखंड अध्यक्ष महेश मंडल ,मुखिया दीपनारायण पासवान, अवधेश प्रसाद यादव, पंचाय समिति सदस्य मधुसूदन पासवान, गौतम कुमार सिंह, रतन यादव, समाज सेवी निर्मल भगत, नीरज यादव, अजित सिंह आदि मौजूद थे।

## भारतीय किसान सभा बरौनी अंचल का 17वा सम्मेलन

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेगूसराय। नवयुवक पुस्तकालय पकठौल में अखिल भारतीय किसान सभा का तेघड़ा बरौनी अंचल के 17वां सम्मेलन कामरेड राजेंद्र शर्मा और कामरेड रमेश प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में शुरू हुई। सम्मेलन केपूर्व कॉमरेड दिनेश सिंह ने झंडोत्तोलन किया। सम्मेलन में एक शोक प्रस्ताव पारित कर पोलित ब्यूरो के सदय कॉमरेड केडीआर कृष्णन , यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ,किसान आंदोलन के दौरान दिवंगत 750 किसानों और स्थानीय दिवंगत कॉमरेड विनय चौधरी और कामरेड अर्जुन पासवान को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सम्मेलन का उद्घाटन करते हुएबिहार राज्य खेतिहर मजदूर यूनियन के उपाध्यक्ष कॉमरेड रामविलास सिंह ने किसानों की समस्याओं पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला किसान सभा के कार्य कारी सचिव कामरेड जय गणेश चौरसिया ने रिपोर्टिंग पेश की ,जिसमें उन्होंने बताया कि क्रोना के कारण यह सम्मेलन दो वर्ष लेट से हो रहा है। लेकिन क्रोना काल में भी छोटी-छोटी मीटिंग होती रही और किसानों की समस्याओं पर बातचीत होती रही। किसान सभा के नेता कॉमरेड दिनेश सिंह ने किसान संगठन के संबंध में अपनी सारी बातों को रखा। सचिव के रिपोर्टिंग पर कामरेड रंजीत गुप्ता ,कॉमेडी जगदीश राय, कॉमरेड सुभान ,कॉमरेड अली एवं अन्य साथियों ने बहस की। और रिपोर्टिंग को सर्वसम्मति से पारित किया गया। कामरेड रमेश प्रसाद सिंह ने दिल्ली के बॉर्डर पर चलाए जा रहे किसान आंदोलन में भाग लेने के अपने अनुभवों को सम्मेलन में बताया। तेघड़ापंचायत समिति के सदस्य और खेतिहर मजदूर यूनियन के अंचल सचिव कामरेड सुरेश पासवान ने सम्मेलन मैं आए हुए प्रतिनिधियों का हार्दिक अभिनंदन किया। सम्मेलन के समापन भाषण में कॉमरेड रामचंद्र गुप्त ने बताया कि आज तेघड़ा क्षेत्र के दियारा क्षेत्र में गंगा के पार के किसानों की फसल नष्ट हो गई है। किसानों को मुआवजा मिलना चाहिए और इसके साथ खेत मजदूरों को भी आर्थिक मदद मिलनी चाहिए फसल बीमा योजना बिहार में भी लागू होनी चाहिए। कॉमरेड गुप्ता ने बताया कि डॉक्टर श्री कृष्ण सिंह की जयंती मनाई जा रही है। उन्होंने स्वामी सहजानंद सरस्वती को किसान सभा गठित करने में पूरा सहयोग किया था और वे बिहार राज्य किसान सभा के महासचिव चुने गए थे। श्रीबाबू ने ही सर्वप्रथम बिहार में जमीदारी प्रथा का उन्मूलन किया था। उन्हें मैं नमन करता हूं और प्रणाम करता हूं। कॉमरेड राजेंद्र शर्मा ने एक प्रस्ताव रखते हुए कहा कि किसानों के सारे कर्ज माफ कर दिए जाएं, प्रखंड कार्यालय में दाखिल खारिज में हो रही घूसखोरी को अविलंब बंद किया जाए खाद की कालाबाजारी पर रोक लगाई जाए, किसानों के लिए सस्ती दर पर खाद और बीज का प्रबंध किया जाए और दाखिल खारिज कार्य को और आविलंब निपटाया जाए। उनके प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया। सम्मेलन में 17 सदस्यों की एक कार्यकारिणी समिति का निर्माण किया गया जिसके अध्यक्ष कॉमरेड यदुनंदन महतो, उपाध्यक्ष- कॉमरेड राम चंद्र गुप्त सचिव -कामरेड रमेश प्रसाद सिंह उपसचिव - कॉमरेड जय गणेश चौरसिया और कोषाध्यक्ष चंदन कुमार को चुना गया इसके अलावा 13 अन्य सदस्यों को जिला सम्मेलन की डेलीगेट हेतु चुना गया।

## एचईसी धुर्वा रांची का पुनरुत्थान एवं पुराना गौरव प्राप्त करने हेतु एक सामूहिक हवन का आयोजन



» मदरलैण्ड संवाददाता

राँची। भारतीय मजदूर संघ प्रदेश कार्यालय सीडी 206 सेक्टर 3 धुर्वा रांची में सामूहिक हवन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। सामूहिक हवन कार्यक्रम में भारतीय मजदूर संघ एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभिन्न अनुषांगिक संगठन के प्रमुख पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। छोटी दीपावली के शुभ अवसर पर हवन का कार्यक्रम रखा गया और इस पवित्र दिवस एवं उत्सव पर एच ई सी संस्थान को पुनरुत्थान के लिए एवं एचईसी से संबंध सभी संस्थानों एवं परिवारों के सुख समृद्धि के लिए विशेष रूप से याचना की गई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भारतीय मजदूर संघ का प्रदेश संगठन मंत्री बृजेश ,राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य सुरेश सिन्हा,कार्यालय मंत्री सुनील,रांची जिला अध्यक्ष संतोष,विभाग प्रचारक पिंटू एवं बृजेंद्र,पांचजन्य का पत्रकार मंगला,वरिष्ठ सम्मानित कार्यकर्ता के एन सिंह एवं रमाकांत , एचएससी कर्मचारी संघ के महामंत्र रमाशंकर अध्यक्ष राम जीतू एवं अन्य गणमान्य कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी गण इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## दो जिला का एकलौता बीड़ी अस्पताल बंद होने के कगार पर सुधि लेने वाला कोई नहीं!

» मदरलैण्ड संवाददाता



बछवाड़ा। दो जिलों का एकलौता बीड़ी संगठन अस्पताल 32 वर्षों बाद बंद होने के कगार पर पहुँच गया वर्षों से स्वास्थ्य कर्मी से लेकर दवा की घोर अभाव! अस्पताल खुले के समय से कई वर्षों से दो जिला के बीड़ी श्रमिक अपना इलाज कराने के लिए सैकड़ों के संख्या में आया करते थे स्वास्थ्य कर्मी दवा के अभाव में बीड़ी श्रमिक इलाज के लिए दर-दर भटक रहे हैं! इस अस्पताल की सुधि प्रशासन, सांसद, विधायक, राजनीतिक दल के नेता मुनासिब नहीं समझ रहे हैं! भारत सरकार (श्रम संगठन) विभाग ने बेगूसराय एवं खगड़िया जिला के हजारों बीड़ी श्रमिकों के समेत इनके परिजनों के बेहतर इलाज के लिए वर्ष 1989 में स्थैतिक चल- अचल चिकित्सालय बछवाड़ा (बैंक बाजार) में एक निजी भवन में संचालित किया गया था! विभाग ने एक डॉक्टर,एक नर्स, एक ड्रेसर, एक फर्मा सिस्ट, एक स्वीपर, एक जीप चालक का पद सृजित इस अस्पताल के लिए किया गया था! इन दिनों अस्पताल में डॉक्टर, नर्स ड्रेसर, फर्मा ससिस्ट, नर्स के साथ दवा भी नदारद है! अस्पताल मरघट बनकर रह गयी है! बताते चले इस अस्पताल से जुड़े करीब 45 हजार कार्डधारी बीड़ी श्रमिक हैं! इन बीड़ी श्रमिकों के करीब लाखों परिवारों का इलाज हो रहा था! बेगूसराय खगड़िया के सांसद, विधायक, प्रशासन के लिए चुनौती भरा सवाल है! बीड़ी श्रमिक जानना चाहती है बीड़ी श्रमिक का एकलौता अस्पताल बंद हो जायेगा कि चालू रहेगा अस्पताल चालू रहे तो सारी सुविधा मुहैया करायी जाय!

## सोनापुर में केदारनाथ की झलक: काली पूजा को लेकर श्रद्धालुओं में गजब का उत्साह

» मदरलैण्ड संवाददाता




नरपतगंज। सोनापुर बाजार का प्रसिद्ध ऐतिहासिक श्री श्री 1008 सार्वजनिक काली मंदिर में इस बार केदारनाथ मंदिर की तरह पंडाल बनाया गया हैं। बता दे की विगत वर्ष 2021 में अक्षरधाम एवं वर्ष 2019 चंद्रयान 2 की थीम पर पंडाल बनाया गया था। पंडाल को भव्य रूप देने के लिए कारीगरों के साथ-साथ पूजा कमिटी के कार्यकर्ता कई सप्ताह पूर्व से कार्य कर रहे है। माँ काली की प्रतिमा एवं अन्य देवी देवताओं की प्रतिमाओं को मूर्तिकार अंतिम रूम देने में जुटे हुवे हैं।

**ऐतिहासिक हैं काली मंदिर**

श्री श्री 1008 सार्वजनिक कली मंदिर सोनापुर का इतिहास अति प्राचीन हैं। पुराणे जानकर लोग बताते है कि 30 से 40 के दशक के समय काली मंदिर लकड़ी उसके ऊपर टीन से बना हुआ था। तदुपश्चात वर्ष 2006 में काली मंदिर का जीणोद्धार किया। जिसमें मंदिर से निकले लकड़ी के तख्त एवं शिलापट्ट में प्राचीन पांडुलिपिया लिखी पाई गई हैं।

श्री श्री 1008 सार्वजनिक काली पूजा समिति सोनापुर बाजार के अध्यक्ष ललित कु० भगत उर्फ बबलू ने बताया कि आगामी 24 तारीख को निशा पूजा व 25 तारीख को महाभण्डारा( खिचड़ी. खीर) का आयोजन एवं दिनांक-26 तारीख को विसर्जन किया जाएगा। काली पूजा को सफल एवं शांतिपूर्वक मनाने हेतुक सभी तैयारियां पूरी कर लिया गया हैं। मंदिर एवं मेला में भीड़ नियंत्रण के लिए स्थानीय स्वयं सेवक एवं बथनाहा पुलिस कटिबद्ध हैं।

इस शुभ अवसर पर अजय साह ( भाजपा पंचायत अध्यक्ष सह सक्रिय समाजसेवी).धीरेंद्र साह(सचिव) विश्वनाथ भगत. कन्हैया यादव(समाजसेवी)बसंत पण्डित.गोविंद भगत.संजय भगत.जितेंद्र साह.सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## पर्यावरण की रक्षा इलेक्ट्रॉनिक बाहनों से होगी



» मदरलैण्ड संवाददाता

बेगूसराय। पर्यावरण की रक्षा इलेक्ट्रॉनिक बाहनों से होगी। श्री सुरेश इलेक्ट्रिक बाइक सो रूम का उदघाटन प्रेम युथ फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने फीता काटकर किया। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रयोग से पर्यावरण की रक्षा होगी साथ ही इंधन की बचत होगी। वही शो रूम के संचालक देवानंद ने कहां की यहां मिनिमम ₹55000 हजार रुपये मात्र से शुरू होकर ₹3 लाख रुपये तक की गाड़ी उपलब्ध है साथ ही गाड़ी की फूल सर्विसिंग की सुविधा उपलब्ध है मॉडल में लेटेस्ट टेक्नोलॉजी उपयोग किया गया है साथ ही यहां पर आम लोगों के लिए फाइनेंस की भी आसान सुबिधा उपलब्ध है मात्र ₹15000 की डाउन पेमेंट कर गाड़ी अपने घर ले जा सकते हैं बाकी के आसान किस्तों में अपनी सुविधा अनुसार जमा कर सकते है। यह शोरूम पुराने एनएच पर खुसरूपुर चौराहा से पुरब दुर्गा मंदिर के पास स्थित है। वही मौके पर उपस्थित पुर्व उपमुखिया दिलीप कुमार ने कहा की आज जिस तरह से पेट्रोल, डीजल की कीमत आसमान छू रहा है जिससे आम लोगों की पहुच से पेट्रोल गाड़ी दूर होते जा रहा है। आज खुशरूपुर में इलेक्ट्रिक बाइक की शो रूम खुल जाने से खुशरूपुर के ग्रामीण को आसानी से उपलब्ध होगी और ये खुशरूपुर के आस-पास के क्षेत्र में इलेक्ट्रिक बाइक की क्रांति आयेगी। साथ ही वायु प्रदूषण में कमी आयेगी। इस मौके पर आनंद कुमार,कौशल कुमार, रीना कुमारी,आयुष सिंह,देवानन्द कुमार, ,समर्थ यादव मौजूद रहे

## छठ महापर्व को लेकर जिलाअधिकारी ने किया विभिन्न घाटों का निरिक्षण



» मदरलैण्ड संवाददाता

पटना। पटना जिला अधिकारी डॉ चंद्रशेखर सिंह एवं अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश रंजन ने फतुहा के विभिन्न घाटों का किया निरीक्षण किया एवं सभी घाटों को दुरुस्त करने का दिशा निर्देश दिए। गंगा नदी का पानी का जल स्तर इस बार इतना बढ़ा हुआ था कि सभी लोग चिंतित थे कि घाटों का उचित व्यवस्था कैसे किया जाए। जब गंगा नदी का पानी का जल स्तर तीन चार फीट घटते ही अधिकारीगण निरिक्षण को पहुंचे। सभी घाटों पर अधिकारियों ने छठ महापर्व को लेकर गंगा घाटों को सुरक्षित और दुरूस्त करने का निर्देश दिए। और बताया गया कि सभी घाटों पर पुख्ता इंतजाम किया जाय। गंगा घाटों पर एनडीआरएफ की टीम, पुलिस फोर्स, गंगा किनारे गहरे में गहरे पानी को देखते हुए ब्रकेटिंग, लाईटिंग की उचित व्यवस्था, स्नान कर कपड़ा बदलने के लिए चेंजिंग रूम, घाट किनारे जाने वाले राहुल का उचित व्यवस्था को अच्छी तरह से देख लेख कर सही समयानुसार तैयारी करना है। गंगा के विभिन्न घाटों पर छठ महापर्व को लेकर घाटों का निरिक्षण के लिए पहुंचे जिलाधिकारी डॉ चंद्रशेखर सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश रंजन, डी एस पी राजेश कुमार मांझी, प्रखंड विकास पदाधिकारी धर्मवीर कुमार प्रभारी अंचलाधिकारी पल्लवी मिश्रा थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार मुकेश द्वारा कटैया घाट, त्रिवेणी संगम घाट, मस्ताना घाट, कटैया घाट मौनिया घाट, महावीर घाट सिढी घाट, इस प्रकार दर्जनों घाटों का निरिक्षण किया गया। इस मौके पर मैनेजर सिटी मैनेजर साकेश कुमार पूर्व वार्ड पार्षद संजय गोप, पूर्व वार्ड पार्षद दीपक कुमार, मोहम्मद राजू, , मोहन पासवान, के साथ बहुत सारे लोग मौजूद थे।

# छौड़ाही पुलिस ने शाहपुर व अमारी पंचायत की सीमा के सुनसान सड़क से भारी मात्रा में विदेशी शराब की बरामद

### अंधेरे का फायदा उठाकर शराब तस्कर पिकअप पर लोड 90 कार्टन शराब छोड़ हुए फरार

» मदरलैण्ड संवाददाता




बेगूसराय। छौड़ाही सहायक थाना क्षेत्र के शाहपुर तथा अमारी पंचायत की सीमा पर एक ईट चिमनी के बगल से गुजरने वाली सुनसान सड़क पर छौड़ाही पुलिस ने शनिवार की देर रात गुप्त सूचना के आधार पर भारी मात्रा में शराब की खेप को बरामद किया है। जबकि पुलिस के आने की भनक लगते ही शराब तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर पिकअप पर लोड विदेशी शराब को छोड़कर म मौके से फरार हो गया। रविवार को ओपी परिसर में पत्रकारों को जानकारी देते हुए ओपी अध्यक्ष राघवेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि चिमनी के बगल की ओर से गुजरने वाली सुनसान रास्ते पर से शराब की खेप को तस्कर द्वारा खपाने की तैयारी की गई है। इसी सूचना पर पुलिस दल बल के साथ जब उक्त स्थान पर छापेमारी को पहुंची तो पुलिस की नजर चिमनी से करीब 200 मीटर उत्तर पश्चिम की दिशा में सड़क किनारे एक गन्ना की खेत के पास खड़ी पिकअप वाहन पर पड़ी। जहां पुलिस के नजदीक पहुंचते ही शराब तस्कर पुलिस वाहन को देखकर फरार हो गए। ओपी अध्यक्ष ने बताया कि तस्करों के फरार होने के पश्चात पुलिस ने समस्तीपुर जिले की पंजीकृत पिकअप वाहन पर लोड विदेशी शराब को जब्त कर थाने ले आई। जहां पुलिस ने पिकअप पर से हरियाणा निर्मित इम्पीरियर ब्लू ब्रांड की 90 कार्टन विदेशी शराब की खेप को बरामद किया है। जिसमें पुलिस की गिनती में 31 कार्टन में 180 एमएल की 1488 बोतल, 26 कार्टन में 375 एमएल की 624 बोतल तथा 33 कार्टन में 750 एमएल की 396 बोतल को मिलाकर कुल 2508 बोतल विदेशी शराब मिली हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शराब तस्कर त्योहारों को देखते हुए शराब की खेप को मंगाकर ओपी क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में खपाने की तैयारी में थे लेकिन पुलिसिया कार्रवाई के बाद उनके अरमानों पर पानी फिर गया। वही दूसरी तरफ पुलिस पिकअप के पंजीयन नंबर के आधार पर वाहन स्वामी समेत अन्य शराब तस्करों तक पहुंचने का सुराग ढूंढने में जुट गई है। ओपी अध्यक्ष ने आगे बताया कि पुलिस बारीकी से मामले की तफ्तीश में जुटी है। शराब तस्करों की पुख्ता इनपुट मिलते ही पुलिस बिहार मध निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर सभी तस्करों पर सख्त से सख्त कार्रवाई करेगी।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



## संक्षिप्त समाचार

### अग्निकांड में 5 परिवार का आवासीय घर जलकर राख लाखों के संपत्ति जलने का अनुमान

मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। आजमनगर कटिहार प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत जोकर पंचायत के मढ़िया गांव में अचानक आग लगने से 5 परिवार का आवासीय घर जलकर राख हो गया इस अग्निकांड में लाखों की संपत्ति जलने का अनुमान है आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है घटना करीब दिन के 2:00 बजे की है घटना की सूचना अंचल अधिकारी आजमनगर को दे दी गई है प्राप्त जानकारी के अनुसार जोकर पंचायत के मरिया गांव में भीषण अग्निकांड में विजय चौधरी सुभाष चौधरी अजय चौधरी जगदेव चौधरी शोभा देवी आदि परिवार का आवासीय घर जलकर राख हो गया इस दौरान घर में रखे विजय चौधरी का 10,000 नकदी सहित कपड़ा बर्तन खाने का अनाज आदि जलकर राख हो गया जबकि अन्य सभी परिवारों के घर में रखें खाने का अनाज बर्तन कपड़ा आदि जलकर राख हो गया अंचल अधिकारी संजय कुमार ने राजस्व कर्मचारी को जांच कर अभिलंब रिपोर्ट समर्पित करने के लिए कहा है अंचल अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि सरकारी प्रावधान के अनुरूप अग्निकांड से पीड़ित परिवारों को सहायता प्रदान की जाएगी।

### फुलहारा गांव से पुलिस ने दो शराबियों को किया गिरफ्तार

मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। मनसाही पुलिस ने गस्ती के दौरान फुलहारा गांव के इमली टोला में शराब पीकर हंगामा कर रहे दो शराबियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार आरोपियों में कुमारीपुर के विकास कुमार यादव एवं आजमनगर के विद्यानंद मंडल शामिल हैं। आरोपियों के खिलाफ गस्ती दल में शामिल एस आई अक्षय कुमार के बयान पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करने के बाद दोनों आरोपियों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनसाही में मेडिकल कराया गया जिसके बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### मनसाही- जयनगर मार्ग के दलदलिया पुल के पास नवजात का मिला शव स्थानीय युवाओं ने जानवरों से बचाने के लिए किया दफन

मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। मनसाही–जयनगर मुख्य मार्ग के जयनगर दलदलिया पुल के पास एक नवजात के शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। प्राप्त सूचना के अनुसार अहले सुबह जयनगर दलदलीया पुल के पास ग्रामीणों ने एक नवजात के शव को देखा। जिसके बाद देखते देखते यह खबर आग की तरह फैल गई। जब काफी देर तक बच्चे के शव को किसी ने पहचान नहीं किया और लोग तमाशबीन बने रहे। कई घंटों तक जब पुलिस प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों ने घटना सुधि नहीं ली तब स्थानीय युवाओं ने शव को जानवरों एवं पक्षियों से बचाने के लिए पुलिस को सूचना देते हुए शव को घटनास्थल के पास से दफन कर दिया।

### दो शराबियों को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। मनसाही पुलिस ने गस्ती के दौरान मनसाही के बड़ी बथना कॉल स्टोरेज के पास शराब पीकर हंगामा कर रहे दो शराबियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार आरोपियों में उदामारखा गांव के अरविंद कुमार एवं गाड़ीघाट के सोनू कुमार शामिल हैं। आरोपियों के खिलाफ गस्ती दल में शामिल एसआई सुशील कुमार के बयान पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करने के बाद दोनों आरोपियों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनसाही में मेडिकल कराया। जिसके बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### फरार वारंटी को भेजा जेल

मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। मनसाही पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर वरलक्ष्मीपुर गांव में कई माह से फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार वारंटी का नाम हीरा यादव उर्फ हीरो हैं। जिसे वरलक्ष्मीपुर वारंटी के घर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनसाही में मेडिकल कराया ,जिसके बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### जुआरियों व शराब तस्करों का सेफ जोन बना भेड़मारा बलवा गांव

मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। मनसाही थाना क्षेत्र का भेड़मारा पंचायत का बलवा गांव इन दिनों जुवारियों और शराब तस्करों का सेफ जोन बना हुआ है, मिली जानकारी के अनुसार शराब तस्करों के द्वारा बलवा गांव के बहियार में जुवा बड़े पैमाने पर कराया जाता है, सूत्रों के अनुसार यहां रोजाना दस से पचास लाख रुपए तक के जुवा का खेल होता हैं यहां स्थानीय के साथ साथ जिले के विभिन्न भाग व पड़ोसी राज्य झारखंड के भी अपराधिक किस्म के जुवारी का शाम सात बजे ही जमा होने लगते हैं , जूवा संचालक द्वारा खेल के अड्डे पर शराब भी उपलब्ध कराई जाती है, बताया जाता हैं, की ये जूवा संचालक जो शराब की तस्करी भी करते हैं,इतने दबंग हैं, की लोग चाहकर भी इसका विरोध नही कर पाते, अगर कोई विरोध करता हैं, तो ये लोग उसके साथ मारपीट और झूठे मुकदमे में फसाने की धमकी देते हैं, क्षेत्र के प्रबुद्ध लोगों ने प्रशासन से इस बुराई पर रोक लगाने की मांग की हैं।

### बेसाघाट में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। प्रखंड क्षेत्र के साहेबनगर पंचायत के वार्ड नम्बर–4 बेसा घाट में साहेबनगर पंचायत के पंचायत समिति सदस्य मधुसूदन पासवान उर्फ कन्हैया कुमार के द्वारा वार्ड सदस्य अब्दुल मन्नान के दरवाजे पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनसाही के लेखापाल अनिमेष कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन बेसाघाट में किया गया जिसमें सैकड़ों लोगों को इलाज कर आयरन,विटामिन आदि दावा निःशुल्क दिया गया। मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनसाही के डॉक्टर मनीष कुमार मनुवंश,फार्मासिस्ट मो0 रहमते आलम, जीएनएम कैलाश चौधरी, जीएनएम श्वेता गुप्ता, आशा चन्दा कुमारी आदि मौजूद थे।

### ईर्ष्या व भेदभाव को समाप्त करने के लिए सत्संग अवश्य करें: राम कृष्ण दास

मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। मनसाही प्रखंड क्षेत्र के साहेबनगर पंचायत के मनसाही हॉट अवस्थित संत सम्राट सद्गुरु कबीर आश्रम कबीर नगर मनसाही में सत्संग का आयोजन किया गया। इस मौके पर संत सम्राट सतगुरु कबीर आश्रम कबीरनगर मनसाही के सेवक राम कृष्ण दास ने सत्संग में आए सत्संग प्रेमियों को कहा कि अभी के समय में लोगों में ईर्ष्या व भेदभाव काफी रहता हैं।लोग गलत राह पर चल रहे हैं, वेविचार कर रहे हैं, चोरी कर रहे हैं, इन सभी को रोकने के लिए सत्संग के माध्यम से आम लोगों को एवं सत्संग प्रेमियों को सत्संग के माध्यम से जगा रहे हैं , इसलिए हम लोग भी सत्संग के माध्यम से जो लोग गलत रास्ते पर चल रहे हैं, उसको सत्संग के माध्यम से गलत रास्ते पर चलने से रुकने के बारे में कह रहे हैं। इस अवसर पर सत्संग प्रेमियों में सेवक रामविलास दास, रामकृष्ण दास, रामनाथ दास, जगन्नाथ दास,श्याम नारायण दास,जलंधर दास, रंभा दासिन,राज कुमार दास, सत्य नारायण दास, वासुदेव दास, सुरेश दास,जिछो दासिन,फुलकी दासिन, उषा दासिन आदि मौजूद थे।

## जरूरत मंद किसानों को योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ दिलावें:-उदयन मिश्रा डीएम कटिहार



» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। सरकार के दिशा निर्देश के आलोक मे कृषि विभाग के तत्वावधान मे टाऊन हाल मे रवि महाभियान सह.कृषि कर्मशाला का आयोजन किया गया ।जिसका उद्घाटन जिला पदाधिकारी उदयन मिश्रा ने दीप प्रज्जवलित कर किया।अपने संवोधन मे जिलाधिकारी श्री मिश्रा ने रवि अभियान के तहत बेहतर फसल उत्पादन को लेकर किसनों को हर संभव सरकारी मद्द व तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराने का निदेश दिये। किसानों से संवंधित योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ किसानों को उपलव्ध कराने का निदेश संवंधित पदाधिकारी व कर्मियों को दिये ।कृषि उत्पाद की बेहतर ऊपज के लिए सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी किसानों को दिये जाने सहित इन योजनाओं का लाभ उठाने मे किसानों को प्रेरित करने, आवेदन करने मे मदद करने को कहा ।किसानों के लिए सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं मे किसी भी स्तर पर कोताही वरदास्त नहीं की जाएगी ।कृषि, आत्मा, यांत्रिक व प्रौद्योगिकी सहित उद्यान विभाग द्वारा संचालित योजनाओं को हर जरूरत मंद किसानों तक पहुंचाने के निदेश दिये। इस मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी दिनकर प्रसाद ने चालू रवि मौसम मे निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने मे विभाग द्वारा तैयार रुप रेखा प्रस्तुत किये ।उन्होंने सूबे के कृषि मंत्री द्वारा निर्धारित बीस सूत्री कृषि व कृषक उपयोगी बिन्दुओं की अक्षरसः पालन का संकल्प व्यक्त किया ।इस मौके पर कृषि विज्ञान केन्द्र के वरीय वैज्ञानिक, सहायक उद्यान निदेशक डा० राहुल कुमार, सहायक निदेशक शस्य सुदामा ठाकुर, सहायक निदेशक रसायन नीलाम्बर जी. मो शहजाद आलम, आत्मा के परियोजना उप निदेशक शशिकांत झा ने किसानों के प्रशिक्षण, प्राकृतिक खेती, कृषक हित समूह सहित अन्य उपयोगी जानकारी दी ।अनुमंडल कृषि पदाधिकारी मनिहारी मृत्युंजय चौबे, ने भी अपने अपने विभाग की जानकारी दी। मंच का सफल संचालन वरीय कृषि समन्वयक अभिनंदन झा ने की। अनुमंडल कृषि पदाधिकारी कटिहार रंजीत झा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यशाला संपन्न हुई।

## बिहार के कटिहार जिला बंगाल और झारखंड के सीमावर्ती क्षेत्रों से जुड़े होने के कारण दीपावली और छठ के मोके पर जिला काफी समवेदन शील माना जाता है



» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। बिहार के कटिहार जिला बंगाल और झारखंड के सीमावर्ती क्षेत्रों से जुड़े होने के कारण दीपावली और छठ के मोके पर जिला काफी समवेदन शील माना जाता है, कटिहार प्रशासन हर परिस्थिति से निपटने के लिए व्यापक प्रबंध किए हैं इसी कड़ी में धनतेरस दीपावली और छठ के मौके पर कटिहार शहर में एसएसबी और कटिहार पुलिस ने सुरक्षा के मद्देनजर संयुक्त फ्लैग मार्च निकला ।इस मोके पर कटिहार नगर थाना अध्यक्ष राघवेंद्र कुमार ने कहा कटिहार पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देश पर या फ्लैग मार्च निकाली गई है लोगो को मैसेज दे रहे मिल जुलकर आपसी सौहार्द भाई चारे से पर्व मनाये राघवेंद्र कुमार सिंह नगर थाना अध्यक्ष कटिहार।

## छौड़ाही में विद्युत विभाग की छापेमारी से मचा हड़कंप

» मदरलैण्ड संवाददाता

● अनाधिकृत रूप टोका फंसाकर बिजली उपयोग करने वाले 3 लोगों पर एफआईआर दर्ज

बेगूसराय। छौड़ाही प्रखंड क्षेत्र में बिजली बकाएदार व चोरी कर बिजली उपयोग करने वालों के विरूद्ध विद्युत विभाग की कार्रवाई लगातार जारी है। जिससे चोरी छिपे बिजली उपयोग करने वालों के बीच हड़कंप मचा हुआ है।इसी के मद्देनजर विद्युत विभाग की टीम ने दो अलग-अलग पंचायतों में छापेमारी कर तीन लोगों पर छौड़ाही ओपी में एफआईआर दर्ज कराया है।

विद्युत आपूर्ति प्रशाखा खोदावंदपुर के जेई ललन कुमार ने बताया कि विद्युत कार्यपालक अभियंता के निर्देश पर ओपी क्षेत्र के सिहमा पुस्तकालय के नजदीक छापेमारी की गई जहां अयोध्या महतो के पुत्र हरिशंकर महतो टोका फंसाकर बिजली उपयोग करते पाए गए। कुछ इसी प्रकार सिहमा पंचायत के बकारी निवासी सौदागर सहनी के पुत्र गणेश सहनी तथा छौड़ाही निवासी राजेंद्र चौधरी के पुत्र रमेश चौधरी भी एलटी लाइन में टोका फंसाकर घरेलू बिजली चोरी करते मिले। जेई ने बताया कि तीनों उपभोक्ता पर पूर्व से विभाग का बकाया था और राशि जमा नहीं करने पर उनकी विद्युत सेवा विच्छेदित कर दी गई थी। जिसके बावजूद ये बकाया तथा आरसी राशि जमा किए बिना चोरी-छिपे टोका लगाकर घरेलू बिजली उपयोग कर रहे थे।

जिसके बाद बिजली विभाग ने भारी जुमार्ना लगाते हुए तीनों पर भारतीय विद्युत अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत विद्युत चोरी की एफआईआर दर्ज कराई है। इधर एफआईआर दर्ज होते ही पुलिस आगे की आवश्यक कार्रवाई में जुट गई है।

## जगदीशपुर में धनतेरस में हुई रिकार्ड बिक्री

» मदरलैण्ड संवाददाता



पटना। जगदीशपुर में इस साल धनतेरस दो दिन मनाया जा रहा है। कल और आज दोनों दिन देश भर के बाजारों में ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ी। दो वर्ष कोरोना के कारण बाजार से दूर रहने वाले ग्राहक अब फिर वापिस बाजार में पूरे जोर-शोर से आ गए हैं। कैट का यह अनुमान है कि इस वर्ष दिवाली त्योहार की संपूर्ण बिक्री का आंकड़ा 50 लाख के पार होगा ।जगदीशपुर बाजार में दो दिनों तो सिर्फ ज्वैलरी ही सिर्फ एक करोड़ रुपये की बिकी। बांकी 2 करोड़ रुपये में ऑटोमोबिल, कम्प्यूटर एवं कंप्यूटर से संबंधित सामान, फर्नीचर, घर एवं कार्यालयों की साज सज्जा के लिए जरूरी सामान, मिठाई एवं नमकीन, किचन का सामान, सभी प्रकार के बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल आदि बिके।

धनतेरस के दोनों दिन जगदीशपुर बाजारों में उमरी भीड़

गहने के साथ सिक्के और मूर्ति भी बिके,इस साल कम सोने का आयात हुआ तो पिछले दो वर्षों के स्टॉक की भी बिक्री बड़ी मात्रा में हुई है। उन्होंने बताया कि दो दिन के धनतेरस त्योहार के चलते देश भर में लगभग 5 करोड़ रुपये के सोने चांदी एवं डायमंड जिसमे गहनों के साथ ही सोने-चांदी के सिक्के, नोट, मूर्तियां और बर्तन की बड़ी बिक्री हुई है ।धनतेरस पर शहर के बाजार गुलजार रहे और जमकर धनवर्षा हुई। यूं तो सुबह से ही दुकान सजने शुरू हो गए थे, लेकिन जैसे-जैसे दिन चढ़ते गए बाजारो में चहल-पहल बढ़ती गई। सुबह से दोपहर तक बाजार में भीड़ कम रही, लेकिन जैसे ही दोपहर बाद ग्राहकों ने बाजार की तरफ रुख किया तो दुकानों पर चमक बढ़ गई। इस दौरान शुभ मुहूर्त देखकर लोगों ने बर्तन, जेवर, वाहन, कपड़े और इलेक्ट्रानिक्स सामानों की जमकर खरीदारी की।

धनतेरस की चमक हर बार की तरह इस बार भी बरकरार रही। पर्व पर चांदी के लक्ष्मी-गणेश के सिक्के और मूर्ति लेने की परंपरा है। दीपावली में इन्हीं सिक्कों और मूर्ति से माता लक्ष्मी और गणपति की पूजा करने का विधान है। बाजार में कई तरह के चांदी के सिक्के उपलब्ध हैं।

## विधुत स्पशार्घात से युवक की गयी जान, परिजनों में मचा कोहराम

### घटना बाड़ा पंचायत के तेतराही गांव की

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेगूसराय। रविवार की शाम विधुत स्पशार्घात से युवक की जान चली गयी. युवक की मौत की खबर सुनते ही उसके परिजनों में कोहराम मच गया. मृतक बाड़ा पंचायत के तेतराही गांव स्थित वार्ड दस निवासी ब्रहमदेव चौरसिया के लगभग 21 वर्षीय पुत्र कृष्ण कुमार उर्फ भगत है. घटना के संदर्भ में स्थानीय लोगों ने बताया कि दीपावली को लेकर युवक अपने दरवाजे पर दुकान की साफ सफाई करने के लिए शटर उठा रहा था. इसी क्रम में उसने विधुत करंट की चपेट में आ गया. जिससे वह गंभीर रुप से झूलस गया.परिजनों ने तत्क्षण उसे इलाज के लिए रोसड़ा के एक नीजी क्लिनिक में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया. मिली जानकारी के अनुसार मृतक कृष्ण मां भगवती की पूजारी था. उसकी मौत से उसके पिता ब्रहमदेव चौरसिया व माता जगतारणी देवी दहाड़ मारकर रो रही थी. मृतक के मंझले भाई महेश कुमार, बहन सुनीता देवी व लक्ष्मी कुमारी अपने छोटे भाई कृष्ण की मौत से फफक फफककर रो रही थी. कृष्ण की मौत से उसके परिजनों पर विपत्ति का पहाड़ टूट पड़ा है. मृतक के शव को देखने पहुंचे लोगों के आंखों में भी आंसू थमने का नाम नहीं ले रहा था. इस घटना को लेकर पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है. वहीं दूसरी ओर घटना की सूचना मिलते ही दर्जनों सामाजिक व राजनीतिक दलों के कार्यकताओं ने शोकाकुल परिजनों से मिलकर सांत्वना दिया. तथा इस दुख की घड़ी में पीड़ित परिवार को हरसंभव सहयोग करने का आश्वासन दिया.

बताते चले कि मृतक का शादीशुदा बड़े भाई पवन कुमार की भी आकस्मिक मौत एक वर्ष पूर्व हो गयी थी.

## दीपावली से छठ पूजा के दौरान छठ घाट पर जागरूकता शिविर का आयोजन होगी:एडीजे

» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। कटिहार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सह एडीजे अनील कुमार ने आम जनों को दीपावली से छठ पूजा के दौरान छठ घाट पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस परिपेक्ष प्रतिनियुक्त पारा विधिक स्वयं सेवकों को निर्देशित किया गया है कि आम लोगों को पटाखे से होने वाली ध्वनि एवं वायु प्रदूषण और इन से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक करना सुनिश्चित करेंगें। एक दिया विधिक सेवा का नाम अभियान के तहत आम दीपावली एवं छठ पूजा के दौरान आम लोगों 12 नवम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के संदर्भ में जागरूक करें। एडीआर सेंटर के विभिन्न आयामों जैसे मध्यस्था,प्ली बारगेनिंग, परामर्श तथा विधिक सहायता एवं सलाह आदि के लाभ के संदर्भ में जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रखंडों के पारा विधिक स्वयं सेवकों को प्रतिनियुक्त किया गया है। जो जितेंद्र कुमार,मो0 जाकिर राही, अनिल कुमार, मो0 अकील,विजय कुमार साह, अर्पिता प्रकाश पांडे, पवन कुमार,अमरजीत कुमार शर्मा विनोद सोरेन, कुमार हर्षवर्धन सोनी मुर्मू,अमोल ठाकुर, मो0 फैजुद्दीन,दीक्षा रानी चौधरी, मो0 इजहार आलम,अनिल प्रसाद मंडल, शशि भूषण ठाकुर, कपिल कुमार यादव, मो0 मखदुम, पतानो मंडल को प्रतिनियुक्त किया गया है। बीस पारा विधिक स्वयंसेवकों को इस जागरूकता कार्यक्रम के संबंध में आम लोगों को लाभ के संदर्भ में जागरूक करेंगे।

## सांसद आर. के. सिंह के द्वारा भोजपुर में विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण एवं प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गयी

» मदरलैण्ड संवाददाता

पटना। केन्दीये मंत्री आर0के0सिंह, , द्वारा को आरा स्थित विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण एवं प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गयी।

**शिवपुर छठ घाट, जगदीशपुरः- शिवपुर छठ घाट, जगदीशपुर के निरीक्षण के क्रम में निम्नांकित निदेश दिये गयेः-**

➥शिवपुर छठ घाट जाने के सड़क की मरम्मति कराने का निदेश एन0एच0ए0आई0को दिया गया।

➥शिवपुर छठ घाट पर चेंजिंग रूम की व्यवस्था, साफ-सफाई, शौचालय की मरम्मति, बैरिकेडिंग आदि कार्य कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, जगदीशपुर को कराने का निदेश दिया गया।

➥04 हैंडपाइप, स्ट्रीट लाइट आदि की मरम्मति कार्य एन0एच0पी0सी0, कार्यपालक पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर करायेंगे।

**महथिन मंदिर बिहियॉ छठ घाटः- महथिन माई मंदिर, बिहियॉ के निरीक्षण के क्रम में निम्नांकित निदेश दिये गयेः-**

➥महथिन माई मंदिर स्थित छठ घाट की साफ-सफाई, चेंजिंग रूम की व्यवस्था, लाईट आदि की व्यवस्था कराने का निदेश कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, बिहियॉ को दिया गया।

➥घाट पर 60 पोल लगाया गया है, उस पर स्ट्रीट लाइट एन0एच0पी0सी0 द्वारा कराया जाएगा। साथ ही घाट पर रोड के बगल में 200 फीट ढलाई का कार्य भी कराने हेतु निदेशित किया गया।





➥बिहिया में ओवरब्रीज के खराब लाइट की मरम्मति कराने का निदेश एन0एच0पी0सी0 को दिया गया।

**चन्दवा स्थित सूर्य मंदिर छठ घाटः- चन्दवा स्थित सूर्य मंदिर छठ घाट के निरीक्षण के क्रम में निम्नांकित निदेश दिये गयेः-**

➥चन्दवा स्थित घाट पर लगे 02 बोरवेल को ठीक कराने एवं 01 नया बोरवेल लगाने का निदेश कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, आरा को दिया गया।

➥घाट पर 01 हाईमास्क लाईट लगवाने का निदेश आई0ई0सी0 को दिया गया।

➥घाट पर बैरिकेडिंग, चेंजिंग रूम, लाइट, शौचालय आदि की व्यवस्था नगर आयुक्त, नगर निगम, आरा को कराने हेतु निदेशित किया गया।

➥01 स्थायी शौचालय का निर्माण आई0ई0सी0 को कराने हेतु निदेश दिया गया।

➥नाला का पानी जो चन्दवा घाट पर जाता है, उसको सही कराने का निदेश नगर आयुक्त, नगर निगम, आरा को दिया गया।

**गांगी घाटः- गांगी छठ घाट के निरीक्षण के क्रम में निम्नांकित निदेश दिये गयेः-**

➥गांगी घाट के नजदीक के हिस्से जहॉ श्रद्धालु लोग पूजा के समय अपना पूजा का सामान रखते हैं एवं वहॉ खड़े होते हैं वहॉ पानी लगा हुआ था, जिसके निमित कार्यपालक अभियंता, बाढ़ प्रमंडल, आरा को सैंड बैग रखवाने हेतु निदेशित किया गया।

➥घाट पर 01 हाईमास्क लाइट एवं पुल के उपर 01 हाईमास्क लाइट आई0ई0सी0 एजेंसी को लगवाने का निदेश दिया गया।

**पुलिस लाइन घाटः- पुलिस लाइन घाट के निरीक्षण के क्रम में निम्नांकित निदेश दिये गयेः-**

➥घाट की साफ-सफाई, लेबलिंग, चेंजिंग रूम आदि कार्य कराने का निदेश नगर आयुक्त, नगर निगम, आरा को दिया गया।

➥04 हाईमास्क लाइट पावरग्रीड एजेंसी को लगाने हेतु निदेशित किया गया।

➥छठ पूजा के बाद पुलिस लाइन में ऑडोटोरियम का निर्माण कराया जाएगा, इसे पावर ग्रीड करायेंगे।

➥महिला एवं पुरूष बैरक में हाई मास्क लाइट लगवाने का कार्य पावरग्रीड द्वारा किया जाएगा।

➥मोबाईल ट्वाइलेट की उपलब्धता पावर ग्रीड द्वारा कराया जाएगा।

**बेलाउर छठ घाटः- बेलाउर छठ घाट के निरीक्षण के क्रम में निम्नांकित निदेश दिये गयेः-**

➥बेलाउर घाट पर 10 चापाकल की मरम्मति कराने का निदेश कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, आरा को दिया गया।

➥02 मेडिकल टीम की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का निदेश सिविल सर्जन, भोजपुर को दिया गया।

➥ 04 हाईमास्क लाइट लगवाने का कार्य एन0टी0पी0सी0 करायेंगे। साथ ही छठ पर्व के लिए लाइट एवं साउंड की व्यवस्था 01 कंट्रोल रूम बनवाने का कार्य, 05 मोबाईल ट्वाइलेट की व्यवस्था इनके द्वारा ही कराया जाएगा।

➥01 तरफ छठ घाट बनवाने का कार्य भी एन. टी.पी.सी. द्वारा कराया जाएगा।

उक्त के अतिरिक्त कलेक्टेरिएट छठ घाट, धरहरा स्थित घाट, पावरगंज घाट आदि की साफ-सफाई, चेंजिंग रूम की व्यवस्था, लाइट की व्यवस्था आदि कराने का निदेश नगर आयुक्त, नगर निगम, आरा को दिया गया ।

➥धरहरा से शीशमहल चैक, गोपाली, चैक, दुर्गा मंदिर, बड़ी मठिया, नवादा से पंचमुखी मंदिर तक के रोड का निर्माण कार्य जो कार्यपालक अभियंता, शाहाबाद पथ प्रमंडल आरा कराया जाएगा। इसके लिए विभागीय प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कराने हेतु निदेशित किया गया।

➥ गोपाली चैक से धर्मन चैक, नगर थाना चैक, नागरी प्रचारिणी, महिला कॉलेज तक के रोड का निर्माण नगर निगम द्वारा कराया जाएगा। इसके लिए प्राक्कलन तैयार करने का निदेश नगर आयुक्त, नगर निगम, आरा को दिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### अधिक पानी वाली छठ घाटों पर वेरीकेटिंग करें

मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। दीपावली, काली पूजा एवं छठ पर्व को लेकर थाना प्रांगण में थाना अध्यक्ष हरिप्रसाद यादव की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी अहमर अब्दाली, प्रखंड प्रमुख शुभम कुमार यादव, जिला परिषद सदस्य मुकेश कुमार पोद्दार मौजूद थे। बी डी ओ ने कहा कि शांतिपूर्ण एवं आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार को मनाएं। काली पूजा को लेकर बनाए जाने वाले पंडाल व मेला के लिए अनुमति लेने की बात कही गई। तो वही छठ घाटों पर पटाखे नहीं छोड़ने को कहा गया। छठ पूजा समिति के लोगों ने कई छठ घाटों को गिनाते हुए कहा कि उन घाटों पर बैरीकटिंग प्रशासन द्वारा कराने की बात कहीं। थाना अध्यक्ष काली पूजा दीपावली के अवसर पर जुआ खेलने, सट्टा लगाने जैसी कहीं से भी कोई जानकारी मिलती है तो उसकी सूचना पुलिस प्रशासन को दें। शराबी तथा शराब विक्रेता की सूचना प्रशासन को दें। उन्होंने किसी भी अफवाह पर ध्यान ना देते हैं ना देने तथा शरारती तत्वों की जानकारी प्रशासन देने की बात कही। इस मौके पर मुखिया निरंजन कुमार मंडल, सरपंच जगदीश प्रसाद महतो, पंचायत समिति सदस्य सूरज कुमार साह पैक्स अध्यक्ष सुबोध विश्वास, अकबर आलम, रईस, मोहम्मद असलम, कमल यादव, कपिल यादव मनोज गुप्ता, निर्मल विश्वास कादिर खान दिनेश मंडल सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि ग्रामीण मौजूद थे।

### सदस्यता अभियान चलाकर 1250 लोगों को जदयू परिवार में शामिल कराया

मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। जदयू के शिक्षा प्रकोष्ठ के बिहार प्रदेश महासचिव रौशन अग्रवाल ने बारसोई प्रखंड के विभिन्न पंचायतों व ग्रामों में जाकर घर–घर सदस्यता अभियान चलाया। विगत एक सप्ताह में 1250 लोगों को जदयू परिवार का सदस्य बनाया। बारसोई प्रखंड के चौन्दी पंचायत के जलकुम्हर ग्राम में सदस्यता अभियान के सिलसिले में पहुंचे जदयू नेता श्री अग्रवाल ने बताया कि पूरे प्रदेश में 70 लाख लोगों को सदस्य बनाने का लक्ष्य लिया गया है। जिसे हम सबों को मिलकर पूरा करना है। जलकुम्हर ग्राम से दर्जनों लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मौके पर सदस्यता लेने वाले लोगों व खासकर युवाओं ने बताया कि नीतीश कुमार ने बिहार में सुशासन राज स्थापित किया है। राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उन्हें व उनके परिवार तथा पंचायत वासियों को प्राप्त हो रहा है। इसी से आकर्षित हो वे जदयू की सदस्यता ले रहे हैं। वही सूजन चुनारी ने कहा कि हमे विकास अमन शांति से मतलब है जब से नीतीश कुमार की सरकार बनी है विकास तेजी से हो रहा है। हम सभी रोशन अग्रवाल के नेतृत्व में बलरामपुर विधानसभा में जदयू संगठन को मजबूत एवम धार धार बनायेगे। मौके पर सुजन चुनारी, सिकन्दर चुनारी, उत्तम चुनारी, नित्तो गोपाल महंतो गौतम गोपाल महंतो, छानू चुनारी, नपुर चुनारी, पिंटू चुनारी, छोटन चुनारी, प्रमोद दास, बाया चुनारी, सहित दर्जनों लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया।

### सरकार पूँजीपतियों का 10 लाख करोड़ कर्ज.राइट ऑफ कर देती है तब करदाता क्या सोच दुःखी होते हैं - राजद

पटना, एजेंसी। राष्ट्रीय जनता दल ने पीएम मोदी द्वारा मुफ्त रेवड़ी को लेकर दिए गए बयान पर ट्वीट कर कहा गया है कि मेहुल भाई चौकसी, नीरव मोदी, ललित मोदी समेत अनेक लोग करदाताओं का लाखों करोड़ लूट कर विदेश भाग जाते है और आपकी सरकार पूँजीपतियों का 10 लाख करोड़ से अधिक कर्ज.माफ व राइट ऑफ कर देती है तब करदाता क्या सोच दुःखी होते है, कभी पीएम नरेंद्र मोदी ने सोचा भी है? बताते चलें कि पीएम मोदी ने कहा था कि टैक्स पेयर्स जब देखता है कि, उससे वसूले गए रुपयों से मुफ़्त की रेवड़ी बांटी जा रही है तो वह दुखी होता है. भर्ती अभियान की शुरूआत करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा था कि बेरोजगारी और स्वरोजगार की 100 साल की समस्या को 100 दिनों में हल नहीं किया जा सकता है.उन्होंने कहा, ₹रोजगार मेला पिछले 8 वर्षों में रोजगार, स्वरोजगार के लिए सरकार के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ है.₹ पीएम मोदी ने कहा, सरकार विनिर्माण, पर्यटन पर विस्तार पर ध्यान केंद्रित कर रही है, क्योंकि वे बहुत सारी नौकरियां पैदा करते हैं.

### किडनी का इलाज करवाकर 25 अक्टूबर को सिंगापुर से स्वदेश लौट रहे हैं लालू प्रसाद

पटना, एजेंसी। किडनी का इलाज करा राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव 25 अक्टूबर को सिंगापुर से वापस स्वदेश लौटे रहे हैं। जानकारी के मुताबिक लालू प्रसाद यादव दिल्ली से लौटकर पटना भी आ सकते हैं। लालू प्रसाद यादव अपनी किडनी का इलाज के लिए सिंगापुर गए हुए हैं। सिंगापुर में बेटी रोहिणी आचार्य के साथ रहकर लालू इलाज करवा रहे हैं। कोर्ट से लालू को 25 अक्टूबर तक देश से बाहर रहने की अनुमति मिली है। माना जा रहा है कि वापस लौटने के बाद कोर्ट से अनुमति लेकर एक बार फिर लालू लंबे इलाज के लिये सिंगापुर जा सकते हैं। फिलहाल लालू प्रसाद यादव पत्नी राबड़ी देवी, बेटी मीसा भारती के साथ पटना वापस लौट रहे हैं। लालू के इलाज के लिए उनके साथ पत्नी राबड़ी देवी और मीसा भारती भी साथ सिंगापुर में हैं। माना जा रहा है कि लालू प्रसाद के इलाज का प्राथमिक जांच की कार्रवाई पूरी हो गई है। डॉक्टरों द्वारा जांच कर ली गई है। आगे लंबे इलाज के लिये लालू एक बार फिर सिंगापुर आ सकते है उसके बाद इलाज चलेगा। लालू परिवार में मनाए जाने वाले छठ पूजा को लेकर राजद के सभी कार्यकताओं का बेसब्री से इंतजार होता है। लोगों को उम्मीद थी कि इस साल लालू परिवार में छठ जरूर जरूर होगा। माना जा रहा था कि लालू परिवार में एक साथ कई खुशियां आई हैं, जिसके बाद छठ पूजा होगी लेकिन जानकारी के मुताबिक राबड़ी देवी का स्वास्थ्य बेहतर नहीं होने के कारण इस साल भी लालू परिवार में छठ का आयोजन नही होने की संभावना है। लालू परिवार में छठ को लेकर राजद कार्यकर्ताओ की बेसब्री से इंतजार होता है।

### छठ महापर्व के लिए गंगा घाटों को तैयार करने का काम हुआ तेज

पटना एजेंसी। यहां छठ महापर्व के लिए गंगा घाटों को तैयार करने का काम तेज हो गया है। जलस्तर में कमी के बाद गंगा के कई कच्चे घाटों को सुधारने में भी जिला प्रशासन जुटा है। एक अधिकारी बताते हैं कि गंगा के जलस्तर में कमी आई है, लेकिन कच्चे घाटों पर दलदल है। बांसघाट और कलेक्ट्रेट घाट पर अब भी पानी जमा है। लोक आस्था के इस 4 दिवसीय महापर्व को लेकर पक्के घाटों की सीढ़ियों पर जमी मिट्टी हटाई जा रही है। कच्चे घाटों पर, जहां दलदल है, वहां संपर्क पथ बनाने का काम किया जा रहा है। 25 अक्टूबर के बाद बैरिकेडिंग का काम प्रारंभ होगा। खतरनाक तथा अधिक जलस्तर वाले इलाकों की बैरिकेडिंग की जाएगी।

## छठ व दीपावली पूजा को लेकर थाना में संपन्न हुई शांति समिति की बैठक







» मदरलैण्ड संवाददाता

बेतिया। गौनाहा प्रखण्ड अंतगर्त शनिवार को गौनाहा व रविवार को मटियरिया थाने में दीपावली व छठ पूजा को लेकर बुलाई गई शांति समिति की बैठक। गौनाहा थानाध्यक्ष विनोद कुमार व मटियरिया थानाध्यक्ष अमित कुमार द्वारा बताया गया कि दीपावली व छठ पूजा को लेकर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए बुलाई गई शांति समिति की बैठक। उक्त बैठक को संबोधित करते हुए दीपावली व छठ पूजा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए क्षेत्र के गणमान्य लोगों के बीच की गई उक्त बैठक में प्रशासन द्वारा क्षेत्र के नागरिकों से अपील करते हुए कहा गया कि क्षेत्र में किसी भी तरह के असामाजिक गतिविधियों पर सामाजिक स्तर से भी निगरानी रखने की जरूरत है। निगरानी रखते हुए पूजा स्थल छठ घाट पर शांति व्यवस्था बनाए रखने में उपस्थित लोगों से सहयोग का अनुरोध किया गया वही गौनाहा थाना द्वारा आयोजित बैठक में उपस्थित अंचलाधिकारी अमित कुमार, प्रखंड प्रमुख जयप्रकाश पासवान, जदयू प्रखंड अध्यक्ष विक्रमा चौधरी, जदयू नेता फिरोज आलम, राजद प्रखंड अध्यक्ष आफताब आलम गोपी यादव, बैजनाथ यादव अमित कुमार गुड्डू, राजेश कुमार पांडे, सच्चिदानंद चौबे, पूर्व मुखिया योगेंद्र यादव, रानू मिश्रा कमरुद्दीन खान वही मटियरिया थाना के बैठक में महूई मुखिया शहर चौधरी, मटियरिया मुखिया दिवाकर पटवारी पूर्व मुखिया मुन्ना सिंह, दिग्विजय यादव, शमशेर खान, कैश नयर, मोतीलाल पासवान, महूई पैक्स अध्य अरविंद कुमार, मेहनौल पैक्स अध्यक्ष महताब आलम, नेसार अंसारी, गुड्डू गिरी, शकील अंसारी ए एस आई महमद समीम खान अपर थानाध्यक्ष सुबोध कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## दिवाली व छठ शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए शांति समिति की बैठक



» मदरलैण्ड संवाददाता

बेतिया। प्रातः संतुलन भितहा। दीपावली एवं छठ पर्व को लेकर रविवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता थानाअध्यक्ष शाहिद अनवर अंसारी ने की। जबकि मौके पर स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे। बैठक के दौरान थाना अध्यक्ष ने उपस्थित सभी से दोनों पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाने एवं संपन्न कराने में सहयोग की अपील की। मौके पर क्षेत्र के सभी सार्वजनिक छठ घाटों की जानकारी ली गयी। साथ ही गहरे पानी वाले छठ घाट पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गयी। वहीं पर्व के दौरान सार्वजनिक जगहों पर आतिशबाजी ना की जाए इसके लिए उपस्थित सभी से सक्रिय रूप से सहयोग की अपील की गयी। इधर पर्व के दौरान हुड़दंग मचाने वालों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गयी। साथ ही कहीं भी अप्रिय स्थिति उत्पन्न होने पर तुरंत पुलिस को सूचना देने को कहा गया। असामाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी एवं पर्व के दौरान पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने की बात कही गयी। इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि चन्दन, मुखिया जितेंद्र बैठा, प्रतिनिधि मुखिया मजहर, फैक्स अध्यक्ष प्रतिनिधी अंशुमान पांडे, जावेद अख्तर, सहित अन्य उपस्थित थे।

## अपराध की योजना बनाते दो युवक देशी कट्टा के साथ हुए गिरफ्तार

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेतिया। पश्चिम चम्पारण के बेतिया नौतन थानांतर्गत दो युवकों को अपराध की योजना बनाते हुए एक देशी कट्टा, दो कारतूस और एक मोबाइल के साथ नौतन पुलिस ने गिरफ्तार कर प्राथमिकी दर्ज करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

उक्त जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक उपेन्द्रनाथ वर्मा ने बताया कि नौतन थानाध्यक्ष को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि थानान्तर्गत धुमनगर भुआली टोला के सौम्या माई स्थान के पास दो अपराधी किसी घटना को अंजाम देने के लिए हथियार के साथ एकत्र हुए हैं। प्राप्त सूचना के आलोक में नौतन थानाध्यक्ष के नेतृत्व में एक टीम गठित कर छापेमारी व कार्यवाही का निर्देश दिया गया। जिसके पश्चात टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए नीरज कुमार उम्र 20 वर्ष पिता जोखन राम एवं गुड्डू कुमार उम्र 22 वर्ष पिता उमेश राम दोनों ग्राम धुमनगर भुआली टोला थाना नौतन को गिरफ्तार कर लिया। जिनकी तलाशी लेने पर एक देशी कट्टा, दो जिंदा कारतूस और एक मोबाइल बरामद किया गया।

पुलिस अधीक्षक उपेन्द्रनाथ वर्मा ने यह भी बताया कि नौतन थाना में प्राथमिकी संख्या 552/22 दर्ज कर दोनों युवकों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

छापेमारी टीम में तकनीकी सेल के प्रभारी राजीव कुमार रजक, प्रशिक्षु अवर निरीक्षक बबलू यादव, अमरजीत भारद्वाज एवं तकनीकी शाखा के सिपाहियों के साथ नौतन थाना के रिजर्व गार्ड भी सम्मिलित रहे।

## गौनाहा कौशल विकास केंद्र पर दीपावली कार्यक्रम का आयोजन

» मदरलैण्ड संवाददाता






बेतिया। गौनाहा प्रखंड कौशल विकास केंद्र पर दीपावली के अवसर पर एक रंगोली एवं हस्तकला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें केंद्र के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगोली एवं हस्त निर्मित अनेक कलाकृतियों का प्रदर्शन किया गया।

सर्व प्रथम केंद्र के छात्र छात्राओं ने कौशल विकास, बुनियाद केंद्र मनरेगा भवन, आईसीडीएस के आसपास सफाई कार्यक्रम चलाया जिसमें प्लास्टिक एवं कूड़े कचरे की सफाई की गई इसके बाद छात्र-छात्राओं द्वारा केंद्र परिसर में खूबसूरत रंगोली बनाई गई। और हाथों से बनाए गए अनेक कलाकृतियों को प्रदर्शित किया गया।

सभी छात्र एवं छात्राओं ने इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। छात्रा अंजली कुमारी ने बताया कि रंगोली प्रतियोगिता में उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला है। और इसमें भाग लेकर उन्हें बहुत अच्छा लग रहा है। वहीं छात्रा कविता कुमारी ने बताया कि हम लोगो के गांव में हाथों से अनेक कलाकृतियां बनाते हैं। लेकिन आज पहली बार उन्हें अपने कलाकृति को प्रदर्शित करने के लिए मंच मिला है। इससे उनके अंदर काफी हर्ष हैं। केंद्र समन्वयक सुबोध चौबे ने सभी को संबोधित करते हुए साफ सफाई का महत्व बताया और दीपावली की शुभकामनाएं दी। सर्वश्रेष्ठ रंगोली के लिए अगस्त प्रथम बैच को पुरस्कृत किया गया। वहीं हस्तकला के लिए सोनाली कुमारी को पुरस्कार मिला कार्यक्रम में प्रशिक्षक मनोज कुशवाहा एवं विशाल कुमार के साथ पूनम कुमारी, निष्कृति कुमारी, नीतिका कुमारी, सुष्मिता कुमारी, रागिनी रागनी कुमारी, निवेदिता किमरी, प्रियांशु कुमार, अंकित कुमार, सूरज कुमार, मदन यादव आदि दर्जनों छात्र छात्राओं ने भाग लिया।

## सीएम नीतीश ने बिहार के 11 जिलों के सभी सूखा प्रभावित परिवारों को छठ पूजा से पहले सहायता राशि पहुंचाने के दिए निर्देश

पटना, एजेंसी। सीएम नीतीश कुमार ने बिहार के 11 जिलों के सभी सूखा प्रभावित परिवारों को छठ पूजा से पहले सहायता राशि पहुंचाने का निर्देश ने दिये हैं। सीएम ने प्रभावित जिलों के डीएम से बात कर इस बात का आश्वासन लिया कि छठ पूजा से पहले सभी प्रभावित परिवारों तक मदद राशि जरूर पहुंचा दी जाएगी। इस मौके पर नीतीश कुमार ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोई भी परिवार छूटे नहीं, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। सूखा प्रभावित जिलों के प्रभावित परिवारों तक मदद पहुंचाने के लिए विशेष सहायता और वितरण की शुरूआत करते हुए सीएम नीतीश कुमार ने पहले दिन 72 करोड़ से अधिक की राशि प्रभावित परिवारों तक पहुंचवाई। सूखा ग्रस्त हर परिवार को 3500 रु की राशि उनके बैंक अकाउंट में भेजी जा रही है। सीएम नीतीश कुमार ने सभी अधिकारियों को कहा है कि परिवारों के बैंक अकाउंट में सीधे पैसा भेजा जाए।

सूखा से प्रभावित हुए जिलों के सर्वे के बाद 11 जिलों को सूखा प्रभावित घोषित किया गया है। सूखा प्रभावित जो जिलों में जहानाबाद, गया, औरंगाबाद, शेखपुरा, नवादा, मुंगेर, लखीसराय, भागलपुर, बांका, जमुई और नालंदा जिला शामिल हैं। इन जिलों के 96 प्रखंडों के 937 पंचायतों के 7841 राजस्व गांवों के सभी टोलों और बसावटों के हर परिवारों को मदद राशि देने की घोषणा की गई है।

## पुल से टकराकर नदी में डूबी बालू से लदी बोट, 2 तैरकर निकले, 6 को बचाया गया 5 लोग अब भी लापता

पटना, एजेंसी। राजधानी पटना के दीघा थाना क्षेत्र में जेपी सेतु पुल के पिलर से टकराकर बालू से लदी एक नाव गंगा नदी में डूब गई। मनेर से आ रही नाव पर 13 मजदूर सवार थे। दुर्घटना के बाद 2 लोग तैर कर बाहर निकल आए, जबकि 6 लोगों को छठ घाट की सफाई कर रहे लोगों ने स्टीमर की मदद से बचा लिया। 5 लोग अब भी लापता हैं। उनकी तलाश की जा रही है। लापता लोगों की पहचान भगवान सिंह पिता भुवनेश्वर सिंह, कैलाश राय पिता सूरज राय, भूलेटन राय पिता रामबालक राय, धर्मेंद्र राय पिता भंगी राय और पप्पू राय पिता मुनि राय के रूप में हुई है। सभी मनेर के गांव महीनावा बगीचा के रहने वाले हैं। यह हादसा रविवार सुबह करीब 8 बजे हुआ। गत बुधवार को भी दीघा पुल के पिलर से टकराकर एक नाव पलट गई थी। इस नाव में सवार 9 लोगों को बचा लिया गया था। जबकि 2 लोग अब भी लापता हैं। 16 अक्टूबर को कटिहार जिले में भी बड़ा नाव हादसा हुआ था। ब्रांडी नदी में नाव डूबने के बाद 7 लोगों की मौत हो गई थी। जबकि तीन ने तैरकर अपनी जान बचा ली थी। बता दें कि पूर्वी चंपारण जिले में भी एक हफ्ते पहले गंडक नदी में छोटी नाव डूबने से एक महिला की मौत हो गई थी। जबकि 9 लोगों को रेस्क्यू कर लिया गया था। सभी लोग नाव में सवार होकर काम पर जा रहे थे।

## मधुबनी में 11001 दीपकों से सजाया गया पिपराघाट का त्रिवेणी संगम तट




मधुबनी, एजेंसी। मधुबनी जिले में बाबूबरही प्रखंड के पिपराघाट के त्रिवेणी संगम तट पर 11001 दीपों को जलाकर हजारों श्रद्धालुओं ने जय मां कमला का उद्घोष किया और वातावरण को रमणीय बना दिया। मिथिला मिरर एवं नीरा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम का शुभारंभ पद्मश्री बौआ देवी, पद्मीश्री दुलारी देवी, मधुबनी के पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार, मिथिला मिरर एवं नीरा फाउंडेशन के संस्थापक ललित नारायण झा, जिला पार्षद रणधीर खन्ना एवं समाजसेवी संतोष कुमार झा ने संयुक्त रूप से किया।

पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार ने कहा कि मिथिला ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक भूमि है और मुझे मिथिला में काम करने का अवसर मिला है जो मेरे लिए गौरवान्वित करने वाला पल है। मिथिला में इस प्रकार का दीपोत्सव अपने आप में अद्वितीय है और यहां आकर अच्छा लग रहा है। पद्मश्री बौआ देवी एवं पद्मश्री दुलारी देवी ने कहा कि मिथिला में इस प्रकार से कमला आरती का होना अपने आप में सुखद अनुभूति करवा रहा है।

मिथिला मिरर एवं नीरा फाउंडेशन के अध्यक्ष ललित नारायण झा ने कहा कि हजारों भक्तों ने यहां पहुंचकर कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाया है और अगले साल संस्था आमलोगों के सहयोग से 1 लाख दीप जलाने का लक्ष्य रखेगी। उन्होंने कहा कि पिपराघाट को राजकीय सम्मान का दर्जा दिलवाना संस्था का लक्ष्य है। गौरतलब है कि बिहार के जल संसाधान सह सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री संजय कुमार झा पिपराघाट में भव्य रिवर फ्रंट बनवाने की इच्छा पहले ही जता चुके हैं।

प्रयागराज की तरह ही मिथिला भूमि पिपराघाट में भी तीन नदियों का त्रिवेणी संगम है, जहां 2 नदियां सदृश्य हैं, जबकि एक अदृश्य। प्रयागराज में जहां गंगा-यमुना हैं और सरस्वती अदृश्य तो पिपराघाट में कमला-बलान हैं सोनी अदृश्य हो चुकीं हैं।

## प्लाईवुड फैक्ट्री में भीषण आग से 50 लाख से अधरक संपत्ति का हुआ नुकसान

पटना, एजेंसी। पटना के सिटी इलाके के मालसलामी थाना क्षेत्र के शहादा स्थित एक प्लाईवुड फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। इससे आसपास के इलाकों में अफरा-तफरी मच गई। लोगों द्वारा आग की जानकारी पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी गई इसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम के जवानों ने मौके पर पहुंचकर करीब 4 घंटे की कड़ी मशक्कत की और आग पर काबू पा लिया। इस घटना में 50 लाख से भी अधिक की संपत्ति का नुकसान बताया जाता है।

हालांकि नष्ट संपत्ति का आंकलन बाद में किया जाएगा। अग लगने का कारण अब तक स्पष्ट नहीं हो सका है। आशंका है कि शार्ट सर्किट से प्लाईवुड फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। घटना तड़के करीब 3 बजे के आसपास की बतायी जाती है। बताया जाता है कि मुन्नू कुमार के प्लाईवुड फैक्ट्री से आग की लपटे उठता देख लोगों ने मामले से पुलिस और फायर ब्रिगेड को अवगत कराया। आग इतनी प्रचंड थी कि देखते ही देखते इसने पूरी फैक्ट्री को अपने आगोश में ले लिया। फैक्ट्री के आसपास घनी बस्ती होने के कारण लोगों में अफरा-तफरी मच गई। मामले में फायर ब्रिगेड के जवानों ने मौके पर पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। इस दौरान दमकल की करीब 2 दर्जन गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। भीषण आग को बुझाने में कई दमकल की गाड़ियों का पानी भी खत्म हो गया था।

## जन सुराज पदयात्रा के 22वें दिन प्रशांत किशोर ने तय किया 20 किमी का सफर

### बोले- विकल्प के आभाव में अपने बच्चों का भविष्य मत बिगाड़िए, नए विकल्प के साथ आइए

» मदरलैण्ड संवाददाता

बेतिया। जन सुराज पदयात्रा के 22वें दिन प्रशांत किशोर ने सैकड़ों पदयात्रियों के साथ बगहा 1 प्रखंड में लगभग 20 किमी लंबी पदयात्रा की। यह पदयात्रा भैरोगंज खेल मैदान स्थित जन सुराज पदयात्रा शिविर से चलकर पतिलार पहुंची। प्रशांत किशोर ने आज सुबह जन सुराज पदयात्रा की शुरूआत बगहा प्रखंड के भैरोगंज स्थित शिविर में सर्व धर्म प्रार्थना सभा से की। इसके बाद पदयात्रा इनार बरुवा होते हुए कोल्हुआ पहुंची जहां यतीम खाना में आयोजित एक जनसभा में प्रशांत किशोर ने सरकार पर निशाना साधते हुए बिहार में एक बेहतर राजनीतिक विकल्प तैयार करने की बात कही। आगे पदयात्रा पकड़ी, गधइया, सिकतौर, कोलांचि होते हुए चौकतरवा पहुंची। इस क्रम में जगह जगह पर लोगों का हुजूम उमड़ा, जिन्होंने गर्म जोशी से प्रशांत किशोर और जन सुराज पदयात्रियों का स्वागत किया। स्थानीय जनप्रतिनिधि और पंचायती राज व्यवस्था से जुड़े लोग भी जन सुराज पदयात्रा में शामिल हुए।

**कोई कहता है हम बीजेपी का वोट काटेंगे, कोई कहता है हम महागठबंधन का वोट काटेंगे, आप मेरा साथ दीजिये हम दोनों को साफ कर देंगे - प्रशांत किशोर***

प्रशांत किशोर ने भाजपा और महागठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा की मोदी करोड़ों के हवाई जहाज से चलते हैं, नीतीश कुमार को हेलीकॉप्टर से उतरने का फुर्सत नहीं है। लोग मुझसे पूछ रहे हैं कि आप पैदल क्यों चल रहे हैं? मैंने जवाब में कहा कि कम से कम यह पता चले कि जमीन पर स्थिति क्या है? सभी नेता तो आकाश में उड़ रहे हैं, धरती पर केवल अब जनता ही बच रही है। स्वच्छ भारत हो गया, शौचालय बन गए, सारे पंचायत स्वच्छ घोषित हो गए और यदि कोई नेता पैदल चले तो उसको आंकड़े की जरूरत नहीं है, सामने ही दिख रहा है कि कितनी गंदगी है, लोगों के पास कपड़े नहीं हैं युवाओं के पास रोजगार नहीं है।



**विकल्प के आभाव में अपने बच्चों का भविष्य मत बिगाड़िए, लड़ने वालों के साथ नहीं, उसके साथ आइये जो लड़ कर जीतने की क्षमता रखता है - प्रशांत किशोर**

जन सुराज पदयात्रा के दौरान प्रशांत किशोर ने बगहा के कोल्हुआ गांव में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि विकल्प के आभाव में अपने बच्चों का भविष्य मत बिगाड़िए। अपने बच्चों के भविष्य की चिंता कीजिए। हम बिहार में रीजनल पार्टी बनाने नहीं आये हैं, नया विकल्प खड़ा करने आये हैं। बिहार के नेताओं को विकल्प के आभाव में वोट लेने की आदत पड़ गई है। जो राजद को वोट नहीं दे सकता वो भाजपा को दे रहा है, जो भाजपा को वोट नहीं दे सकता वो राजद को दे रहा है। इसलिए बिहार की ये दुर्दशा है, आधे लोग मजबूरी में वोट कर रहे हैं। विकल्प के आभाव में किसी गलत आदमी को वोट ना करना पड़े, इसलिए पदयात्रा पर निकले हैं। ताकि समाज को मथ के समाज के सही लोगों के साथ एक नया और बेहतर विकल्प बनाया जा सके। जो मजबूरी का विकल्प ना हो, जो सही मायनों में विकास का विकल्प हो, आपकी सुरक्षा का विकल्प हो।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# शेयर बाजार की चाल डॉलर, कच्चा तेल और तिमाही परिणाम से होंगे तय

मुंबई, एजेंसी। वैश्विक रूप से शेयर बाजार काफी आशान्वित है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार की मजबूती से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह लगभग ढाई प्रतिशत की उछाल पर रहे घरेलू शेयर बाजार की चाल अगले सप्ताह डॉलर एवं कच्चे तेल के रुख तथा कंपनियों के तिमाही परिणाम से तय होगी। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1387.18 अंक की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 59 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 59307.15 अंक पर रहा। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 390.6 अंक की तेजी लेकर 17576.30 अंक पर पहुंच गया।

समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तुलना में मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली की रफ्तार धीमी रही। इससे मिडकैप 95.29 अंक चढ़कर सप्ताहांत पर 24805.15 अंक और स्मॉलकैप 43.97 अंक मजबूत होकर 28566.82 अंक पर पहुच गया। निवेश सलाह देने वाली कंपनी स्वास्तिका इंवेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख संतोष मीणा के अनुसार, तीन सप्ताह की मजबूती के बाद पिछले सप्ताह घरेलू शेयर बाजार में तेजी देखने को मिली। डॉलर के मुकाबले रुपये के 83 रुपये प्रति डॉलर तक लुढ़कने वहीं अमेरिकी बॉन्ड रिटर्न रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने जैसी विपरीत परिस्थितियों के बावजूद बाजार लचीला बना रहा। अगले सप्ताह त्योहारी सीजन के मद्देनजर बाजार में लिवाली बने रहने की उम्मीद है।

अगले सप्ताह वैश्विक बाजारों की दिशा, डॉलर इंडेक्स, अमेरिकी बॉन्ड यील्ड और कच्चे तेल की कीमतों पर बाजार की नजर बनी रहेगी। इसके साथ ही घरेलू मोर्चे पर अगले सप्ताह अक्टूबर का मासिक वायदा सौदा निपटान से कुछ अस्थिरता हो सकती है लेकिन कंपनियों के चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के परिणाम से बाजार को समर्थन मिलेगा। वैश्विक बाजार के सकरात्मक संकेत से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, वित्तीय सेवाएं, यूटिलिटीज, बैंकिंग और पावर समेत तेरह समूहों में हुई लिवाली से शेयर बाजार में सोमवार को लगातार दूसरे दिन भी तेजी जारी रही। सेंसेक्स 491.01 अंक की उछाल के साथ 58 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 58410.98 अंक और निफ्टी 126.10 अंक मजबूत होकर 17311.80 अंक पर पहुंच गया। ब्रिटेन सरकार की कर कटौती योजना से वैश्विक बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत मंगलवार को सेंसेक्स 549.62 अंक की छलांग लगाकर एक माह के उच्चतम स्तर 58960.60 अंक और निफ्टी 175.15 अंक की उछाल के साथ 17486.95 अंक पर रहा। वैश्विक बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर रिलायंस, एचडीएफसी और आईटीसी समेत दस दिग्गज कंपनियों में हुई लिवाली की बदौलत बुधवार को सेंसेक्स 146.59 अंक मजबूत होकर लगभग एक माह के उच्चतम स्तर 59 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 59107.19 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह निफ्टी 25.30 अंक बढ़कर 17512.25 अंक पर रहा। वहीं, वैश्विक बाजार में आई गिरावट के बाजवूद स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, एफएमसीजी, आईटी, यूटिलिटीज, तेल एवं गैस, पावर और टेक समेत बारह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत गुरुवार को शेयर बाजार में लगातार पांचवें दिन भी तेजी का सिलसिला जारी रहा।

## विकास लाइफकेयर लिमिटेड ने नई प्रौद्योगिकी के विकास के लिए स्टॉकहोम विश्वविद्यालय, स्वीडिश कंपनियों और आईआईटी (बीएचयू) वाराणसी के साथ कोलॉब्रेट किया

चंडीगढ़ः बीएसई (BSE) और एनएसई (NSE) सूचीबद्ध, विकास लाइफकेयर लिमिटेड ने अनुसंधान इनपुट साझा करने और चावल की भूसी से सेलूलोज, लिग्निन और सिलिका जैसी विभिन्न व्यवहार्य सामग्री विकसित करने पर काम करने के लिए तीन विश्व स्तरीय संस्थानों के साथ अपने सहयोग की घोषणा की है। इस एग्रो-सर्कल प्रोजेक्ट में नई दिल्ली स्थित इस कंपनी ने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीएचयू)-वाराणसी और स्वीडन की स्टॉकहोम यूनिवर्सिटी से हाथ मिलाया है। इसके अलावा, कंपनी ने इसी उद्देश्य के लिए प्रसिद्ध स्वीडिश कंपनियों- लिग्नफ्लो टेक्नोलॉजीजएबी (Lignflow Technologies AB) और लिग्ज़िया कम्प्यूटर ((Lixea Computer) के साथ भी साझेदारी की है। कंपनी ने एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा कि एग्रो-सर्कल प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य कृषि-औद्योगिक साइड-स्ट्रीम से सर्कुलर सामग्री के उत्पादन के लिए नवीन मूल्य श्रृंखला अवधारणाओं को स्थापित करना है। इसमें ये भी जोड़ा गया कि 'खेतों पर सीधे फसल अवशेषों को जलाने से होने वाले प्रदूषण से बचने के अलावा, जो कि सर्दियों के मौसम में भारत के उत्तरी भाग में खराब वायु गुणवत्ता का सबसे बड़ा कारण है, इस परियोजना का लक्ष्य इन कृषि अपशिष्ट पदार्थों से निकाले गए प्राकृतिक पॉलिमर, द्वारा नई जैव-आधारित सामग्री का उत्पादन करने के लिए तकनीक विकसित करना होगा।' स्वीडन स्थित लिग्ज़िया कम्प्यूटर ((Lixea Computer) का उद्देश्य लिग्ज़िया की डेंड्रिटिक प्रक्रिया का उपयोग करके कृषि चावल के अवशेषों से सेल्यूलोज के लिए उत्पादन प्रक्रिया स्थापित करना है। दूसरी ओर, आईआईटी (बीएचयू)-वाराणसी के सहयोग के साथ लिग्नफ्लो टेक्नोलॉजीज, एबी का उद्देश्य लिग्निन के उत्पादन को संरक्षण देना है। विकास लाइफकेयर चावल की भूसी से नैनो सिलिका का उत्पादन करने के लिए एक प्रौद्योगिकी विकसित करने में सहायक के रूप में कार्य करेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### वरीमन ग्लोबल एंटरप्राइजेज लिमिटेड ने नए डिजिटल युग के प्रोडक्ट लॉन्च करने के लिए 'ट्रुथ' के साथ सहयोग किया

चंडीगढ़ः डिजिटल युग और प्रौद्योगिकी प्रगति के साथ आगे बढ़ते हुए, बीएसई सूचीबद्ध (540570) वरीमन ग्लोबल एंटरप्राइजेज लिमिटेड (Variman Global Enterprises Ltd) को एक प्रौद्योगिकी ब्रांड 'ट्रुथ' *TRUTH* के साथ एक नए सहयोग की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है जिसमें भविष्य की तकनीकी दुनिया के अनुरूप नवीनतम प्रौद्योगिकी बढ़त के साथ विविध प्रोडक्ट लाइन है। कंपनी एचपी (HP), एलजी(LG) टीवी' ज (TV's) आदि सहित ब्लू चिप कॉरपोरेट्स के साथ संबंधों के साथ आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज के क्षेत्र में लगी हुई है। इस प्रोडक्ट बास्केट में पावर चार्जर, वायरलेस इनेबल उत्पाद, स्मार्ट चार्जिंग केबल, ध्वनि उपकरण, सुरक्षा और स्वास्थ्य तकनीक उत्पाद और बहुत कुछ शामिल होंगे।

### गैस कीमतें बढ़ने से आईजीएल का मुनाफा बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में सीएनजी और रसोई गैस की खुदरा बिक्री करने वाली कंपनी इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में अपने मुनाफे में चार प्रतिशत की बढ़त दर्ज की है। प्राकृतिक गैस की कीमतें में बढ़ोतरी होने से उसके मुनाफे पर असर देखा गया। आईजीएल ने कहा कि जुलाई-सितंबर तिमाही में उसका लाभ 416.15 करोड़ रुपए रहा जबकि एक साल पहले की समान तिमाही में उसे 400.54 करोड़ रुपए का लाभ हुआ था। आलोच्य तिमाही में आईजीएल का राजस्व करीब दोगुना होकर 3,922.02 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। पिछले साल की समान तिमाही में उसने 2,015.99 करोड़ रुपए का राजस्व कमाया था। इस साल फरवरी में यूक्रेन पर रूस के हमला करने के बाद से प्राकृतिक गैस की कीमतें करीब दोगुनी हो चुकी हैं। इसकी वजह से आईजीएल का गैस खरीद पर व्यय 929.97 करोड़ रुपए से बढ़कर 2,610.03 करोड़ रुपए हो गया। बीती तिमाही में कंपनी की कुल बिक्री एक साल पहले की तुलना में 12 प्रतिशत बढ़ गई और इसकी दैनिक बिक्री 80.9 लाख घन मीटर प्रतिदिन पर पहुंच गई। इस दौरान सीएनजी की बिक्री मात्रा में 15 प्रतिशत की बढ़त देखी गई जबकि पाइप से रसोई गैस (पीएनजी) की बिक्री मात्रा तीन प्रतिशत बढ़ गई।

### धनतेरस के दो दिनों में हो सकता है 40,000 करोड़ का कारोबारः सीएआईटी

मुंबई, एजेंसी। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (सीएआईटी) ने कहा कि दो दिन तक चलने वाले धनतेरस के पर्व पर लगभग 40,000 करोड़ रुपए का कारोबार हो सकता है। दिवाली के पहले आने वाले धनतेरस के अवसर पर नई वस्तुओं, विशेष रूप से सोना, चांदी के आभूषण, सभी प्रकार के बर्तन, वाहन, कपड़े और रेडीमेड वस्त्र, इलेक्ट्रॉनिक्स, बिजली के सामान आदि खरीदने के लिए शुभ माना जाता है। इस साल धनतेरस सप्ताहांत पर आई है, जिसका मुहूर्त शनिवार दोपहर 2 बजे से रविवार शाम 6 बजे तक है। सीएआईटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया ने कहा कि धनतेरस के दो दिवसीय त्योहार पर लगभग 40,000 करोड़ रुपए का कारोबार होने की उम्मीद है। ऑल इंडिया ज्वैलर्स एंड गोल्डस्मिथ फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज अरोड़ा ने कहा कि शनिवार और रविवार को धनतेरस पर बिक्री को लेकर देश भर के आभूषण व्यापारियों में काफी उत्साह है और इसके लिए उद्योग जगत ने व्यापक तैयारी की हुई है। कृत्रिम आभूषणों की भी मांग है जो इस साल बाजारों में भी दिखाई दे रहे हैं, जबकि धनतेरस पर सोने, चांदी के सिक्के, नोट और मूर्तियों की भी बड़ी संख्या में खरीदारी होने की संभावना है।

### देश में 384 ढांचागत परियोजनाओं की लागत 4.52 लाख करोड़ बढ़ीः रिपोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि :150 करोड़ रुपए से ज्यादा के निवेश वाली 384 ढांचागत परियोजनाओं की लागत में 4.52 लाख करोड़ रुपए तक की बढ़ोतरी हो चुकी है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि 150 करोड़ रुपए से अधिक निवेश प्रस्ताव वाली 1,529 परियोजनाओं में से 384 परियोजनाएं अपनी निर्धारित लागत से अधिक हो चुकी हैं। इनके अलावा 662 परियोजनाएं देरी से भी चल रही हैं। मंत्रालय ने सितंबर 2022 के लिए जारी अपनी रिपोर्ट में कहा कि कुल 1,529 परियोजनाओं के क्रियान्वयन पर कुल 21,25,851.67 करोड़ रुपए की लागत आने का अनुमान था लेकिन अब इन परियोजनाओं के पूरा होने पर कुल खर्च 25,78,197.18 करोड़ रुपए रहने की संभावना है। यह दशार्ता है कि इन परियोजनाओं की लागत 4,52,345.51 करोड़ रुपए बढ़ चुकी है जो मूल लागत का 21.28 प्रतिशत अधिक है। यह रिपोर्ट कहती है कि इन ढांचागत परियोजनाओं पर सितंबर 2022 तक कुल 13,78,142.29 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके थे जो कि कुल अनुमानित लागत का 53.45 प्रतिशत है। देर से चल रही परियोजनाओं की संख्या 662 रही है।

## एमपीसी सदस्य आशिमा गोयल बोली- कर संग्रह में आई तेजी के पीछे नोटबंदी का फैसला

नई दिल्ली, एजेंसी। कर वसूली में रिकार्ड वृद्धि को लेकर रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सदस्य आशिमा गोयल ने कहा कि इसका श्रेय पीएम की नोटबंदी को योजना को दिया उन्होंने कहा कि यह देश में एक व्यापक आधार पर कम कर लगाने की आदर्श स्थिति की तरफ ले जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आठ नवंबर, 2016 को 500 और 1,000 रुपये के तत्कालीन नोटों को चलन से बाहर करने का ऐलान करते हुए कहा था कि इस अप्रत्याशित कदम से काला धन पर लगाम लगाने के साथ ही डिजिटल भुगतान को बढ़ावा मिलेगा। एमपीसी की सदस्य आशिमा गोयल ने पीटीआई-भाषा के साथ बातचीत में यह स्वीकार किया कि नोटबंदी के सख्त कदम की कुछ अल्पकालिक लागत चुकानी पड़ी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि दीर्घावधि में इसके कुछ लाभ भी होंगे। डिजिटलीकरण की दर में वृद्धि, अर्थव्यवस्था को औपचारिक बनाने और कर चोरी की घटनाओं में कमी जैसे लाभ प्रमुख हैं।

कर विभाग ने गत नौ अक्टूबर को कहा था कि चालू वित्त वर्ष में कंपनियों एवं व्यक्तिगत आय पर कर का कुल संग्रह करीब 24 प्रतिशत बढ़कर 8.98 लाख करोड़ रुपये हो चुका है। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का संग्रह लगातार सातवें महीने 1.40 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है। सितंबर में जीएसटी संग्रह एक साल पहले की तुलना में 26 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1.47 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

रिजर्व बैंक की तरफ से एक डिजिटल मुद्रा लाने की योजना के बारे में पूछे जाने पर गोयल ने कहा कि इससे नकदी के इस्तेमाल में कमी और मौजूदा भुगतान प्रणाली को अतिरिक्त समर्थन देने का मकसद पूरा हो सकेगा। उन्होंने कहा, 'सीबीडीसी से डिजिटल युग में निश्चित रूप से नई जरूरतों को पूरा किया जा सकेगा। यह मुद्रा सुदूर इलाकों तक पहुंच आसान बनाने के साथ ही वित्तीय समावेशन को भी गति देगी और उससे जुड़ी लागत में कमी आएगी।'

## कंपनियों के परिणाम, डॉलर और कच्चे तेल से तय होगी बाजार की चाल

### बुधवार को बाजार 'दिवाली बालीप्रतिपदा' के अवसर पर बंद रहेंगे

मुंबई, एजेंसी। वैश्विब बाजार की मजबूती से निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई लिवाली की वजह से बीते सप्ताह लगभग ढाई प्रतिशत की उछाल पर रहे घरेलू शेयर बाजार की चाल इस सप्ताह कंपनियों के तिमाही परिणाम, डालर और कच्चे तेल के रुख से तय होगी। अधिसूचित मासिक डेरिवेटिव की एक्सपायरी के बीच बाजार में उतार-चढ़ाव भी देखा सकता है। बीएसई और एनएसई में सोमवार को दिवाली के अवसर पर एक घंटे का विशेष मुहूर्त कारोबारी सत्र आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही हिंदू कैलेंडर के नए संवत 2079 की शुरूआत हो जाएगी। बुधवार को भी बाजार ह्यदिवाली बालीप्रतिपदाह्न के अवसर पर बंद रहेंगे। बाजार के जानकारों ने कहा कि हम एक छोटे कारोबारी सप्ताह की ओर बढ़ रहे हैं। तेजड़ियों के पास दिवाली को ऊंचे स्तर पर मनाने की वजह होगी। अमेरिकी बाजार में शुक्रवार के कारोबारी सत्र में तेज उछाल देखा गया था। वैश्विक बाजारों की दिशा, डॉलर सूचकांक की स्थिति, अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल और कच्चे तेल की कीमतों पर बाजार की नजर बनी रहेगी।

बाजार के विशेषज्ञ कहते हैं कि अधिसूचित मासिक डेरिवेटिव की एक्सपायरी अस्थिरता को ऊंचे स्तर पर बनाए रखेगी। इसके अलावा कमाई और वैश्विक बाजारों के प्रदर्शन पर भी नजरें रहेंगी। इसके अलावा निवेशक डॉलर के मुकाबले रुपए के रुख, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की व्यापारिक गतिविधियों और ब्रेंट क्रूड की कीमतों पर भी नजर रखेंगे। बाजार में शिरकत करनेवालेपहलेरिलायंस, आईसीआईसीआई बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक जैसी प्रमुख कंपनियों के परिणामों पर प्रतिक्रिया देंगे। इसके अलावा टाटा केमिकल्स, डॉ रेड्डीज, मारुति सुजुकी, वेदांता और टाटा पावर जैसी अन्य प्रमुख कंपनियां भी अपने तिमाही नतीजों की घोषणा करने वाली हैं। इस सप्ताह के लिए कोई बड़ा प्रेरक कारक नहीं होने से बाजार की दिशा वैश्विक धारणा और तिमाही नतीजों पर ही निर्भर करेगी। निकट अवधि में घरेलू बाजार वैश्विक घटनाक्रम पर भी नजर रखेंगे।

## बीते सप्ताह तेल तिलहन कीमतों में सुधार का रुख रहा

### मांग प्रभावित होने के कारण मूंगफली तेल तिलहन के भाव नुकसान के साथ बंद हुए

नई दिल्ली, एजेंसी। बाजार में कम आपूर्ति की स्थिति पैदा होने से बीते सप्ताह दिल्ली तेल तिलहन बाजार में खाने के तेल की कीमतों में बढ़त का रुख देखने को मिला। गुजरात में दिवाली के मौके पर सप्ताह भर मंडियों के बंद होने से मांग प्रभावित होने के कारण मूंगफली तेल तिलहन के भाव नुकसान के साथ बंद हुए। जबकि सामान्य कारोबार के बीच बाकी खाने के तेल तिलहनों के भाव पिछले सप्ताहांत के स्तर पर बने रहे। बाजार के जानकार कहते हैं कि सरकार ने घरेलू बाजार में खाने के तेल आपूर्ति बढ़ाने और उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए सालाना 20-20 लाख टन सूरजमुखी और सोयाबीन तेल के शुल्क-मुक्त आयात की छूट दे दी है लेकिन मासिक मांग के मुकाबले यह आयात काफी कम है। सूत्रों के मुताबिक पिछले सप्ताहांत के शुक्रवार के बंद भाव के मुकाबले बीते सप्ताह सरसों दाने का भाव 225 रुपए बढ़कर 7,100-7,125 रुपए प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों दादरी तेल समीक्षाधीन सप्ताहांत में 400 रुपए बढ़कर 14,700 रुपए प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। वहीं सरसों पक्की घानी और कच्ची घानी तेल की कीमतें भी क्रमशः 50-50 रुपए बढ़कर क्रमशः 2,250-2,380 रुपए और 2,320-2,435 रुपए टिन (15 किलो) पर बंद हुईं। डीओसी की निर्यात मांग के कारण समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और लूज के थोक भाव क्रमशः 175-175 रुपए के सुधार के साथ क्रमशः 5,300-5,350 रुपए और 5,100-5,150 रुपए प्रति क्विंटल पर बंद हुए। समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन तेल कीमतों में भी सुधार रही। सोयाबीन दिल्ली का थोक भाव 600 रुपए बढ़कर 14,200 रुपए, सोयाबीन इंदौर का भाव 750 रुपए बढ़कर 14,000 रुपए और सोयाबीन डीगम का भाव 600 रुपए बढ़कर 12,600 रुपए प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। मंडियों में छुट्टियों के मद्देनजर मांग प्रभावित होने से समीक्षाधीन सप्ताह में मूंगफली तेल-तिलहनों कीमतों में गिरावट आई। समीक्षाधीन सप्ताहांत में मूंगफली तिलहन का भाव 125 रुपए घटकर 6,870-6,935 रुपए प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। पूर्व सप्ताहांत के बंद भाव के मुकाबले समीक्षाधीन सप्ताह में मूंगफली तेल गुजरात 650 रुपए घटकर 16,000 रुपए प्रति क्विंटल पर बंद हुआ जबकि मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड का भाव 140 रुपए की गिरावट के साथ 2,560-2,820 रुपए प्रति टिन पर बंद हुआ।

## पीएम के दोस्त अडानी 70 रु में सेब खरीदकर 300 रुपए में बेच रहे, आरोप लगा बोले कांग्रेस नेता- ये किसानों का शोषण

शिमला, एजेंसी। हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव को लेकर प्रत्याशी चुनाव प्रचार में पूरी ताकत से कूंद गए है यहां पहली बार चुनाव लड़ने जा रहे कांग्रेस नेता कुलदीप सिंह राठौड़ ने बीजेपी पर हमला बोला है। उन्होंने राज्य सरकार पर सेब उद्योग को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के जिन क्षेत्रों में सेब की खेती ज्यादा होती है, उन्हें सरकार ने नजरअंदाज किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी सरकार में सेब उत्पादकों का पूरा शोषण हो रहा है। प्रधानमंत्री के उद्योगपति मित्र गौतम अडानी 70-72 रुपये प्रति किलो के हिसाब से सेब खरीदते हैं और उन्हें 250-300 रुपये प्रति किलो के हिसाब से बेचते हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य में सेब उद्योग 5,000 करोड़ रुपये का है, जिससे रोजगार भी पैदा होते हैं और राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूत करता है। कांग्रेस नेता ने कहा कि महामारी के दौरान यह एकमात्र जरिया था और इस पर आवश्यक ध्यान नहीं दिया गया। उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान सरकार ने सेब उत्पादक किसानों द्वारा उपयोग किए जाने वाले कीटनाशकों पर मिलने वाली सब्सिडी पर रोक लगा दी है। सेब के कार्टन पर अब 18 फीसदी जीएसटी लग रहा है।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक बयान का जिक्र करते हुए कहा, ह्यहिमाचली सेब को बचाने के लिए केंद्र ने विदेशों से सेब पर 100 फीसदी आयात शुल्क लगाने का वादा किया था, जो कि नहीं हुआ है। वहीं, पेप्सी-कोला ड्रिंक्स में सेब के रस को मिलाने का भी वादा किया गया था। वह एक बहुत बड़ा मजाक था। इन कंपनियों के अपने फॉमूर्लेशन हैं, वे सेब का रस क्यों मिलाएंगे ?ह्न

कुलदीप सिंह राठौड़ ने कहा, ह्यजय राम ठाकुर सरकार के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर है। कीमतें बढ़ रही हैं। विकास ठप है। बेरोजगारी अधिक है और अर्थव्यवस्था खराब स्थिति में है। हम इन मुद्दों पर ध्यान देंगे। जब हमने पिछले साल चार उपचुनावों में जीत दर्ज की, तो मैं पीसीसी अध्यक्ष था। इसलिए, मुझे पता है कि लोगों के पास कैसे जाना है और उन मुद्दों को उठाना है जो उन्हें सबसे ज्यादा प्रभावित करते हैं।ह्न

मालूम हो कि इतने वर्षों का राजनीतिक करियर होने के बावजूद, कुलदीप सिंह राठौड़ पहली बार चुनावी मैदान में उतरने जा रहे हैं। वह हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। वह ठियोग निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं, जो राज्य की सेब बेल्ट है और राज्य को हिलाकर रख देने वाले सेब किसानों के विरोध का केंद्र है।

## कोटक महिंद्रा बैंक का दूसरी तिमाही में मुनाफा 27 प्रतिशत बढ़ा

मुंबई, एजेंसी। निजी क्षेत्र के कोटक महिंद्रा बैंक का चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में मुनाफा लगभग 27 फीसदी बढ़कर 2,581 करोड़ रुपए हो गया। वहीं समेकित आधार पर बैंक का मुनाफा 21 फीसदी बढ़कर 3,608 करोड़ रुपए हो गया। बैंक ने शेयर बाजारों को अपने तिमाही नतीजे की जानकारी देते हुए कहा कि जुलाई-सितंबर के बीच उसकी कुल आय बढ़कर 10,047 करोड़ रुपए हो गई जो पिछले वर्ष 8,408 करोड़ रुपए थी। वहीं बैंक की ब्याज आय 4,021 करोड़ रुपए से 27 फीसदी बढ़कर 5,099 करोड़ रुपए हो गई। समीक्षाधीन तिमाही के लिए उसका ब्याज मार्जिन 5.17 फीसदी था। परिसंपत्ति गुणवत्ता के मामले में बैंक की सकल गैर निष्पादित आस्तियां (एनपीए) घटकर सकल अग्रिम का 2.08 फीसदी रहीं जो एक वर्ष पहले समान अवधि में 3.19 फीसदी थीं। बैंक का एनपीए भी 1.06 फीसदी से घटकर 0.55 फीसदी हो गया। बैंक के कर्ज चूक के नए मामले बढ़कर 983 करोड़ रुपए हो गए। उसकी परिसंपत्तियां 25 फीसदी बढ़कर 3,21,324 करोड़ रुपए हो गई। गैर-कॉरपोरेट अग्रिम भी 25 फीसद बढ़कर 2,94,023 करोड़ रुपए हो गया। बैंक का कम लागत का कासा अनुपात 56.2 रहा जो बैंकिंग उद्योग में एचडीएफसी बैंक के बाद सबसे अच्छा है। औसत चालू जमा भी सात फीसदी बढ़कर 53,971 करोड़ रुपए हो गया।




## देश की 10 में से आठ प्रमुख कंपनियों का बाजार पूंजीकरण दो लाख करोड़ बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी। बीते सप्ताह इक्विटी बाजारों में रहे सकारात्मक रुझान के बीच देश की प्रमुख 10 कंपनियों में से आठ का बाजार पूंजीकरण 2,03,335.28 करोड़ रुपए बढ़ गया। इनमें सर्वाधिक फायदा रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) को हुआ। देश की 10 सर्वाधिक मूल्यवान कंपनियों में से एचडीएफसी बैंक और बजाज फाइनेंस को छोड़कर बाकी आठों कंपनियों का बाजार पूंजीकरण इस दौरान बढ़ गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 68,296.41 करोड़ रुपए बढ़कर 16,72,365.60 करोड़ रुपए, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का पूंजीकरण 30,120.57 करोड़ रुपए बढ़कर 5,00,492.23 करोड़ रुपए, आईसीआईसीआई बैंक का पूंजीकरण 25,946.89 करोड़ रुपए बढ़कर 6,32,264.39 करोड़ रुपए, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (एचयूएल) का मूल्यांकन 18,608.76 करोड़ रुपए बढ़कर 6,23,828.23 करोड़ रुपए, भारती एयरटेल का मूल्यांकन 17,385.1 करोड़ रुपए की वृद्धि के साथ 4,43,612.09 करोड़ रुपए, आईटीसी का मूल्यांकन 16,739.62 करोड़ रुपए की बढ़त के साथ 4,28,453.62 करोड़ रुपए, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का बाजार पूंजीकरण 15,276.54 करोड़ रुपए बढ़कर 11,48,722.59 करोड़ रुपए और इंफोसिस का पूंजीकरण 10,961.39 करोड़ रुपए बढ़कर 6,31,216.21 करोड़ रुपए हो गया। हालांकि पिछले हफ्ते शीर्ष 10 कंपनियों में शामिल एचडीएफसी बैंक और बजाज फाइनेंस के पूंजीकरण में गिरावट दर्ज की गई। एचडीएफसी बैंक की पूंजी इस दौरान 4,878.68 करोड़ रुपए घटकर 4,35,416.70 करोड़ रुपए रह गया। इसी तरह एचडीएफसी बैंक के पूंजीकरण में भी 1,503.89 करोड़ रुपए की गिरावट आई और यह 8,01,182.91 करोड़ रुपए पर आ गया। इस उतार-चढ़ाव के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज सर्वाधिक मूल्यवान कंपनी के शीर्ष पर कायम है।

## विदेशी निवेशकों ने इस महीने 6,000 करोड़ शेयर बाजार से निकाले

### एफपीआई का रुख अमेरिकी मुद्रास्फीति के रुझान और फेडरल रिजर्व के मौद्रिक नजरिये पर निर्भर करेगा



नई दिल्ली, एजेंसी। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने में अब तक भारतीय शेयर बाजारों से लगभग 6,000 करोड़ रुपए निकाले है। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए की कीमत में आ रही गिरावट से इस निकासी को बल मिला। इसके साथ ही एफपीआई ने वर्ष 2022 के वित्तीय वर्ष में अब तक कुल 1.75 लाख करोड़ रुपए की निकासी कर ली है। बाजार के जानकारों ने कहा कि आने वाले समय में भी एफपीआई की गतिविधियों के उतार-चढ़ाव से भरपूर रहने की ही स्थिति दिख रही है। उन्होंने कहा कि भू-राजनीतिक जोखिम बने रहने, मुद्रास्फीति के ऊंचे स्तर और बॉन्ड प्रतिफल में वृद्धि की उम्मीद से एफपीआई की निकासी का सिलसिला जारी रह सकता है। उन्होंने कहा कि एफपीआई के निकट अवधि में ज्यादा बिक्री करने की संभावना नहीं है लेकिन डॉलर में कमजोरी आने के बाद ही वे खरीदार की स्थिति में लौटेंगे। इस तरह एफपीआई का रुख अमेरिकी मुद्रास्फीति के रुझान और फेडरल रिजर्व के मौद्रिक नजरिये पर निर्भर करेगा।

डिपॉजिटरी आंकड़ों के मुताबिक एफपीआई ने अक्टूबर में अब तक 5,992 करोड़ रुपए की निकासी भारतीय बाजार से कर ली है। यह जरूर है कि पिछले कुछ दिनों में उनकी निकासी की मात्रा में थोड़ी गिरावट आई है। बाजार विश्लेषकों का मानना है कि एफपीआई की बिकवाली के बावजूद घरेलू संस्थागत निवेशकों और खुदरा निवेशकों के खरीदार बने रहने से शेयर बाजारों को मजबूती मिल रही है। अगर एफपीआई पहले बेचे गए शेयर को ही आज के समय में खरीदना चाहेंगे तो उन्हें उसकी बढ़ी हुई कीमत चुकानी होगी। यह अहसास नकारात्मक माहौल में भी एफपीआई की बिकवाली को रोकने का काम कर रहा है। सितंबर में एफपीआई ने भारतीय बाजारों से करीब 7,600 करोड़ रुपए की निकासी की थी। डॉलर के मुकाबले रुपए की कीमत गिरने और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के सख्त रुख से एफपीआई के बीच बिकवाली का जोर रहा था। इक्विटी बाजारों के अलावा विदेशी निवेशकों ने ऋण बाजार से भी अक्बूटर में 1,950 करोड़ रुपए की निकासी की है।

## टीम इंडिया को मिला आसान ग्रुप, कोई उलट-फेर न हो तो आसान साबित होगी सेमीफाइनल तक की यात्रा



नई दिल्ली, एजेंसी। टी20 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम को अपना पहला मैच पाकिस्तान के खिलाफ रविवार को खेलना है। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला मेलबोर्न क्रिकेट ग्राउंड में रविवार 23 अक्टूबर को खेला जाएगा। टीम इंडिया को पिछले वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ 10 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था, जिसका बदला लेने के लिए भारतीय स्क्वैड बेताब होगा। देखा जाए तो मौजूदा टी20 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम के लिए सेमीफाइनल तक पहुंचने में कोई कठिनाई नहीं होनी चाहिए, क्योंकि रोहित ब्रिगेड को आसान सा ग्रुप मिला है।

भारत को पाकिस्तान के अलावा साउथ अफ्रीका टीम से ही टक्कर मिलने की संभावना है। भारतीय टीम यदि इन दोनों को हरा देती है, तो उसका सफर आसान हो सकता है। भारतीय टीम के ग्रुप में नीदरलैंड, बांग्लादेश और जिम्बाब्वे जैसी टीमें हैं। नीदरलैंड और जिम्बाब्वे के खिलाफ तो भारत को जीत हासिल करने में कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। हां बांग्लादेश के खिलाफ जीत हासिल करने के लिए उसे मशक्कत करनी पड़ सकती है।

भारत को अबकी बार सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए 5 में से 4 मुकाबले जीतने होंगे। वैसे 3 मुकाबले जीतकर भी भारत सेमीफाइनल का टिकट कटा सकता है, लेकिन इसके लिए उसे दूसरी टीमों के नतीजों पर निर्भर रहना होगा। पिछले वर्ल्ड कप में भी भारत ने तीन मुकाबले जीते थे, लेकिन वह सेमीफाइनल में जगह नहीं बना सकी थी।

पिछले टी20 वर्ल्ड कप में भी भारतीय टीम को आसान ग्रुप मिला था। तब भारतीय टीम को पाकिस्तान, न्यूजीलैंड, अफगानिस्तान, स्कॉटलैंड और नामीबिया के साथ रखा गया था। ऐसे में उम्मीद थी कि भारत सेमीफाइनल तक पहुंचने में जरूर कामयाब होगा, लेकिन हुआ उल्टा। भारत को अपने शुरूआती दो मुकाबलों में क्रमशः पाकिस्तान एवं न्यूजीलैंड के खिलाफ हार झेलनी पड़ी थी। हालांकि भारत ने बाद में लगातार तीन मैच जीते जो सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए नाकाफी थे।

सुपर-12 स्टेज में दो ग्रुप बनाए गए हैं। ग्रुप-1 में इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, श्रीलंका, आयरलैंड और अफगानिस्तान हैं। यानी कि यह ग्रुप-1 ह्यडेथ ऑफ ग्रुपह्न है। वहीं ग्रुप-2 में भारत, पाकिस्तान, जिम्बाब्वे, नीदरलैंड, साउथ अफ्रीका और बांग्लादेश की टीमें शामिल हैं। सिडनी, होबार्ट, मेलबर्न, पर्थ, एडिलेड और ब्रिस्बेन सुपर12 स्टेज के मैचों की मेजबानी करेंगे। वहीं सेमीफाइनल मैच एडिलेड ओवल और सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाएगा।

फाइनल मुकाबले की बात करें तो वह 13 नवंबर को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में होना है। भारतीय टीम इस वर्ल्डकप में सालों से चल रहे खिताबी सूखे को खत्म करने के इरादे से उतरने जा रही है। पाकिस्तान के खिलाफ 24 अक्टूबर को शुरूआती मुकाबला खेलने के बाद 27 अक्टूबर को नीदरलैंड से उसका मैच होगा। फिर रोहित ब्रिगेड 30 अक्टूबर को साउथ अफ्रीका और 2 नवंबर को बांग्लादेश से भिड़ेगी। टीम इंडिया सुपर-12 स्टेज का आखिरी मैच छह नवंबर को जिम्बाब्वे के खिलाफ खेलेगी।

## धोनी , विराट के बाद टी20 विश्वकप में भारतीय टीम की कप्तानी करने वाले तीसरे खिलाड़ी बने रोहित




मेलबर्न, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने टी20 विश्वकप क्रिकेट टूनार्मेंट में पाकिस्तान के खिलाफ पहले मुकाबले में मैदान में उरतने के साथ ही एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है। रोहित टी20 विश्व कप में टीम की कप्तानी करने वाले तीसरे खिलाड़ी हैं। टी20 विश्वकप का यह आठवां सत्र है। इससे पहले के सात संस्करणों में महेन्द्र सिंह धोनी और विराट कोहली ने ही कप्तानी की थी। अब रोहित कप्तानी करने वाले तीसरे खिलाड़ी हैं। रोहित ने साल 2021 में पूर्ण रूप से कप्तानी की जिम्मेदारी संभाली थी और उनकी कप्तानी में भारतीय टीम इंडिया पहली बार किसी आईसीसी टूनार्मेंट में भाग ले रही है। इससे पहले हाल में भारत ने रोहित की कप्तानी में ही एशिया कप में भाग लिया था पर वहां उसे हार का सामना करना पड़ा था। अब पाक के खिलाफ टी20 विश्व कप में बतौर कप्तान डेब्यू कर रोहित भी धोनी और कोहली के विशिष्ट क्लब में शामिल हो गए हैं।

धोनी ने अपने करियर में छह सत्र में भारत की कप्तानी की है जिसमें से टीम इंडिया एक बार चैंपियन बनी है जबकि 2014 और 2016 में भारतीय टीम सेमीफाइनल में पहुंची थी। दूसरी ओर विराट ने साल 2021 में टी20 विश्व कप में भारतीय टीम की कप्तानी की थी। विराट की कप्तानी में टीम लीग स्तर से भी आगे नहीं बढ़ पायी थी।

**संक्षिप्त समाचार**

### राष्ट्रगान के दौरान भावुक हुए रोहित की तस्वीर सोशल मीडिया पर छायी

मेलबर्न, एजेंसी। पहली बार किसी आईसीसी विश्व कप टूनार्मेंट में भारतीय क्रिकेट टीम की कप्तानी कर रहे रोहित शर्मा पाकिस्तान के खिलाफ यहां शुरू हुए मैच से पहले राष्ट्रगान के दौरान भावुक हो गये। मैच से पहले दोनों टीमें जब राष्ट्रगान गा रही थीं, तब मेलबर्न का मैदान दर्शकों से खचाखच भरा था। टीम इंडिया के सभी खिलाड़ी राष्ट्रगान गा रहे थे, जैसे ही यह समाप्त होने वाला था रोहित भावुक होने के बाद अपने को संभालते हुए दिखे। रोहित का एक वीडियो और उनकी एक तस्वीर सोशल मीडिया पर तत्काल छा गई जिससे प्रशंसक भी भावुक हो उठे। रोहित ने इससे पहले साल 2007 में भी टी-20 विश्व कप खेला था और पाक के खिलाफ वह फाइनल में भी खेले थे। अब 15 साल के बाद रोहित भारतीय टीम की कप्तानी कर रहे हैं।

### अर्शदीप ने पहली ही गेंद पर पाक कप्तान को आउट कर हासिल की अहम उपलब्धि

मेलबर्न, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम के युवा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम को गोल्डन डक (पहली ही गेंद पर आउट कर) एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है। इसके बाद अर्शदीप ने विश्व के नंबर-1 टी20 बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान को भी पेवेलियन भेज दिया। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह की पहली ही गेंद पर आजम एलबीडब्ल्यू हुए। वहीं दूसरे ओवर में अर्शदीप ने रिजवान को भुवनेश्वर के हाथों कैच कराकर पाक को एक और करारा झटका दिया। अर्शदीप ने अब तक केवल 13 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले ही खेले हैं। इसमें उन्होंने 20 की औसत से 19 विकेट लिए हैं जबकि 12 रन देकर 3 विकेट उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। उनका इकोनॉमी रेट 8.14 रहा है। उन्होंने टी20 के 64 मैच में 75 विकेट लिए हैं। जिसमें 32 रन देकर 5 विकेट उनका अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

### अंतिम ओवरों के लिए बेहतर गेंदबाज साबित हुए हैं कुरेन : बटलर

पर्थ, एजेंसी। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के कप्तान जोस बटलर के अनुसार ऑलराउंडर सैम कुरेन डेथ ओवरों में एक अच्छे गेंदबाज साबित हुए हैं। बटलर ने कहा कि कुरेन दबाव के हालातों में गेंदबाजी की अतिरिक्त जिम्मेदारी निभाने में सफल रहे हैं। इंग्लैंड को टी20 विश्व कप में अफगानिस्तान पर मिली पांच विकेट की जीत में भी कुरेन की अहम भूमिका रही थी। बटलर ने कहा,ह्यह्यकुरेन में अंतिम ओवर में गेंदबाजी करने का अच्छा जुनून है। वह अतिरिक्त जिम्मेदारी लेने में सफल रहे हैं। वह हमेशा चुनौतीपूर्ण हालातों में गेंदबाजी करना चाहते हैं।ह्नह्न इंग्लैंड ने अफगानिस्तान के खिलाफ अपने पहले मुकाबले में जीत से शुरुआत की है। उन्होंने कहा, ह्यह्यटूनार्मेंट से पहले थोड़ा तनाव था। हम काफी क्रिकेट खेल रहे हैं। जीत दर्ज करना अच्छा है। मैच में क्षेत्ररक्षण की भी अहम भूमिका रही। हमारी टीम का प्रयास अच्छा था।ह्नह्न वहीं कुरेन ने कहा, ह्यह्यमैं मैच के दौरान बेहतर प्रदर्शन का प्रयास कर रहा था। इस समय अपने क्रिकेट का पूरा आनंद उठा रहा हूं।

### तुर्की के पहलवान दुमान को हराया

पोंटेवेदरा, एजेंसी। भारत के फ्रीस्टाइल पहलवान अमन ने स्पेन में जारी अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है। अमन ने यह पदक 57 किलोग्राम भार वर्ग में हासिल किया है। अमन यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले भारतीय पहलवान हैं। अमन ने तुर्की के अहमत दुमान को हराकर अंडर-23 विश्व चैम्पियनशिप का 57 किग्रा वर्ग का खिताब हासिल किया। अमन ने अपने सारे अंक दूसरे पीरियड में हासिल किये जबकि तुर्की के पहलवान ने प्रत्येक पीरियड में अंक बटोरे। यह अमन का इस सत्र का चौथा पदक है।

## किसी एक खिलाड़ी को हीरो बनाना बंद करें : गंभीर



नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर ने कहा है कि टीम में किसी एक खिलाड़ी को हीरो बनाकर केवल उसी की तारीफ नहीं करनी चाहिये बल्कि पूरी टीम का समर्थन करना चाहिये। गंभीर के अनुसार क्रिकेट एक टीम गेम हैं, इसमें सभी के प्रयास से सफलता मिलती है, इसलिए किसी भी एक खिलाड़ी का महिमामंडन कर उसकी पूजा करने की आदत छोड़ देनी चाहिये। माना जा रही है कि अपने इस बयान से गंभीर ने पूर्व कप्तान विराट कोहली और वर्तमान कप्तान रोहित शर्मा पर निशाना साधा है।

गंभीर ने कहा कि किसी एक खिलाड़ी का समर्थन करने की जगह पर प्रशंसकों को तभी की तारीफ करनी चाहिये। गंभीर के अनुसार स्टार बने इन खिलाड़ियों को मीडिया ने ही एक ब्रांड में बदल दिया है। इस दौरान गंभीर ने कहा कि युवा बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने पिछले कुछ समय में शानदार प्रदर्शन किया है पर इसके बाद भी मीडिया में हें विराट और रोहित की ही चर्चा होती है। इसका कारण यह है कि सूर्या के फॉलोअर्स इन दो खिलाड़ियों से कम हैं।

उन्होंने साथ ही कहा, ह्यहमें खिलाड़ियों को हीरो बनाकर उनकी पूजा करना बंद करना चाहिए। मीडिया ने इन खिलाड़ियों को ब्रांड में बदल दिया है जबकि हमें प्रदर्शन क आधार पर बात करनी चाहिये। उस लिहाज से देखा जाये तो सूर्यकुमार और हार्दिक पंड्या कहीं बेहतर हैं।



ऑकलैंड में महिला विश्वकप फुटबॉल के लिए आधिकारिक रुप से शुभांकर पेंगुइन पेश की गयीं।

## पाक में आगे नहीं बढ़ पाया, मौका देने के लिए द. अफ्रीका का शुक्रगुजार : इमरान ताहिर

जोहान्सबर्ग, एजेंसी। दक्षिण अफ्रीका के वरिष्ठ स्पिनर इमरान ताहिर ने कहा कि विभिन्न स्तरों पर लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व करने का उनका सपना अधूरा रह गया। लाहौर में जन्मे 43 वर्षीय गेंदबाज ने कहा कि पाकिस्तान के लिए खेलने के लिए नहीं चुने जाने के बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और आगे बढ़ते रहे। इमरान ताहिर ने पाकिस्तान जूनियर लीग (पीजेएल ) के चल रहे संस्करण में बहावलपुर रॉयल्स के मेंटर के रूप में एक व्याख्यान के दौरान अपनी कहानी सुनाई। उन्होंने कहा मैंने अपने जीवन में कभी हिम्मत नहीं हारी है। मैंने दुकानों पर पैकिंग का काम किया, यह सोचकर कोई मुझे गेंदबाजी करने के लिए नहीं बुलाएगा। परीक्षण के दौरान मुझसे पूछा गया कि मुझे किसने भेजा है।

उन्होंने कहा मैंने पाकिस्तान में हर स्तर पर सफलतापूर्वक खेला है, लेकिन देश का प्रतिनिधित्व करने का सपना पूरा नहीं हुआ। उन्होंने प्रदर्शन का मंच देने के लिए दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट को धन्यवाद दिया। इमरान ताहिर ने 2011 में टेस्ट और वनडे क्रिकेट में पदार्पण किया, जिसके बाद उन्होंने 2013 में टी20 अंतर्राष्ट्रीय में खेला था। इमरान ताहिर ने कहा मुझे मौका देने के लिए मैं दक्षिण अफ्रीका का शुक्रगुजार हूं। मुझे मौका मिल रहा था और जब यह मुझे दिया गया तो मुझे इसका फायदा मिला।

उन्होंने कहा मैं क्रिकेटरों को सलाह दूंगा कि वे कभी भी हिम्मत न हारें और अवसरों की तलाश करें। मैं दुनिया के लिए एक मिसाल हूं और पिछले 22 सालों से क्रिकेट खेल रहा हूं। इमरान ताहिर लाहौर में पले-बढ़े। वह पाकिस्तान के लिए खेलना चाहते थे। उन्हें राष्ट्रीय अंडर-19 और ए टीमों के लिए चुना गया था। उन्होंने अपना ज्यादातर क्रिकेट पाकिस्तान में खेला, लेकिन यहां मौका नहीं मिला, जिसकी वजह से वह निराश हो गए थे। इसके बाद वह 2006 में दक्षिण अफ्रीका चले गए, जहां गुणवत्ता वाले स्पिनरों की कमी ने उन्हें लेग स्पिनर के रूप में बड़ा नाम बनाने में मदद की।

इमरान ताहिर इंग्लैंड और वेल्स में 2019 के वनडे विश्व कप के बाद से दक्षिण अफ्रीका के लिए नहीं खेले हैं। तब से वह एक वैश्विक खिलाड़ी हो गए हैं और दुनिया भर के विभिन्न घरेलू लीगों में खेल रहे हैं।

## कोरोना पॉजिटिव होने के बाद भी श्रीलंका के खिलाफ मैच में उतरे आयरलैंड के डॉकरेल



होबार्ट, एजेंसी। टी20 विश्वकप क्रिकेट टूनार्मेंट में रविवार को आयरलैंड के अलराउंडर जार्ज डॉकरेल कोरोना पॉजिटिव होने के बाद भी श्रीलंका के खिलाफ खेलने उतरे। टी20 विश्व में यह पहली बार है जब कोई खिलाड़ी कोरोना पॉजिटिव होने क के बाद भी मैदान में उतरा है।क्रिकेट आयरलैंड ने भी माना कि डॉकरेल संक्रमित पाये गये थे पर कहा कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और चिकित्सा अधिकारियों के दिशानिदेर्शों के अनुसार ही उन्हें रखा जा रहा है। आईसीसी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी, प्रतिद्वंद्वी टीम और स्टेडियम स्टाफ को भी उनके बारे में जानकारी दी गयी थी।

वहीं नये नियमों के अनुसार पॉजिटिव आने के बाद भी किसी खिलाड़ी को अपने साथियों के साथ ट्रेनिंग करने से नहीं रोका जा सकेगा हालांकि पॉजिटिव पाये गये खिलाड़ी को अलग से यात्रा करनी पड़ती है। वहीं टूनार्मेंट की एक रिपोर्ट के अनुसार, ह्यह्यडॉकरेल में हल्के लक्षण हैं। इस दौरान टीम के मेडिकल स्टाफ ने टूनार्मेंट और सरकार के प्रोटोकॉल के अनुसार ही काम किया है ह्नह्न आयरलैंड को इस मैच में हार का सामना करना पड़ा था।

## श्रीलंकाई टीम से जुड़ने डिकवेला , फर्नांडो और पाथिराना ऑस्ट्रेलिया रवाना होंगे

होबार्ट, एजेंसी। श्रीलंकाई क्रिकेट टीम ने टी20 विश्व कप में अपने खिलाड़ियों के चोटिल होने के कारण कवर अप के तौर पर तीन खिलाड़ियों को बुलाया है। ये तीन खिलाड़ी हैं विकेटकीपर बल्लेबाज निरोशन डिकवेला तेज गेंदबाज असिता फर्नांडो और माथिशा पाथिराना। ये तीनो ही इस सप्ताह हाई परफोरमेंस प्रमुख टिम मैककासकिल के साथ ऑस्ट्रेलिया रवाना होंगे ह्न टी20 विश्व कप के क्वालीफाइंग दौर के दौरान पांच खिलाड़ियों के चोटग्रस्त होने के कारण ही श्रीलंकाई टीम प्रबंधन ने इन रिजर्व खिलाड़ियों को शामिल किया है। श्रीलंकाई टीम अपने खिलाड़ियों की चोटों से परेशान है। इसी कारण उसने अपने मुख्य बल्लेबाज



पाथुम निसांका की जगह एशेन बंडारा को शामिल किया है। निसांका ग्रोइन इंजरी से पीड़ित हुए हैं जबकि तीन क्रिकेटर दिलशान मदुशंका, दुष्मंता चामीरा और दानिश्का गुणतिलके चोटिल होने के कारण क्वालीफाइंग दौर से ही बाहर हो गये थे हालांकि प्रमोद मदुशान और निसांका हल्की चोट के बाद भी टीम में बने हुए थे।

## टी20 विश्व कप : श्रीलंका ने सुपर-12 के पहले मैच में आयरलैंड को 9 विकेट से हराया, प्लेयर ऑफ द मैच : कुशल मेंडिस

होबार्ट, एजेंसी। श्रीलंका ने टी20 विश्वकप क्रिकेट टूनार्मेंट के पहले सुपर-12 मुकाबले में आयरलैंड को नौ विकेट से हरा दिया। इस मैच में श्रीलंकाई गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए आयरलैंड टीम को आठ विकेट पर 128 रनों पर रोकने के बाद जीत के लिए मिले 129 रनों के लक्ष्य को एक विकेट के नुकसान पर ही 133 रन बनाकर हासिल कर लिया। श्रीलंका की ओर से कुशल मेंडिस ने शानदार अर्धशतक लगाया।

आयरलैंड से मिले 129 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंकाई टीम की ओर से सलामी बल्लेबाज कुसल मेंडिस और धनंजय डी सिल्वा ने अच्छी शुरूआत की। टीम का एकमात्र विकेट 63 रनों पर गिरा। आउट होने वाले बल्लेबाज डी सिल्वा 31 रन बनाकर डेलानी का शिकार हुए। इसके बाद चरित असलंका और कुशल ने पारी को संभाला और बिना किसी ओर नुकसान के लक्ष्य तक पहुंचाया। मेंडिस ने 5 चौके और 3 छक्के लगाकर 68 रन बनाये। वहीं असलंका ने 22 गेंदों पर 2 छक्कों की सहायता से 31 रनों की पारी खेली।

इससे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए आयरलैंड की ओर से हैरी टेक्टर ने सबसे ज्यादा 45 रन बनाये। वहीं पॉल स्टरलिंग ने 34 रनों की पारी खेली। इन दोनो के अलावा कोई भी अन्य बल्लेबाज अधिक रन नहीं बना पाया। दूसरी ओर श्रीलंका की कोर से महीश तीक्षणा और वानिंदु हसारंगा ने 19 और 25 रन देकर दो-दो विकेट लिए जबकि लाहिरू कुमारा, धनंजय डि सिल्वा, चामिका करूणारत्ने, बिनुरा फर्नांडो को एक एक विकेट मिला।

पहले बल्लेबाजी करते हुए आयरलैंड के कप्तान एंडी बालबर्नी शुरूआत में ही आउट हो गये। वह लाहिरू कुमारा को शिकार बने। कप्तान के बाद लोकरान टकर भी 10 रन बनाकर पेवेलियन लौटे। इसके बाद स्टरलिंग ने तेजी से खेलना शुरू किया और स्कोर आगे बढ़ाया। कर्टिस कैम्फर केवल चार गेंद ही खेल पाये। इस प्रकार आयरलैंड ने 60 रनों के अंदर चार विकेट गंवा दिये। टेक्टर और जॉर्ज डॉकरेल ने पांचवें विकेट के लिये 41 गेंद में 47 रन बनाकर पारी को संभालने का प्रयास किया और उसे स्कोर 100 रन के ऊपर पहुंचाया।

## कप्तान रोहित शर्मा भी सूर्यकुमार और मोहम्मद नवाज को विश्व कप में एक्स फैक्टर मानते हैं

नई दिल्ली, एजेंसी। सूर्यकुमार यादव से टी20 विश्व कप में भारत को काफी उम्मीदें हैं। टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा भी सूर्यकुमार और मोहम्मद नवाज को विश्व कप में एक्स फैक्टर मानते हैं। टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू के बाद से सूर्यकुमार यादव ने अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्हें भारत का 360 डिग्री वाला प्लेयर कहा जाता है। महाराष्ट्र में जन्मे सूर्यकुमार यादव ने 34 टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 176 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 1045 रन बनाए हैं। 32 साल के सूर्यकुमार ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू टी20 सीरीज के 3 मैचों में 185 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 115 रन ठोके थे। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने अपनी यही बेहतरीन फॉर्म दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भी दिखाई थी। उन्होंने 3 मैचों में 195 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से कुल 119 रन जुटाए थे। कप्तान रोहित शर्मा भी सूर्यकुमार को विश्व कप में एक्स फैक्टर मानते हैं।

सिंगापुर में जन्मे टिम डेविड ऑस्ट्रेलियाई टीम में फिनिशर की भूमिका में होंगे। डेविड को दुनिया के कई टी20 लीग में खेलने का अनुभव है। टिम डेविड लंबे लंबे छक्के लगाने में माहिर हैं। या यूं कहें की टी20 क्रिकेट इस खिलाड़ी को सूट करता है। 26 साल के डेविड ने ओवरऑल 135 टी20 मैचों में 163 से ज्यादाक के स्ट्राइक रेट से 2881 रन बनाए हैं। डेविड के नाम 174 छक्के दर्ज हैं। डेविड ने ऑस्ट्रेलिया के लिए हाल में टी20 में डेब्यू किया। उन्होंने 8 मैचों में 165 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 156 रन बनाए। पावर हिटर यह बल्लेबाज आईसीसी के मेगा इवेंट में ऑस्ट्रेलिया के एक्स फैक्टर साबित हो सकता है।

इंग्लैंड के लियाम लिविंगस्टोन टी20 क्रिकेट के सबसे खतरनाक बल्लेबाजों में से एक हैं। वह पावर हिटिंग के लिए जाने जाते हैं। लंबे लंबे छक्के लगाना कोई लिविंगस्टोन से सीखे। लिविंगस्टोन इंग्लैंड के खिलाफ गेम चेंजर खिलाड़ी साबित हो सकते हैं। लिविंगस्टोन ने आईपीएल में इस साल 14 मैचों में 437 रन ठोके थे। पंजाब किंग्स के इस बल्लेबाज का स्ट्राइक रेट 182 से ज्यादा का था। 29 साल के लिविंगस्टोन ने 23 टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 152 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 368 रन बनाए हैं। लिविंगस्टोन ने इस दौरान गेंदबाजी में भी 12 विकेट चटकाए हैं।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ी रिली रोसो टी20 क्रिकेट के बेहतरीन खिलाड़ी हैं। 33 साल के रोसो एक मैच विनर खिलाड़ी हैं जो किसी भी दिन बल्ले से तूफानी पारी खेलकर टीम को जीत दिलाने की काबिलियत रखते हैं। उन्होंने विश्व में कई टी20 लीग में अपने दम पर कई मैच जिताए हैं। रोसो के नाम ओवरऑल 264 टी20 मैचों में कुल 6733 रन दर्ज हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 142.98 का रहा है। बाएं हाथ के बल्लेबाज रोसो ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के बाद पिछले 6 टी20 मैचों में 180 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 231 रन बटोरे हैं। रोसो ने हाल में भारत में मेजबान टीम के खिलाफ शानदार शतक लगाया था।

न्यूजीलैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन की गेंदबाजी से हम सभी वाकिफ हैं। लगातार 150 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से गेंदबाजी करने वाला यह तूफानी गेंदबाज किसी भी बैटिंग लाइन अप को ध्वस्त करने का माद्दा रखता है। टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में फर्ग्यूसन ने 21 मैचों में 32 विकेट निकाले हैं। मिडिल ओवर में यह गेंदबाज और भी खतरनाक हो जाता है। ऑस्ट्रेलिया के विकेट इस गेंदबाज को रास आएगी।

पाकिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाड़ी मोहम्मद नवाज क्रिकेट के छोटे फॉर्मेट में लगातार अपनी उपयोगिता साबित कर रहे हैं। नवाज ने 48 टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 44 विकेट ले चुके हैं। 228 साल का यह खिलाड़ी बल्ले से भी ताबड़तोड़ रन बनाने की क्षमता रखता है। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 136 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। न्यूजीलैंड में संपन्न टी20 ट्राई सीरीज में नवाज गेम चेंजर साबित हुए थे। उन्होंने मिडिल ऑर्डर में उतरकर पांच मैचों में 107 रन बनाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 159 से ज्यादा का रहा। बॉलिंग ऑलराउंडर नवाज गेंदबाजी में भी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने 6 मैचों में पांच विकेट भी चटकाए। नवाज इस समय शानदार फॉर्म में हैं और वह टी20 विश्व कप में पाकिस्तान टीम के लिए एक्स फैक्टर साबित हो सकते हैं।

बांग्लादेश के युवा क्रिकेटर मेहदी हसन मिराज टेस्ट क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन करते रहे हैं। 24 साल के मिराज ने बांग्लादेश के लिए 35 टेस्ट मैचों में 135 विकेट चटकाए हैं। मिराज बतौर ऑलराउंडर बांग्लादेश की टीम में शामिल हैं। उन्होंने क्रिकेट के छोटे फॉर्मेट में भी प्रभावित किया है, खासकर बल्ले से। एशिया कप में मेहदी को पारी की शुरूआत करते हुए देखा गया था। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ 26 गेंदों पर 38 रन की पारी खेली थी। यूएई के खिलाफ दो मैचों की टी20 सीरीज में मेहदी ने 113 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 58 रन बनाए थे। मेहदी गेंदबाजी में हमेशा छाए रहे। उन्होंने इस साल पांच टी20 मैच खेले हैं जिसमें चार विकेट चटकाए। विश्व कप में मेहदी की ऑफ स्पिन गेंदबाजी भी देखने लायक होगी। मेहदी हसन अपनी टीम में संतुलन देते हैं और वह एक्स फैक्टर साबित हो सकते हैं।

अफगानिस्तान के विकेटकीपर रहमनुल्लाह गुरबाज विस्फोटक बल्लेबाजों में से एक हैं। गुरबाज किसी भी बॉलिंग अटैक के सामने अपनी टीम को धमाकेदार शुरूआत दिलाने के लिए जाने जाते हैं। 20 वर्षीय रहमनुल्लाह गुरबाज ने 32 टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 138 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से कुल 828 रन बनाए हैं। गुरबाज एशिया कप में देर से लय में लौटे। उन्होंने 5 मैचों में कुल 152 रन बनाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 163 से ज्यादा का रहा। कैरेबियन प्रीमियर लीग-2022 में गुरबाज ने 6 मैचों में 140 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से रन बनाए।

# सेहत के लिए फायदेमंद गाजर



सर्दियों का मौसम आते ही बाजारों में गाजर मिलना शुरू हो जाती है। गाजर का कई तरह से सेवन किया जाता है। कभी यह मीठे में पसंद किया जाता है तो कभी सलाद के रूप में इसका इस्तेमाल किया जाता है। खाने का चाहे कोई भी तरीका क्यों न हो, लेकिन गाजर सेहत के लिए बहुत लाभकारी होती है। इसके चमत्कारी फायदे कई तरह की बीमारियों से निजात दिलाने के लिए जाने जाते हैं। गाजर सेहत के लिए वरदान से कम नहीं है, क्योंकि इसमें प्रचुर मात्रा में पोषक तत्व होते हैं, जो हमारी सेहत के लिए बहुत आवश्यक हैं। तो आइए जानते हैं गाजर से होने वाले स्वास्थ्य लाभ के बारे में।

**आंखों के लिए जरूरी गाजर :** गाजर में भरपूर मात्रा में विटामिन A पाया जाता है, जो हमारी आंखों के लिए बहुत आवश्यक है। नियमित गाजर के सेवन से आंखों से संबंधित परेशानियों को कम किया जा सकता है।

**त्वचा को बनाए खूबसूरत :** अगर आप भी अपनी त्वचा बेदाग पाना चाहती हैं, तो गाजर का सेवन आपकी इस चाहत को पूरा करने में काफी हद तक मदद करेगा। गाजर के सेवन से त्वचा में निखार आता है, साथ ही पेट भी साफ रहता है।

**खून की कमी को करे दूर :** अगर किसी व्यक्ति को खून की कमी है तो उसे गाजर के सेवन के लिए कहा जाता है जिससे कि इस समस्या से निजात मिल सके। गाजर के सेवन से खून की कमी दूर होती है, साथ ही यह शरीर में स्फूर्ति भी बनाए रखती है।

**कई रोगों की एक दवा गाजर :** यह कई रोगों का रामबाण इलाज है। माना जाता है कि इसके सेवन से गठिया, पीलिया व इंडाइजेशन से छुटकारा पाया जा सकता है। गाजर के सेवन से हड्डियां मजबूत होती हैं। गाजर खाने से पेट में गड़बड़ी और गैस की शिकायत भी दूर होती है, साथ ही यह पेट की सफाई करने का काम भी करती है।

# शरीर को गर्माहट देंगी ये चीजें...



स्वस्थ रहने के लिए शरीर में गर्माहट बनाए रखना बेहद जरूरी है। इन 5 चीजों का सेवन आपके शरीर को गर्माहट देगा और सर्दी जुकाम के साथ-साथ ठंड की अन्य बीमारियों से बचाएगा। जानें कौन सी हैं यह 5 चीजें...

**गुड़ :** सर्दी में जुकाम और खांसी होने पर गुड़ का काढ़ा पिलाया जाता है, क्योंकि यह शरीर को गर्माहट देता है। रोजाना गुड़ का सेवन करते रहने पर आपको सर्दी के दुष्परिणाम नहीं झेलने पड़ेंगे।

**अंडा :** अंडा खाने वालों के लिए यह ठंड से निपटने का बेहरीन विकल्प है। यह आपके शरीर को ठंड से बचाएगा, गर्माहट और पोषण भी देगा। आप इसे किसी भी रूप में इसका सेवन कर सकते हैं।

**हल्दी :** सर्दी से बचने के लिए यह भी औषधी के रूप में प्रयोग क ी जाती है। आप हल्दी का प्रयोग ज्यादा से ज्यादा कीजिए और शरीर में गर्माहट बनाए रखिए। यह एंटीबायोटिक का काम भी करेगी।

**लहसुन :** लहसुन एक बेहतरीन एंटीबायोटिक होने के साथ-साथ सर्दी-जुकाम में प्रयुक्त होने वाली औषधी भी है। ठंड के दिनों में लहसुन की चटनी, सब्जी बनाई जा सकती है। इसके अलावा आप इसे रोटी के साथ कच्चा या फ्राय करके भी खा सकते हैं।

**मेथी :** मेथी दाने से बनाए जाने वाले लड्डुओं का सेवन खास तौर पर ठंड में किया जाता है। यह शरीर में गर्माहट बनाए रखने में मददगार है। मेथी की हरी सब्जी का भी ज्यादा से ज्यादा सेवन करना इन दिनों में फायदेमंद होगा।

**सूखे मेवे :** सूखे मेवों का सेवन करना भीठंड से बचाव के लिए बेहद मददगार साबित होगा। अगर इन्हें गुड़ और घी के साथ मिक्स करके लड्डू बनाकर सेवन करेंगे तो यह और भी सेहतमंद हो जाएंगे।

**शहद :** शहद का सेवन करना यूं तो लाभदायक होता ही है, ठंड के दिनों में यह विशेष रूप से लाभदायक होगा। गर्म पानी के साथ इसका सेवन वजन कम करने में भी मददगार है और फुर्ती लाने में भी।

# चमकदार स्किन के लिए नींबू

नींबू हमारी सेहत के साथ-साथ स्किन का भी ध्यान रखता हैं, इसलिए हर रोज इसका यूज करना चाहिए। वैसे तो नींबू किसी में मौसम में मिल जाता है लेकिन गर्मियों में इसका यूज अधिक किया जाता है। कुछ लोग नींबू पानी पीकर अपनी गर्मी को दूर भगाने का प्रयास करते है तो कुछ नींबू के रस से घर की सफाई आदि करते है। वहीं नींबू के कुछ ब्यूटी लाभ भी होते है। चलिए जानते हैं नींबू के स्किन लाभ के बारे में.



- क्या आपके दांत पीले हैं तो आप नींबू के छिलके को दांतों पर रगडिए। इससे दांतों का पीलापन दूर होता है।
- आलू के रस में नींबू का रस मिलकार कोहनी और गर्दन पर लगाएं इससे स्किन पर निखार आएगा।
- अगर आप बेसन में नींबू का रस मिलाकर लगाएंगे तो दाग-धब्बे दूर होगे। साथ ही चेहरे की चमक बढ़ेगी।
- अगर आप दही में नींबू का रस मिलाकर लगाने से रूखे बाल भी शाइन हो जाएंगे।

# अपने कलेक्शन में जरूर शामिल करें ये जैकेट्स



**डेनिम जैकेट्स**

सिंपल, स्टाइलिश और रफ एंड टफ लुक के लिए डेनिम जैकेट से अच्छा क्या ऑप्शन हो सकता है। डेनिम में ब्लू, ब्लैक और ऑफ व्हाइट शेड्स आप ट्राइ कर सकते हैं। लड़कियां डेनिम जैकेट्स के साथ चेरी, ब्राउन, पिंक, ग्रीन आदि रंगों का काम्बिनेशन ट्राई कर सकती हैं।

**कॉट्रॉय जैकेट**

सेमी फॉर्मल और कैजुअल लुक के लिए कॉटरॉय जैकेट्स भी बेहतरीन ऑप्शन हैं। इनमें ऑफ व्हाइट, ब्राउन, चेरी, ब्लैक आदि कलर काफी चलन में हैं। आप इन्हें फॉर्मल ट्राउजर के साथ पहनकर सेमी फॉर्मल लुक दे सकते हैं जबकि जीन्स के साथ यह पूरी तरह से कैजुअल लगती हैं।

**लेदर जैकेट्स**

सालों से लेदर जैकेट्स चलन में है और कभी आउटडेट नहीं होती हैं। हालांकि पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं में इनका चलन आजकल अधिक है। लेदर जैकेट्स दिखने में जितनी डीसेंट हैं, बूट्स के साथ इनका कॉम्बिनेशन उतना ही स्टाइलिश है। प्योर लेदर जैकेट और जीन्स का कॉम्बिनेशन परफेक्ट कैजुअल लुक है।

**शेल जैकेट**

शेल जैकेट सर्दियों के लिए परफेक्ट जैकेट है। यह आपको स्पोर्टी लुक देगी। ब्लू डेनिम जीन्स के साथ इसका काम्बिनेशन बेहद स्मार्ट है। आप ट्रैवलिंग के दौरान बेझिझक होकर इसे ट्राई कर सकते हैं।

# कच्चा पनीर खाने से खत्म होते हैं ये रोग



पनीर एक ऐसी चीज है, जिसे नमकीन और मीठे दोनों रूप में खाया जा सकता है। स्नेक्स लेकर डेजर्ट और डिनर की सब्जी बनाने में भी पनीर का भरपूर इस्तेमाल किया जाता है। पनीर की सब्जी को हर उम्र के लोग बहुत चाव से खाते हैं क्योंकि पनीर ना सिर्फ खाने में स्वादिष्ट होती है बल्कि इसका सेवन हमारे शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होता है।

**पनीर खाने के फायदे**

- पनीर प्रोटीन का एक बहुत अच्छा स्रोत होता है, जो पुरुष अपने शरीर को ताकतवर और मजबूत बनाना चाहते हैं उनके लिए पनीर का सेवन बहुत ही फायदेमंद होता है क्योंकि पनीर के सेवन से मांसपेशियों के निर्माण में तेजी आती है। बहुत से बड़े पहलवान भी सुबह में कच्चा पनीर खाते है।
- पनीर का सेवन बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में बहुत ही सहायक होता है। इसलिए, सप्ताह में एक बार बच्चों को पनीर का सेवन जरूर करना चाहिए।
- पनीर कैल्शियम का भी एक बहुत अच्छा स्रोत होता है, जो हड्डियों और दांतों की मजबूती प्रदान करता है। अगर आप लंबे समय तक स्वस्थ रहना चाहते है तो पनीर का सेवन जरूर करें।

# दीवाली पर घर पर ही झटपट बनाएं यह टेस्टी मिठाइयां, जानें इसकी रेसिपी

दीवाली का मौका हो और मिठाई की बात न हो, ऐसा तो हो ही नहीं सकता। आमतौर पर दीवाली नजदीक आते ही आपको बाजार में तरह-तरह की मिठाइयां देखने को मिलती हैं। साथ ही लोग एक-दूसरे को दीवाली की बधाई देने के लिए उनका मुंह भी मीठा करवाते हैं और मिठाई के डिब्बे को उपहारस्वरूप ही दिया जाता है। चूंकि दीवाली के अवसर पर मिठाई की डिमांड काफी अधिक बढ़ जाती है, इसलिए मार्केट में मिलावटी मिठाइयां मिलने की संभावना काफी अधिक रहती है, जो वास्तव में आपके लिए ठीक नहीं है। तो चलिए अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आज हम आपको दीवाली के खास अवसर पर कुछ टेस्टी मिठाइयां बनाने की विधि के बारे में बता रहे है, जिन्हें बनाना बेहद आसान है और इन्हें बनाने में आपको न तो गैस की जरूरत होगी और ना ही बिल्कुल भी समय लगेगा-

**गुलकंद लड्डू**



गुलकंद लड्डू बनाने के लिए सबसे पहले एक बाउल में एक चौथाई कप कंडेस्ड मिल्क डालें और इसमें हरा फूड कलर डालकर मिक्स करें। अब इसमें नारियल का बुरादा डालकर मिक्स करें। अब आप अपनी हथेली को घी से हल्का सा ग्रीस करें और फिर तैयार मिश्रण में से थोड़ा सा भाग लेकर उसे हाथों की मदद से चपटा कर दें।

अब इसके बीच में थोड़ा सा गुलकंद डालें और फिर किनारों को बंद करें और एक गोलाकार दें। अब आखिरी में इसे सूखे नारियल के बुरादे से लपेंटे। बस आपके नारियल के लड्डू बनकर तैयार है। आप चाहें तो इसके ऊपर थोड़ा सा पिस्ता लगाकर सजाएं और अपने घर में आने वाले सभी मेहमानों को सर्व करें। है ना यह बेहद आसान रेसिपी।

# एमी को पसंद है सिमरजीत के साथ काम करना

पंजाबी सुपरस्टार एमी विर्क की आगामी फिल्म 'ओए मखना' प्रदर्शन के लिए तैयार हैं। इस फिल्म का ट्रेलर हाल ही में जारी किया गया है। अभिनेता-गायक ने कहा कि उन्हें फिल्म के निर्देशक सिमरजीत सिंह के साथ काम करना विशेष रूप से पसंद है। सिमरजीत सिंह के साथ उन्होंने पहले 'अंगरेज' और 'निक्का जेलदार' में काम किया है। फिल्म के निमार्ताओं ने एमी और गुग्गू गिल की शादी के जश्न की रंगीन पृष्ठभूमि के खिलाफ बहुत अलग अवतारों में इसका पोस्टर जारी किया है। सिमरजीत के साथ अपने समीकरण के बारे में बात करते हुए, एमी विर्क, जिनके नाम 'किस्मत' और 'किस्मत 2' जैसी सुपरहिट फिल्में हैं, ने कहा सिमरजीत और मैंने हमेशा साथ काम करने का आनंद लिया है और अब यूडली फिल्म्स के साथ, हमने एक बहुत ही खास फिल्म बनाई है जो सीधे हमारे दिल से निकलती है।







